* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

27 अगस्त, 2024
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 307

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


भाजपा-आजसू का विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ने का फैसला




झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

# वीर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो की बलिदानी भूमि संताल परगना की लाखों बहनों को

# खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

27 अगस्त, 2024 | पूर्वाह्न 11:30 बजे से
पंदन पहाड़ी मैदान, जामा, दुमका

**संताल परगना** (गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज और पाकुड़)
**की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है**

- 48 लाख से अधिक निबंधन
- अब तक 43 लाख से अधिक बहनों का आवेदन स्वीकृत
- 31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी एक हजार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)
- सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में पहुँचेगी सम्मान राशि

झारखण्ड मुख्यमंत्री
मंईयां
सम्मान योजना

## हर बहना को हर साल ₹12 हजार



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार
P.R. 333750 (Women, Child Development & Social Security) 24 - 25

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 67,800 रु./10 ग्राम
चांदी 86,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 27 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in



# दो महीने में झारखंड भाजपा को एक नयी दिशा दी है हिमंता बिस्वा सरमा ने

## ■ पार्टी का हर एक नेता और कार्यकर्ता उन्हें अपने दिल के करीब पा रहा है

**आजाद सिपाही विशेष**

**हिमंता जो बोलते हैं, वह करते हैं, और जो नहीं बोलते, वह तो डेफिनिटेली करते हैं। जब से भाजपा के फायर ब्रांड नेता हिमंता को झारखंड विधानसभा चुनाव का सह प्रभारी बनाया गया है, वह लगातार झारखंड भाजपा को नयी धार देने में लगे हुए हैं। झारखंड को जानने और पहचानने में लगे हुए हैं। हिमंता जनता से जुड़ना जानते हैं। उसके महत्व को वह पहचानते हैं। वह मात्र एक राजनीतिक शख्सियत के तौर पर जनता से नहीं जुड़ते, वह दिल से जनता से जुड़ते हैं। उन रिश्तों को आत्मसात करते हैं। वह कोशिश करते हैं कि वह जनता का दिल ही नहीं जीतें, वह उसका विश्वास भी जीतें। हिमंता और मुद्दा दोनों साथ-साथ चलते हैं। जमीनी मुद्दों की पहचान करने की ताकत, उनको अलग श्रेणी के नेताओं की कतार में लाकर खड़ा करता है। झारखंड में आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सियासी गतिविधियां उफान पर हैं। पिछले दो महीने से जिस एक शख्स ने राज्य में भाजपा की राजनीति को अलग धार दी है, उसका नाम है हिमंता बिस्वा सरमा। कहा जाता है कि राजनीति हमेशा अवधारणाओं पर निर्भर करती है और मानवीय संवेदनाओं का इसमें कोई स्थान नहीं होता, लेकिन असम के मुख्यमंत्री और झारखंड में भाजपा के चुनाव सह-प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने झारखंड को जितनी तेजी से आत्मसात किया है, वह अकल्पनीय है। जून के तीसरे सप्ताह में नयी जिम्मेदारी मिलने के बाद से भाजपा के इस फायरब्रांड नेता ने झारखंड में नयी छाप छोड़ी है। हिमंता की राजनीति इसलिए भी अनोखी है, क्योंकि उसमें आक्रामकता के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं और रिश्तों का रंग भी होता है। इसका एक उदाहरण उस समय मिला, जब हिमंता बिस्वा सरमा पाकुड़ के गायबथान पहुंच गये, जहां एक आदिवासी परिवार की जमीन पर वर्ग विशेष के लोगों ने कब्जा कर लिया था और उसके साथ मारपीट की थी। हिमंता बिस्वा सरमा उस गांव में पहुंच गये और उस परिवार की आर्थिक मदद भी करवा दी। वह बेंगाबाद भी पहुंच गये, जहां के एक हवलदार की एक शातिर अपराधी ने इलाज के क्रम में शेख भिखारी अस्पताल में हत्या कर दी थी। पिछले सप्ताह जब रांची में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने आक्रोश रैली का आयोजन किया, तो उसमें हिमंता बिस्वा सरमा की आक्रामक रणनीति का स्वरूप भी दिखा। वह जिस तरह पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में जोश भरते हैं, मुद्दे उठाते हैं और असम में अपनी सरकार के कामकाज को झारखंड के परिप्रेक्ष्य में तुलना करते हैं, तो ऐसा लगता है, मानो वह कोई मनपसंद खेल की बाजी चल रहे हैं। चाहे घुसपैठ का मुद्दा हो या राज्य की जनता की सुरक्षा का, आरक्षण का मुद्दा हो या बेरोजगारी का, हिमंता अपनी बात इतनी स्पष्टता से सामने रखते हैं कि सामने वाला स्तब्ध हो जाता है। यही कारण है कि पिछले चुनाव के बाद राजनीतिक रूप से शांत पड़ गयी झारखंड भाजपा आज नये जोश में दिखने लगी है। इनकी एक खासियत है। वह वन मैन शो की भूमिका में विश्वास नहीं करते हैं। यही कारण है कि वह प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पार्टी के सांसद और विधायकों के साथ घुल मिल गये हैं। वह आम कार्यकर्ता की तरह पेश आते हैं और किसी भी मुद्दे को बहुत ही बारीकी से समझने की कोशिश करते हैं। इसमें वह पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ आत्मीय संबंध बना कर उनका विश्वास जीतने की कोशिश करते हैं। हर कोई उनसे बात करने में अपने को सहज महसूस करता है। कौन हैं हिमंता बिस्वा सरमा और क्या है उनकी आक्रामक राजनीति की शैली, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह



तारीख थी 17 जून, 2024। लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित हुए महज 13 दिन हुए थे। मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल शुरू ही हुआ था। संसदीय चुनाव में अपेक्षित सफलता नहीं मिलने का मलाल भाजपा को था, लेकिन लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का जोश भी था। इसी जोश के तहत पार्टी ने उन राज्यों की तरफ ध्यान मोड़ा, जहां विधानसभा के चुनाव होने थे। इन राज्यों में झारखंड भी था। पार्टी ने शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश का चुनाव प्रभारी बनाया और उनकी मदद के लिए सह प्रभारी के रूप में अपने फायरब्रांड नेता हिमंता बिस्वा सरमा को जिम्मेदारी सौंपी। ये दोनों नेता अगले ही दिन रांची आये और काम में जुट गये।

महज दो महीने बाद 25 अगस्त को नामकुम के गांव में पीएम मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण सुनने के लिए भाजपा के प्रदेश महासचिव और राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने खिजरी विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए पीएम मन की बात को सुनने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया था। उसमें भाजपा के कई नेता एकत्र हुए थे, उनमें एक नाम हिमंता बिस्वा सरमा का भी था। उस कार्यक्रम में असम के मुख्यमंत्री खिजरी के एक गांव हुवांगहातू पंचायत के लोगों के साथ इस तरह घुल-मिल गये थे कि लगता ही नहीं था कि वह किसी दूसरे प्रदेश के हैं। उन्होंने बुजुर्ग महिलाओं के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। मांदर भी बजाया और हुवांगहातू पंचायत के ग्राम प्रधान शंकर सिंह मुंडा के घर में मुंडारी पारंपरिक भोजन ग्रहण किया। बता दें कि मुंडारी पारंपरिक आहार राज्य की खाद्य संस्कृति का महत्वपूर्ण भाग है। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया।

हिमंता बिस्वा सरमा ने पिछले दो महीने में झारखंड को जितना समझा और जाना है, वह अपने आप में अद्भुत है। झारखंड के लोगों से मिलना, उनके सामाजिक सरोकारों से खुद को जोड़ना और उनकी संस्कृति में खुद को ढाल लेना कम बड़ी बात नहीं है। हिमंता जिस काम को हाथ में लेते हैं, उसे अंजाम तक पहुंचाने का प्रयास निरंतर करते रहते हैं। कोई अगर उनके काम में बाधा पहुंचाने का प्रयास करता है, उन्हें घेरने की कोशिश करता है, उसे वह उसी के औजार से परास्त भी करने का दम रखते हैं।

### कौन हैं हिमंता बिस्वा सरमा

2015 में भाजपा में शामिल हुए हिमंता बिस्वा सरमा इस समय भाजपा के प्रमुख रणनीतिकार माने जाते हैं। वह पार्टी के फायरब्रांड नेता हैं और बेहद बेबाक ढंग से अपनी बात कहने के लिए जाने जाते हैं। देश के पूर्वोत्तर हिस्से में भाजपा के मुख्य रणनीतिकार हिमंता बिस्वा सरमा पार्टी के लिए अपरिहार्य होते जा रहे हैं। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बाद भाजपा के राजनीतिक और चुनावी रूप से सबसे चतुर दिमाग का मालिक माना जाता है। वह कठिन परिस्थितियों में भी सफल चुनावी अभियान चलाने की अपनी अनोखी क्षमता और स्थानीय जरूरतों के मुताबिक खुद को ढाल लेने की ताकत के कारण अलग पहचान रखते हैं। इतना ही नहीं, मुख्यमंत्री के रूप में अपनी प्रशासनिक क्षमता के कारण भी वह बेहद लोकप्रिय हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कांग्रेस छोड़ने के बाद भाजपा में शामिल होकर उन्होंने बहुत जल्द अपने आपको भाजपा की राजनीति में पूरी तरह फिट कर लिया। हिमंता बिस्वा सरमा शायद हाल के वर्षों में मोदी-शाह द्वारा हासिल की गयी सबसे अच्छी उपलब्धि हैं और आज उनकी सबसे बड़ी संपत्तियों में से एक हैं।

### झारखंड के करीब आते जा रहे हैं हिमंता

झारखंड की सत्ता फिर से भाजपा को दिलाने के उद्देश्य से सह-प्रभारी बनाये गये हिमंता बिस्वा सरमा ने बड़ी तेजी से खुद को झारखंड के रंग में रंग लिया है। वह झारखंड भाजपा के एक-एक नेता और कार्यकर्ता से निजी रूप से जुड़ चुके हैं। इतना ही नहीं, झारखंड के अलग-अलग इलाकों के अलग-अलग मुद्दों के बारे में भी अपनी राय बना चुके हैं। यही कारण है कि संथाल परगना में जहां वह घुसपैठियों और आदिवासी संस्कृति की बात करते हैं, वहीं पलामू और कोयलांचल में पिछड़ेपन का मुद्दा उठाते हैं। रांची में वह झारखंड सरकार की नाकामियों पर करारा प्रहार करते हैं, तो ग्रामीणों के साथ बड़ी आसानी से घुल-मिल जाते हैं।

### झारखंड भाजपा में अलग लेवल का जोश

पिछले सप्ताह भाजपा की युवा शाखा भारतीय जनता युवा मोर्चा ने रांची में जन आक्रोश रैली का आयोजन किया था। कहा जा रहा है कि इसे आकार हिमंता बिस्वा सरमा ने ही दिया था। रैली को लेकर एक अलग तरह की रणनीति बनाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। सियासी नजरिये से देखा जाये, तो विपक्षी भाजपा ने पांच साल में पहली बार इतनी बड़ी रैली का आयोजन किया था। 2019 के विधानसभा चुनाव में सत्ता से बाहर हो गयी इस पार्टी ने पिछले पांच साल में इस तरह का धारदार आंदोलन नहीं किया था। हालांकि 8 सितंबर 2021 को पार्टी ने विधानसभा घेराव का आयोजन जरूर किया था, लेकिन पार्टी चाह कर भी उस पर सियासी रंग नहीं चढ़ा सकी। विधानसभा घेराव का वह कार्यक्रम लाठी चार्ज, आंसू गैस और वाटर कैनन के इस्तेमाल के बाद खत्म हो गया था। भाजपा के बारे में कहा जाने लगा था कि वह विपक्ष की भूमिका भूल चुकी है। उसके नेता और कार्यकर्ता अब सत्ताप्रेमी हो गये हैं। इसलिए वे सड़क पर उतरने से हिचकते हैं। इस छवि से उबरने और कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए भाजपा के लिए आक्रोश रैली महत्वपूर्ण थी। पार्टी ने इसे सफल बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी। पार्टी का हर छोटा-बड़ा नेता इसके लिए सक्रिय था। भाजपा ने इस रैली के सहारे भाजपा कार्यकर्ताओं में धार पैदा कर दी है। भाजपा ने आक्रोश रैली के बहाने उन मुद्दों पर भी आम लोगों का ध्यान खींचा है, जो अक्सर उन्हें परेशान करते हैं। बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और योजनाओं में गड़बड़ी जैसे मुद्दों को सामने लाकर भाजपा ने एक एजेंडा सेट कर दिया है।

### कमाल की है प्रशासनिक क्षमता

हिमंता बिस्वा सरमा असम के मुख्यमंत्री भी हैं। लेकिन झारखंड में पार्टी का काम करने का मतलब यह नहीं है कि वह अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों पर ध्यान नहीं देते। इसका एक उदाहरण यह है कि हाल ही में असम में बलात्कार की एक घटना हुई। हिमंता ने राज्य के डीजीपी को फोन किया और केवल इतना कहा कि असम को किसी भी हाल में बंगाल नहीं बनने देंगे। उसी दिन असम पुलिस ने चंद घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को क्राइम सीन पर ले जाया गया। उसके अंदर इतना डर समा गया कि क्राइम सीन से वह भाग कर तालाब में कूद गया। असम में ऐसा माहौल बना और लोग इतने जागरूक हुए कि बलात्कारी के गांववालों ने ऐसा प्रण ले लिया कि उसके शव को गांव में नहीं दफनाने देंगे। इसी तरह कुछ दिन पहले बांग्लादेश से घुसपैठियों का एक समूह भारत आने की कोशिश कर रहा था। असम पुलिस ने तत्काल 26 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। हिमंता बिस्वा सरमा की सरकार अपराध और दूसरे मुद्दों को लेकर कितनी संवेदनशील है, यह इन दो उदाहरणों से समझा जा सकता है।

अब हिमंता बिस्वा सरमा भाजपा को झारखंड की सत्ता में वापसी की कोशिश कर रहे हैं। इसमें उन्हें कितनी सफलता मिलती है, यह तो समय ही बतायेगा, लेकिन इतना तय है कि झारखंड के तमाम नेताओं को साथ लेकर वह पार्टीजनों के बीच एक सकारात्मक माहौल बनाने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। वह हर छोटे बड़े नेताओं को सम्मान की दृष्टि से देख रहे हैं। उनके मन में जितना सम्मान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को लेकर है, वही सम्मान एक अदना कार्यकर्ता और भाजपा के हर नेता, सांसद, विधायक के प्रति भी है। इसमें कोई संदेह नहीं कि हिमंता बिस्वा सरमा ने झारखंड भाजपा के भीतर नया जोश भर दिया है।

# राज्य पुलिस का व्यवहार सत्ताधारियों के लिए कुछ और विपक्षी दलों के लिए अलग : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को रांची पुलिस के ट्वीट पर तीखी प्रतिक्रिया दी। कहा कि रांची पुलिस की प्रतिक्रिया पढ़ी। प्रतिक्रिया पढ़ कर हतप्रभ हूं। रांची पुलिस ने लिखा है कि मुख्यमंत्री का पद एक उच्च स्तरीय संवैधानिक पद है, जिसकी सुरक्षा के सभी पहलू संवेदनशील होते हैं और इसके संधारण हेतु सभी को दृढ़ होना पड़ता है। बाबूलाल ने कहा कि एसएसपी, मोराबादी मैदान से सीएम आवास दो किलोमीटर की दूरी पर है। जगह-जगह बैरिकेडिंग पार कर भाजपा कार्यकर्ता सीएम हाउस ही तरफ नहीं बढ़े थे। सिर्फ मोरहाबादी मैदान के बगल में लगी कंटीली बैरेकेडिंग के पास सांकेतिक प्रदर्शन हुआ। लेकिन पुलिस ने जहरीली गैस आमजनों पर छोड़ी। आपकी जिम्मेदारी तब कहां थी पुलिस की सुरक्षा घेरा तोड़ लोग सीएम हाउस के पास तक आ गये थे। सड़क जाम कर दी गयी थी। तारीख याद ना हो तो 20 जनवरी को धारा 144 का आदेश और उसके उल्लंघन की तस्वीरें देख लीजिए। ये बस एक



तारीख मैंने बतायी है। दो किलोमीटर की दूरी पर भाजपा के कार्यकर्ता आपको सीएम की सुरक्षा खतरे में डालने वाले लग रहे हैं। जबकि 20 जनवरी 2024 को धारा 144 के बावजूद सीएम हाउस के गेट पर पहुंच कर सड़क जाम करने वाले पुलिस के कौन लगते हैं? ये रिश्ता क्या कहलाता है?

स्पष्ट है कि पुलिस का व्यवहार सत्ताधारी दलों के कार्यकर्ता के लिए कुछ और एवं दूसरे लोगों के लिए कुछ और है।

दूसरी बात आपने पुलिसिया कार्रवाई को उचित बताया है। फिर क्यों नहीं नामजद 52 लोगों समेत उन 12000 लोगों पर चार्जशीट दायर कर देते हैं, जिन्हें आपने एफआइआर में अभियुक्त बनाया है?

### मैं 23 अगस्त को दुमका कोर्ट में था, फिर भी केस: रणधीर सिंह

रांची (आजाद सिपाही)। भाजयुमो की 23 अगस्त को हुई युवा आक्रोश रैली में भाजपा के 51 नेताओं पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इसमें कई मंत्री, सांसद और विधायकों के नाम भी शामिल हैं। राजधानी के कार्यपालक दंडाधिकारी संजय कुमार ने इन नेताओं पर सरकारी काम-काज में बाधा डालने और भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगाया है। प्राथमिकी में सारठ के विधायक रणधीर सिंह का नाम 14वें आरोपी के रूप में शामिल किया गया है। इस दिन विधायक रणधीर सिंह की दुमका कोर्ट में पेशी थी। श्री सिंह 12.30 बजे दुमका कोर्ट में पेश हुए थे। सारठ विधायक रणधीर सिंह मोरहाबादी मैदान में भाजयुमो की आक्रोश रैली में शामिल नहीं हुए थे। दुमका में 2010 के सूखा को लेकर एक आंदोलन के सिलसिले में उन पर मामला दर्ज हुआ था। उस वक्त रणधीर सिंह झारखंड विकास मोर्चा में थे। अभी श्री सिंह भाजपा से सारठ के विधायक हैं। 23 अगस्त को मोरहाबादी मैदान में प्रदर्शन के दौरान जबरदस्त हंगामा हुआ था। पुलिस ने दर्ज केस में भाजपा नेताओं पर मुख्यमंत्री आवास घेराव की अनुमति के बिना रैली निकालने का आरोप लगाया है। साथ ही नेताओं पर विधि व्यवस्था बिगाड़ने और पुलिसकर्मियों पर पत्थर चलाते हुए हमला करने का आरोप लगाया है।

## झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने हिमंता बिस्वा सरमा पर किया पलटवार, पूछा

# किसान आंदोलन क्या पाकिस्तान में हुआ था, 180 एफआइआर दर्ज हुई थीं

**हिमंता को कहना चाहिए कि हम जेएमएम से डरे हुए हैं, हेमंत सोरेन का मुकाबला नहीं कर सकते**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएमएम महासचिव और केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने सोमवार को प्रेसवार्ता में कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा बिना जानकारी के झारखंड में कानून सिखाने आ गये हैं। उन्हें बताना चाहिए कि किसान आंदोलन क्या पाकिस्तान में हो रहा था। ये वहीं हिमंता हैं, जिनकी पार्टी ने किसान आंदोलनकारियों को रोकने के लिए सड़कों पर कीलें लगा दीं। कंटीले तार और कंक्रीट के बैरियर लगा दिये। हिमंता बिस्वा सरमा तब कहां थे। उन्हें याद दिला दूं कि किसान आंदोलन के समय दिल्ली में 42 केस दर्ज किये गये। वहीं, हरियाणा में 138 केस दर्ज किये गये। कुल मिला कर एक आंदोलन में 180 एफआइआर दर्ज किये



गये। नामजद और लाखों अज्ञात के नाम पर केस दर्ज किये गये। दरअसल हिमंता को ये कहना चाहिए था कि हम डरे हुए हैं। हम जेएमएम का मुकाबला नहीं कर सकते। हम हेमंत सोरेन का मुकाबला नहीं कर सकते।

**भाजपा डरी हुई है :** सुप्रियो ने कहा कि इस साल चार राज्यों में चुनाव होने हैं। इसमें एक झारखंड भी है। पहले जम्मू-कश्मीर को विभाजित किया गया। लोकतंत्र को चोट पहुंचायी गयी। अब सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में आने पर वहां चुनाव कराये जा रहे हैं। चुनाव आयोग ने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में चुनावों की तिथियों की घोषणा कर दी है। इन दोनों राज्यों में आचार संहिता भी लागू हो गयी है। इस बीच हरियाणा बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने आयोग से हरियाणा में एक तारीख को होनेवाले चुनाव की तिथि बदलने की मांग की है। कहा कि देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब केंद्र में काबिज सत्तारूढ़ दल का नेता ही चुनाव की तिथि बदलने की मांग कर रहा है। इसका कारण ये है कि बीजेपी डरी हुई है। बीजेपी आज आतंकित है। बीजेपी लोगों के सामने आने से डर रही है। इसलिए चुनाव को स्थगित या टालना चाहती है। कहा कि इसका असर झारखंड में भी दिखायी पड़ा है। सुप्रियो ने भारत निर्वाचन आयोग को आगाह करते हुए कहा कि अगर आप हरियाणा का चुनाव पोसपोंड करते हैं तो, मान लेंगे कि आप भाजपा से प्रभावित हैं और इसका प्रभाव झारखंड में भी दिखेगा। सुप्रियो ने हिमंता पर तंज कसते हुए कहा कि जहर बोने वाले ऐसे लोग इस राज्य के हितैषी नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि पराजय स्वीकार कर लीजिये और इस राज्य को स्थिर रहने दीजिए। सुप्रियो ने कहा कि यहां 23 तारीख को इन्होंने एक रैली की। इस रैली में बीजेपी से संबंध रखने वाले तमाम उपद्रवी शामिल थे। इन्होंने राज्य के सुरक्षाकर्मी और पुलिस प्रशासन पर जानलेवा हमला किया। ऐसे लोगों को आंसू गैस के गोले छोड़ कर नियंत्रित किया गया। ये लोग दस्ताने पहन कर आये थे और कटर अपने साथ लेकर आये थे। इन उपद्रवियों की ओर से पत्थर फेंके गये। पुलिसकर्मियों की हत्या करने की नीयत से पत्थर फेंके गये। कहा कि इसका वीडियो सभी के पास है।

### इनकी बौखलाहट साफ दिख रही है

जेएमएम नेता ने कहा, दरअसल ये इनकी बौखलाहट है। इनकी बौखलाहट रविवार को असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा के बयान में भी नजर आयी। बीजेपी अब राजनीतिक तौर पर चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है। सुप्रियो ने कहा कि कल हिमंता एक प्रेस वार्ता में घंटों मिला कि नहीं मिला कि नहीं.. करते रहे। ये राजनीतिक लड़ाई है। साथ ही कहा कि उन्होंने पुलिस की ओर से दर्ज की गयी प्राथमिकी का जिक्र किया और आरोप लगाया कि बड़ी संख्या में प्राथमिकी दर्ज कराने के पीछे जेएमएम का हाथ है। उनका कहना था कि जेएमएम प्राथमिकी दर्ज करा कर बीजेपी की आवाज को दबाना चाहता है। सुप्रियो ने कहा कि बीजेपी की सरकारें विरोध करने पर बिना एफआइआर दर्ज कराये घरों को ढाह देती है। और यहां ये लोग एफआइआर से डर गये।

www.epaper.azadsipahi.in

27 अगस्त, 2024
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 307

जम्मू-कश्मीर में मोदी-शाह खुद संभालेंगे कमान



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## संताल की महिलाओं के मोबाइल में मैसेज आने की बजेगी घंटी

# मुख्यमंत्री आज दुमका से बाटेंगे मंईयां सम्मान योजना की राशि

- गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज और पाकुड़ की महिलाओं को देंगे सौगात
- दुमका में कार्यक्रम की तैयारी पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** संताल की महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना की राशि पहुंचने की मोबाइल मैसेज की घंटी मंगलवार को बजेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दुमका से अपनी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के लिए डीबीटी के माध्यम से राशि को हस्तांतरित करेंगे। महिलाओं के खाते में एक-एक हजार रुपये जायेंगे। दुमका में कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण में है।

**48 लाख से अधिक महिलाओं ने कराया है निबंधनः** प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक मुख्यमंत्री मंईयां योजना को लेकर 48 लाख से अधिक महिलाओं ने निबंधन कराया है। अब तक 43 लाख से अधिक आवेदन स्वीकृत किये जा चुके हैं। पिछले दिनों पलामू और उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल की महिलाओं को पहली किश्त दी जा चुकी है। अब मंगलवार को दुमका के जामा में योजना राशि के हस्तांतरण को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन छह जिलों गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज और पाकुड़ की महिलाओं के खाते में एक-एक हजार रुपये डीबीटी के माध्यम से डालेंगे।

### हर महीने 15 तारीख को भेज दी जायेगी राशि

सम्मान योजना की पहली किस्त 31 अग्सत तक सभी को भेजने का लक्ष्य है। 30 अगस्त को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के मुख्यालय रांची में कार्यक्रम होगा। हर महीने की 15 तारीख तक लाभुक महिलाओं के खाते में एक-एक हजार रुपये भेज दिये जायेंगे।

## सुदेश महतो और अमित शाह की हुई मुलाकात

# भाजपा-आजसू का विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ने का फैसला

2019 में दोनों दल अलग-अलग चुनाव मैदान में उतरे थे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची/नयी दिल्ली।** झारखंड विधानसभा का चुनाव भाजपा और आजसू मिल कर लड़ेगी। आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि हम मिल कर झारखंड की 81 सीटों पर पूरी ताकत से चुनाव लड़ेंगे।

गौरतलब है कि सुदेश महतो ने सोमवार को नयी दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच झारखंड की राजनीतिक स्थिति को लेकर चर्चा हुई। साथ ही गठबंधन पर भी चर्चा हुई। दोनों नेताओं के बीच आगामी विधानसभा चुनाव गठबंधन में लड़ने पर सहमति बन गयी है। अभी सीटों को लेकर कोई घोषणा नहीं की गयी है।

गौरतलब है कि 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और आजसू के बीच गठबंधन नहीं हुआ था। दोनों दलों ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था। आजसू ने 50 से अधिक सीटों पर उम्मीदवार उतार दिये थे। गठबंधन में टूट का नुकसान भाजपा और आजसू दोनों ही दलों को उठाना पड़ा था। चुनाव के बाद भाजपा और आजसू साथ-साथ हो गये। लोकसभा चुनाव 2024 में दोनों दलों के बीच गठबंधन हुआ। दोनों ने मिल कर चुनाव लड़ा।

## न्यूज रील्स

### बांग्लादेश में फिर हिंसा, 50 घायल

ढाका। बांग्लादेश में एक बार फिर हिंसा हुई। रविवार देर रात होमगार्ड (अंसार ग्रुप) और छात्रों के बीच झड़प हो गयी। झड़प में 50 लोग घायल हुए हैं। दरअसल अंसार ग्रुप पिछले दो दिनों से प्रदर्शन कर रहा था। अंसार ग्रुप एक पारामिलिट्री फोर्स है। अंसार ग्रुप की मांग है कि उनकी नौकरियों को स्थायी किया जाये। अंसार ग्रुप के कई सदस्य सचिवालय पहुंच गये। उन्होंने गेट बंद कर दिया। किसी भी सरकारी अधिकारी को बाहर आने नहीं दिया। अंतरिम सरकार में मंत्री नाहिद इस्लाम और स्टूडेंट संगठन के कुछ सदस्य भी अंदर कैद हो गये। उन्होंने फेसबुक के जरिए सैकड़ों छात्रों से सचिवालय आने की अपील की। जब भारी संख्या में छात्र सचिवालय की ओर बढ़े तो वहां पहले से मौजूद अंसार ग्रुप के मेंबर्स से उनकी भिड़ंत हो गयी।

### कंगना को किसान आंदोलन पर बोलने की इजाजत नहीं: भाजपा

नयी दिल्ली। भाजपा ने एक्ट्रेस-सांसद कंगना रनोट के उस बयान से खुद को अलग कर लिया है, जिसमें उन्होंने किसान आंदोलन के दौरान रेप-मर्डर होने की बात कही थी। भाजपा ने सोमवार को भाजपा की प्रेस रिलीज जारी की। इसमें लिखा है कि पार्टी कंगना के बयान से असहमत है। उन्हें पार्टी के नीतिगत मुद्दों पर बोलने की इजाजत नहीं है। वे पार्टी की तरफ से बयान देने के लिए अधिकृत भी नहीं हैं। भाजपा ने कंगना को हिदायत दी है कि वे इस मुद्दे पर आगे कोई बयान न दें।

### जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस-एनसी में सीट शेयरिंग फाइनल

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) और कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग सोमवार को फाइनल हो गयी। केंद्र शासित प्रदेश की 90 सीटों में नेशनल कांफ्रेंस 51 और कांग्रेस 32 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पांच सीटों पर फ्रेंडली फाइट होगी। दो सीटें सीपीआइ (एम) और पेंथर्स पार्टी को मिली हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, सलमान खुर्शीद और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हामीद कर्रा ने सोमवार को श्रीनगर में नेशनल कांफ्रेंस के सुप्रीमो फारूक अब्दुल्ला के घर जाकर मुलाकात की।

### राजस्थान और मध्यप्रदेश में बनेगा श्रीकृष्ण गमन पथ

डीग (भरतपुर)। भगवान कृष्ण की जन्म स्थली मथुरा से लेकर उनकी शिक्षा स्थली उज्जैन को धार्मिक सर्किट के जरिये जोड़ा जायेगा। यह धार्मिक सर्किट करीब 525 किलोमीटर का हो सकता है। यह सर्किट राजस्थान और मध्यप्रदेश सरकार मिलकर बनाएंगी। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रीकृष्ण गमन पथ बनाने की घोषणा की।

# कोलकाता रेप-मर्डर केस में आरोपी संजय ने जुर्म कबूला

पॉलीग्राफ टेस्ट में कहा, घटना से पहले शराब पी, रेडलाइट एरिया गया, गर्लफ्रेंड से न्यूड तस्वीरें मांगीं

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोलकाता।** कोलकाता रेप-मर्डर केस के मुख्य आरोपी संजय रॉय ने पॉलीग्राफ टेस्ट में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। संजय ने कहा कि उसने रेप के बाद ट्रेनी डॉक्टर की हत्या की। घटना को अंजाम देने से पहले वह रेड लाइट एरिया गया था। रास्ते में भी एक लड़की को छेड़ा और गर्लफ्रेंड से न्यूड तस्वीरें मांगी थीं।

गौरतलब है कि पुलिस कस्टडी में भी संजय ने रेप और मर्डर की बात स्वीकार की थी। संजय का यह कबूलनामा मर्डर और रेप के 18 दिन बाद सामने आया है। 8 और 9 अगस्त की रात आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर का रेप और मर्डर हुआ था। 9 अगस्त की सुबह मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में लड़की की अर्धनग्न बॉडी मिली थी।

**पॉलीग्राफी टेस्ट में ये बातें कहीः** प्राप्त जानकारी के अनुसार सीबीआइ और सेंट्रल फोरेंसिक टीम के सदस्यों ने रविवार को तीन घंटे संजय का पॉलिग्राफ टेस्ट किया। संजय ने कबूला कि उसी ने ट्रेनी डॉक्टर का रेप करने के बाद हत्या की थी। संजय ने टेस्ट के दौरान सीबीआइ को बताया कि उसने 8 अगस्त को अपने एक दोस्त के साथ शराब पी थी। इसके बाद वह रेड लाइट एरिया गया। रास्ते में उसने एक लड़की को मॉलेस्ट किया। इसके बाद संजय ने देर रात अपनी गर्लफ्रेंड से वीडियो कॉल पर बात की न्यूड तस्वीरें मांगीं। संजय ने बताया कि सुबह करीब 4 बजे वह हॉस्पिटल के सेमिनार हॉल पहुंचा, जहां ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर के बाद वह सुबह अपने दोस्त के घर गया। उसका दोस्त कोलकाता पुलिस में ऑफिसर था।

### डेरेक ओ' ब्रायन बोले सारी हदें पार कर दी

तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ' ब्रायन ने कहा कि आप अपनी गंदी चालों से राजनीतिक रूप से लड़िए। आपने ऐसा पहले भी किया है, लेकिन आज तो सारी हदें ही पार कर दी। बच्चों को धमकाना बंद कीजिए। अपने निम्नस्तरीय शब्दों से हमारे राष्ट्रीय महासचिव की बेटी को धमकाने वाले के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। इसे बंद कीजिए।

### सांसद अभिषेक बनर्जी की बेटी को मिली धमकी

कोलकाता (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी की 11 साल की बेटी को रेप की धमकी दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसे लेकर पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डब्ल्यूबीसीपीसीआर) ने खुद नोटिस लिया है।

डब्ल्यूबीसीपीसीआर ने कहा कि जिस शख्स ने यह अभद्र टिप्पणी की है, उसका इरादा एक नाबालिग लड़की की गरिमा को ठेस पहुंचाना और उसकी सुरक्षा को खतरे में डालना है। पुलिस को पोक्सो, जुवेनाइल जस्टिस एक्ट और यूएन कन्वेंशन ऑन राइट्स ऑफ अ चाइल्ड के तहत कार्रवाई करनी चाहिए।

जानकारी के मुताबिक कोलकाता आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर की घटना के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान सोशल मीडिया पर एक वीडियो आया था, जिसमें प्रदर्शन में आए एक व्यक्ति ने अभिषेक बनर्जी की बेटी को रेप की धमकी दी। उसने सार्वजनिक रूप से ये भी कहा कि इस काम को अंजाम देने वाले को 10 करोड़ रुपये का इनाम दिया जायेगा।

# अलकायदा मॉड्यूल के सरगना इश्तियाक के करीबी बबलू खान से इडी ने की पूछताछ

करोड़ों रुपये के लेन-देन की मिल रही जानकारी

जमीन घोटाले में टेरर फंडिंग होने की संभावना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने झारखंड जमीन घोटाले का संबंध टेरर फंडिंग से होने के आरोपों की बाबत छानबीन शुरू कर दी है। इडी ने सोमवार को बबलू खान से पूछताछ की। इडी के अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि जमीन घोटाले के आरोपियों का पैसा अलकायदा इन इंडियन सब कॉटिनेंट की फंडिंग में तो नहीं लगा है।

### जमीन घोटाले की जांच में नाम आया सामने

बता दें कि झारखंड एटीएस और दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने अलकायदा इन इंडियन सब कॉटिनेंट के मॉड्यूल से जुड़े केस में इश्तियाक अहमद को गिरफ्तार किया था। वह लेक व्यू अस्पताल का संचालक भी है। सूत्रों ने बताया कि इडी ने अपनी शुरुआती जांच में पाया है कि बबलू खान झारखंड जमीन घोटाला मामले में उसकी ओर से गिरफ्तार किये गये दो आरोपियों (रिम्स के कर्मचारी अफसर अली और तल्हा खान) का रिश्तेदार है। सबूत और दस्तावेजों के विश्लेषण से यह भी पता चला है कि रांची के बरियातू इलाके में एक नर्सिंग होम के जरिए बबलू खान भी कथित तौर पर इश्तियाक से जुड़ा था।


गौरतलब है कि इडी ने पिछले दिनों बबलू खान को समन जारी किया था। बबलू खान सोमवार को इडी कार्यालय पहुंचा। उससे अधिकारियों ने लंबी पूछताछ की। अधिकारियों का फोकस जमीन घोटाले के आरोपियों का पैसा अलकायदा इन इंडियन सब कॉटिनेंट की फंडिंग में लगा है या नहीं उस पर था। हालांकि आधिकारिक रूप से पूछताछ में बबलू ने क्या-क्या बताया यह जनाकारी अभी नहीं दी गयी है। सूत्रों के मुताबिक इडी को करोड़ों रुपये के लेन-देन की जानकारी मिली है। इडी बबलू खान के बयान की पुष्टि करेगी। इसके बाद फिर आगे की कार्रवाई करेगी।

### पिछले दिनों हुआ आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

गौरतलब है कि दिल्ली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 11 लोगों को गिरफ्तार करने के बाद अल-कायदा के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया था। दिल्ली पुलिस ने झारखंड, राजस्थान और उत्तरप्रदेश से तीन अन्य को हिरासत में लिया था। पुलिस ने अपने आधिकारिक बयान में कहा था कि टेरर मॉड्यूल के संचालन का नेतृत्व रांची का इश्तियाक कर रहा था। वह खिलाफत लागू करने और देश में गंभीर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की इच्छा रखता था।

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने नियुक्त किये चार नये प्रवक्ता

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को चार नये प्रदेश प्रवक्ताओं की नियुक्ति की। प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने पत्र जारी कर नियुक्ति की घोषणा की। नये नियुक्त प्रवक्ताओ में पूर्व सांसद गीता कोड़ा, रांची से प्रदीप सिन्हा, चाइबासा से अजय शाह और जमुआ गिरिडीह से विजय चौरसिया शामिल हैं। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।




# पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई गये दिल्ली, जल्द खत्म होगा सस्पेंस

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा बोले, चंपाई के भाजपा में आने से पार्टी मजबूत होगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची/नयी दिल्ली।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सोमवार को एक बार फिर दिल्ली पहुंचे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मिलेंगे। हालांकि दिल्ली पहुंचने पर भाजपा नेताओं से मिलने और भाजपा में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं अपने काम से दो दिन के लिए दिल्ली आया हूं। अभी कोई फैसला नहीं लिया है। आगे क्या करूंगा, बाद में बताऊंगा।

**25 अगस्त को कोलकाता गये थेः** चंपाई सोरेन 25 अगस्त की शाम ही खड़गपुर होते हुए कोलकाता चले गये थे। उनके साथ उनके दोनों बेटे बाबूलाल सोरेन और वकील सोरेन भी हैं। उनके प्रेस सलाहकार चंचल गोस्वामी भी साथ हैं। ऐसे में अटकलों का बाजार एक बार फिर गर्म हुआ है। चंपाई पहले ही कह चुके हैं कि वे अपना नया अध्याय शुरू करेंगे।

### चंपाई सोरेन भाजपा में आयें और हमें ताकत दें : सरमा

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि मैं चाहता हूं कि चंपाई सोरेन भाजपा में आयें और हमें ताकत दें। चंपाई सोरेन के सामने तीन रास्ते हैं, वह अभी दिल्ली में हैं, उनके साथ बातचीत का रास्ता खुला है। आगे जाकर क्या होता है देखते हैं। मैं तो चाहता हूं कि हेमंत सोरेन भी भाजपा में आयें।

### कयासों का बाजार गर्म

गौरतलब है कि एक सप्ताह पहले भी चंपाई सोरेन दिल्ली गये थे। दिल्ली में तीन दिन रहने के बाद वह वापस जमशेदपुर लौट गये थे। तब भी चर्चा तेज हुई थी कि वह भाजपा में शामिल होंगे। हालांकि लौटने के बाद उन्होंने नयी पार्टी गठन का भी संकेत दिया। इस बीच एक बार फिर दिल्ली जाने और भाजपा नेताओं के बायन को लेकर चर्चाओं और कयासों का बाजार गर्म है। उनका केंद्रीय मंत्री अमित शाह समेत अन्य नेताओं से मिलने की बात सामने आ रही है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा के भी दिल्ली में होने की जानकारी है।

## मुन्ना सिंह ने किया नये प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने नवनियुक्त झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी उपस्थित थे। समारोह में झारखंडी संस्कृति की झलक देखने को मिली, जहां मुन्ना सिंह ने परंपरागत झारखंडी पगड़ी पहनाकर और झारखंडी गमछा ओढ़ाकर श्री महतो का स्वागत किया। कार्यक्रम में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे। मुन्ना सिंह ने कहा की आज का दिन झारखंड कांग्रेस के लिए एक नई शुरूआत का प्रतीक है। केशव महतो के नेतृत्व में हम राज्य की जनता की आवाज बनने के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्वागत करने वालों में सदर प्रखंड उप प्रमुख रविकांत सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि गणेश मेहता, मुकेश कुमार पासवान सरपंच, बबलू सिंह, संजय सिंह, मनोज कुमार, अनुप सिंह, इलियास अंसारी आदि शामिल थे।

## सतगावां में जमीन विवाद में एक की हत्या

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित पंचायत राजाबर में सोमवार को भाई ओर भतीजा ने मिलकर एक व्यक्ति की हत्या दी। मामला जमीनी विवाद का बताया जाता है। मृतक ब्रह्मदेव महतो (60 वर्ष, पिता लाटे महतो) के शव को पुलिस ने अंत्य परीक्षण के लिए कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बीती रात घर में ब्रह्मदेव महतो और महावीर महतो शराब के नशे में धुत थे, आपस में दोनों भाइयों के बीच कहा सुनी हो गयी। बात मारपीट पर आ गयी और दोनों भाइयों के बीच मारपीट होने लगी। घटना के दौरान महावीर महतो और उसके पुत्र लाल बहादुर यादव दोनों ने मिलकर रड और कुल्हाड़ी से मारकर ब्रह्मदेव महतो की हत्या कर दी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सतगावां पुलिस को दी। सूचना पर थाना प्रभारी विजय गुप्ता दलबल के साथ रात 2 बजे घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आयी है। इस मामले को लेकर महावीर महतो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार मृतक के दो पुत्र और दो पुत्री है, सभी विवाहित हैं। पूर्व से ही दोनों भाइयों में जमीनी विवाद को लेकर विवाद होते आ रहा है।

## राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सोमवार को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत लेप्रोसी केस डिटेक्शन कैंपेन -24, कुष्ठ रोगी खोज अभियान (प्रथम चक्र) के प्रचार सह जागरूकता वाहन को सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार और जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ रमण कुमार द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। यह वाहन सभी प्रखंडों में 28 अगस्त से 13 सितंबर तक चलने वाले कुष्ठ रोगी खोज अभियान हेतु सभी को जागरूक करेगी। डॉ रमण कुमार ने कहा कि यह कुष्ठ रोगी खोज अभियान 15 दिनों तक चलेगा जिसमें सभी संभावित कुष्ठ रोगियों की जांच की जायेगी और कुष्ठ पुष्टि हो जाने पर उनका समुचित इलाज शुरू किया जायेगा। मौके पर डॉ नीलमणि, फिजियोथेरेपिस्ट राजीव रंजन, लिपिक अजीत कुमार, अरुण सिंह, कुणाल कुमार, दीपेश कुमार, डॉ सिद्धांत ओहदार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## आदर्श शिशु प्लस टू विद्यालय में जन्माष्टमी महोत्सव



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में सीबीएसई से संचालित आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य प्रो दशरथ प्रसाद राणा, निदेशक रामदेव प्रसाद यादव ने भगवान कृष्ण की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गीत नृत्य कर भगवान कृष्ण की जन्मोत्सव को प्रशोभित किया। बच्चों ने राधा कैसे ना जले, ओ किशना है, मैया यशोदा, आदि गीत पर नृत्य कर सभी झूमा दिया साथ ही साथ अरे द्वारपालों कार्यक्रम कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं प्राचार्य दशरथ प्रसाद राणा ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की महिमा अपरंपार है। अन्याय पर न्याय, असत्य पर सत्य, अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का त्योहार जन्माष्टमी है उन्होंने बच्चों के द्वारा की गयी कार्यक्रम की काफी प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक रामदेव प्रसाद यादव ने भी विद्यार्थियों के द्वारा किये गये कार्यक्रम की प्रशंसा किया। विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना किया। मौके पर विद्यालय के वरिय शिक्षक महेश्वर पांडेय, प्रभु यादव, लक्ष्मण चंद्र यादव, विनोद यादव, पिंटू कुमार पांडेय, सिकंदर यादव, महेश यादव, प्रकाश यादव, श्याम सुंदर यादव, मनीष सिंह, सतीश कुमार, विकास पाठक, विनोद कुमार शर्मा, विक्रम पांडेय, कपिल देव गुप्ता, प्रियंका कुमारी, गायत्री कुमारी, अनु कुमारी सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## एनटीपीसी ने किया प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी की चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना के द्वारा सोमवार को बिरहोर टोला चट्टी बरियातु में बांस की वस्तुएं बनाने पर पंद्रह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। इस पहल का उद्देश्य बिरहोर समुदाय को उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए आजीविका के अवसर प्रदान करना है। इस मुहीम का शुभारंभ हजारीबाग सदर एसडीओ शैलेष कुमार और चट्टी बरियातु के परियोजना प्रमुख नवीन गुप्ता की उपस्तिथि में शुरू किया गया। इस मौके पर केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी ने बिरहोर समुदाय की महिलाओं को प्रशिक्षण पूरा करने के लिए उन्हें प्रेरित किया। इसके साथ ही चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना ने कुल 40 पानी का फिल्टर और मच्छरदानी बिरहोर समुदाय के परिवारों को मुहैया करायो वितरण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बिरहोर समुदाय के सदस्यों की सुरक्षित और स्वस्थ जीवन शैली हो। यह सारे कार्य चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत आयोजित किया गया था। इस मौके पर परियोजना से नीलमाधव स्वाइन, पवन कुमार रावत, पवन खांडवे, मोहम्मद वासिफ और विजय किशोर ने उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## समाजसेवी कौशल सिंह का निधन

**दारु/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** दारु प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रामदेव खैरिका पंचायत की मुखिया झरना देवी के पति कौशल सिंह (उम्र62 वर्ष) का निधन रविवार की रात्रि को हो गया। कौशल सिंह क्षेत्र के एक जाने माने समाजसेवी व प्रबुद्ध नागरिक थे। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे उनका बीपी बढ़ जा रहा था साथ ही उनका डायलीसिस भी चल रहा था। रविवार को उनकी तबियत अचानक बिगड़ जाने के बाद उन्हे रात्रि 11 बजे करीब आरोग्यम अस्पताल हजारीबाग ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद उन्हे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही उनके घर में कोहराम मच गया जिसने भी उनकी मौत की खबर सुनी वो काफी दुखी हो गया। सोमवार को कवालु शमशान घाट मे उनके पुत्र प्रभात सिंह ने मुखागनी देकर अंतिम संस्कार किया।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का हजारीबाग में हुआ स्वागत

# कांग्रेस की नीतियों और सिद्धांतों को घर-घर पहुंचायेंगे: केशव महतो

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** कांग्रेस के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का हजारीबाग में स्वागत समारोह आयोजित कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन टाउन हॉल में किया गया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव और संचालन संजय तिवारी ने किया। सबसे पहले पार्टी के सभी मोर्चा के अध्यक्ष अपने कार्यकर्ताओ संग प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। इस दौरान केशव महतो कमलेश का चांदी मुकुट पहना कर भी स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने हजारीबाग के अमर शहीद रामनारायण सिंह को नमन कर अपना अभिभाषण शुरू किया। कहा की आज भगवान श्री कृष्ण का अवतरण हुआ था और मेरा नाम भी केशव है इसलिए मैं हजारों कार्यकर्ताओं के समक्ष यह प्रण लेता हूं की संगठन को हर मोर्चे पर मजबूत करने के साथ कार्यकर्ताओ की समस्या का समाधान हमारी पहली प्राथमिकता होगी। कहा की

कार्यकर्ता हमारे दिल में हैं और हम कार्यकर्ता की सुनेंगे और उनके लिए कार्य करेंगे, क्योंकि कांग्रेस में कार्यकर्ता सर्वप्रथम होता है। हम सभी मिल कर कांग्रेस के नीति और सिद्धांत को घर घर तक पहुंचायेंगे। साथ ही कहा की कार्यकर्ता के बदौलत हम फिर से अधिक से अधिक सीट जीत फिर से सरकार बनाने का काम करेंगे। आगे कहा की भेदभाव को भुला कर संगठित होइए, क्योंकि जब हम बंट कर रहेंगे तो कोई भी आपको नुकसान पहुंचा सकता है, मगर मिल कर रहेंगे तो कोई भी ताकत आपका कुछ नही बिगाड़ सकता। कहा की आप बूथ जीतेंगे तभी विधानसभा जीतेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष जालेश्वर महतो ने कहा की कांग्रेस का हर कार्यकर्ता और नेता पार्टी को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाता है। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने कहा की हमसब मिल कर काम करेंगे और पार्टी को और मजबूत करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव पूर्व से और बेहतर प्रदर्शन करेंगे। बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा की नए प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी सीट कांग्रेस जीतेगी। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा की केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में पार्टी और मजबूत होगी। योगेंद्र साव ने कहा कि कांग्रेस आज काफी मजबूत स्थिति में है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बन्ना गुप्ता, जयशंकर पाठक, सहजादा अनवर, गुंजन सिंह, अभिलाष साहू, अजय सिंह, मंजूर अंसारी, भीम कुमार, रविंद सिंह, अजय सिंह, बिनोद कुशवाहा, मुन्ना सिंह, रेणु कुमारी, डॉ आरसी मेहता, दिगंबर कुमार मेहता, सुरजीत नगवाला, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह, शशि मोहन सिंह, अशोक देव, वीरेंद्र सिंह, प्रकाश यादव, गुड्डू सिंह, प्रवक्ता रियाज खान, धीरज सिंह, पूनम यादव, कोमल कुमारी, अभिसेक राज, मनोज मेहता, निसार खान समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थिति थे। धन्यवाद ज्ञापन नगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने किया।

## मुखिया संघ ने मांगों को लेकर की हड़ताल

**मांगे पुरी नहीं होने तक सभी कार्य रहेंगे बाधित: इंद्रदेव प्रसाद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** प्रदेश मुखिया संघ के निर्देशानुसार प्रखंड के सभी मुखिया 27 अगस्त से रांची में अनिश्चितकालीन धरना देंगे। इस निमित्त बरकट्ठा उतरी पंचायत भवन में प्रखंड मुखिया संघ की बैठक मुखिया संघ के अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कि गयी। पत्रकारों से बातचीत में प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा राज्य वित आयोग कि राशि पंचायतों को नहीं दिया जा रहा है। साथ ही विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश मुखिया संघ के निर्देशानुसार प्रखंड के सभी मुखिया जाकिर हुसैन पार्क ( राजभवन) के पास अनिश्चितकालीन धरना देंगे। मांगे पूरी नहीं होने तक धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार जिस प्रकार पंचायतों को फंड आवंटित कर रही थी उस तरह इस सरकार में नहीं हो रहा है। जिसके कारण पंचायत में विकास कार्य आपेक्षित है। बैठक में बरकट्ठा उतरी मुखिया प्रमीला देवी, मुखिया अब्बास अंसारी, प्रेमिका देवी, कमलेश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि धीरेन्द्र पांडेय, बिरेंद्र शर्मा, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, डेगलाल साव, युगल रजक, सरयू प्रसाद, श्यामा साव समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में चालक की मौत

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के भेलवारा में दो ट्रक के आमने सामने भिड़त में एक चालक की मौत हो गयी। वही दूसरे ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रविवार की अहले सुबह विष्णुगढ़ हजारीबाग राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित भेलवारा में ट्रक संख्या जेएच 2बीएन 3815 और ट्रक संख्या जे एच 02 डी एल 5844 में टक्कर में हो गयी। घटना की खबर पाकर विष्णुगढ़ पुलिस चालक हमीद अंसारी मांडू रामगढ़ को विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद लेकर आयी। गंभीर रूप से घायल चालक हमीद को विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रार्थमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया हजारीबाग ले जाने के क्रम में रास्ते मे उसकी मौत हो गयी। वहीं दूसरे चालक को भी बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया गया।

## जेबीकेएसएस छोड़ सैकड़ों लोगों ने थामा आजसू का दामन

**युवाओं के सहयोग से लिखेंगे पटकथा, युवाओं के प्रति सजग है आजसू परिवार : रोशनलाल चौधरी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** प्रखंड के ग्राम होरम में युवा संगठन अंबाटोली के द्वारा सैकड़ो की संख्या में युवाओं और महिलाओं की एक अहम बैठक आयोजित की गयी। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित हुए। इस दौरान मुख्य रूप से जेबीकेएसएस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आजसू पार्टी और बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी के नीति सिद्धांत और कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी का दामन थाम लिया। शामिल होने वाले सभी कार्यकर्ताओं को मुख्य अतिथि ने माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रोशनलाल चौधरी ने कहा कि युवा भटके नहीं, युवाओं के प्रति हमेशा सजग है आजसू पार्टी। इस दौरान मुख्य रूप आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव व चेपाकलां मुखिया अनिकेत नायक, केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो, द्वारिका प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार दीन्हा, युवा प्रखंड अध्यक्ष नारायण प्रसाद, प्रखंड कोषाध्यक्ष कामेश्वर महतो, महेंद्र महतो सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। पार्टी में शामिल होने वालों में से मुख्य रूप से गौतम कुमार, प्रेमचंद कुमार भारती, टिकेश्वर कुमार महतो, डालेश्वर महतो, फादर महतो, मिनकु कुमार, अजय कुमार, अशोक कुमार, विशाल कुमार, विश्वनाथ कुमार, ललित महतो, खैरा महतो, खेमानी महतो, अर्जुन महतो, दशरथ महतो, कुलदीप कुमार, सुरेंद्र कुमार, जलेश्वर कुमार महतो, सिकंदर कुमार, अजय कुमार, सुरेंद्र कुमार, फुलेंद्र कुमार, घानी देवी, सुमित्रा देवी, पार्वती देवी, सरस्वती देवी, नेहा देवी, कौशल्या देवी, कविता कुमारी सहित अन्य लोगों ने आजसू पार्टी का दामन थामा।

## व्यापारी से लूट के प्रयास मामले में चार गिरफ्तार

**हथियार, गोली समेत वाहन जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** जिले के झुमरीतिलैया थाना अंतर्गत गुमो स्थित सीमेंट-छड़ का व्यापारी संतोष साव (पिता सुरेंद्र साव) से लूटपाट की घटना को अंजाम देने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर पूरे मामले का उद्भेदन कर लिया है। उक्त व्यापारी जब तगादा कर दुकान पहुंचा तभी गाड़ी से उतरते ही बदमाशों ने उसपर हथियार तान दिया था जिसके बाद पड़ोस में खड़े युवकों ने अपराधियों पर हमला बोल दिया था व एक अपराधी को पकड़ पुलिस को सौंप दिया था। वहीं अन्य मौके से फरार हो गये। कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह के निर्देश पर एक टीम का गठन कर घटना में शामिल अन्य अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इस बाबत एसपी अनुदीप सिंह ने सोमवार को बताया कि तिलैया थाना अंतर्गत गुमो चौक के पास अपराधियों के द्वारा लूट का प्रयास किया जा रहा था जहां से एक अपराधी अमित सिह उर्फ गोड्डा को हथियार और गोली के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। उसके पास से हथियार और गोली को जब्त किया गया। इस संदर्भ में संतोष कुमार साव के द्वारा तिलैया थाना में लिखित आवेदन दिया गया जिस पर तिलैया थाना कांड सं 207/24 अभियुक्त अमित कुमार उर्फ गोड्डा, उम्र-34 वर्ष, पिता स्व प्रदीप सिंह, सा विशुनपुर, थाना-विहटा, जिला-पटना (बिहार) वर्तमान हिल ऐरिया रोड नं 07. बरियातु, थाना बरियातु, रांची और अन्य के विरुद्ध काण्ड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के क्रम में अभियुक्त अमित सिह उर्फ गोड्डा के पास से हथियार और गोली के अलावे मोबाईल और उसके निशानदेही पर काण्ड में प्रयुक्त इंडिगो कार (टाटा कंपनी का) और पकड़ाये अभियुक्त राजकुमार सिंह उर्फ गोलु के निशानदेही पर लाल काला रंग का पैसन प्रो मोटरसाईकिल को जप्त किया गया। अमित सिह उर्फ गोड्डा और राजकुमार सिंह उर्फ गोलु के अपराध स्विकारोक्ति ब्यान के आधार पर घटना मे प्रयुक्त हथियार और गोली को उपलब्ध कराने वाले अपराधी समीर श्रीवास्तव और निखिल सिह को भी गिरफ्तार किया गया है। वहीं इस मामले में पुलिस ने 1 एक देशी कट्टा, 315 बोर का 03 जिंदा कारतुस, टाटा इंडिगो कार, पैशन प्रो मोटरसाईकिल, मोबाईल-05, हेलमेट-01 को जब्त किया है। इन अभियुक्तों के खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से मामले दर्ज हैं।

छापामारी दल में विनय कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी तिलैया थाना, निताय चंद्र साह, पुअनि तिलैया थाना, प्रमोद कुमार सिंह, सअनि तिलैया थाना व तकनीकी शाखा के कर्मी और पैंथर जवान की भूमिका रही।

## बड़कागांव में धूमधाम के साथ मनायी गयी कृष्ण जन्माष्टमी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न गांव मोहल्ले के कृष्ण मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर मंदिरों को सजाया गया है। साथ ही जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर बड़कागांव के राधा कृष्ण मंदिर को काफी आकर्षक रूप में सजाकर पूजा पाठ किया जा रहा है। वही राम जानकी मंदिर में भी झूले पर श्री कृष्ण को बैठक आकर्षक रूप से सजाया गया है। जहां पर सैकड़ों लोग कृष्ण जन्माष्टमी की पूजा में लगे हुए हैं। इसी प्रकार से बड़कागांव प्रखंड के सभी मंदिरों में भी कृष्ण जन्माष्टमी का पूजा धूमधाम से किया जा रहा है वही कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर सांढ गांव के दुर्गा मंदिर प्रांगण में 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया है जिसमें श्रद्धालुओं के द्वारा हरे राम हरे कृष्ण के भजनों से पूरा वातावरण भक्ति में हो गया है। वहीं पूरे प्रखंड में नन्हे मुन्ने बच्चे राधा कृष्ण के वेशभूषा में आकर्षक नजर आ रहे थे। कृष्ण बनकर बच्चे अपने साथ बांसुरी माथे पर मुकुट, माखन खाते हुए के साथ और राधा बनी बच्चियों अपने साथ मटके में रखा मकान के साथ चेहरे पर मुस्कुराहट लिए दिखाई दे रहे हैं। कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर बच्चों का राधा कृष्ण के भेष में काफी आकर्षक लग रहे थे और सभी घर की माताएं उन बच्चों को सज्जो साज करने में व्यस्त देखी गयी। बताते चले कि कृष्ण जन्माष्टमी पूजा कृष्ण के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर मनाया जाता है। कृष्ण जी को भगवान विष्णु का आठवां अवतार माना जाता है जो सत्य पर आधारित धर्म की स्थापना करने और भक्तों की रक्षा करने के लिए पृथ्वी पर आये थे। राधा कृष्ण के वेशभूषा में दिखाने वालों बच्चों में मुख्य रूप से अभी कुमार, सम्राट पृथ्वीराज, अनुराज जीत, नित्यम कुमार, आरव राज, शिवांश कश्यप, अनुमित शौर्य, वृद्धि कुमारी, एंजल कमल, सक्षम कुमार, सभ्यता कुमारी सहित सैकड़ों नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा कृष्ण के रूप में दिखे।

## जेएलकेएम की बैठक में पंचायत कमेटी का गठन



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** जेबीकेएसएस/जेएलकेएम के कार्यकर्ताओं की एक बैठक पेटो पंचायत स्थित पंचायत भवन में सोमवार को आयोजित की गयी। इस बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी के बेहतर प्रदर्शन को लेकर भी विचार विमर्श किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामवतार रजक व संचालन राजेश कुमार साहू ने किया। बैठक में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं में टाइगर जयराम महतो के हाथ को मजबूत करने और झारखंडी एकता और सम्मान के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया। साथ पार्टी के संगठन को पंचायत स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से पेटो पंचायत कमिटी का भी गठन किया गया। इसके तहत रितेश यादव को अध्यक्ष, रविन्द्र कुमार साव, मो इरफान व दीपक कुमार को उपाध्यक्ष, जितेन्द्र कुमार साव को सचिव, मनोज रजक व सुरेन्द्र कुमार महतो को सह सचिव, निरंजन यादव को कोषाध्यक्ष, इदरीश अंसारी को प्रवक्ता, नेतलाल कुमार को संगठन महामंत्री व संजीत यादव और अजय कुमार साव को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। वहीं कार्यकारिणी में सुभाष कुमार, राकेश कुमार, आशीष रजक, राजू कुमार रजक, बिजेंद्र यादव, मिथलेश कुमार, मन्नू कुमार, परमेश्वर यादव, जयदीप कुमार और मिथलेश कुमार सहित कई लोगों को शामिल किया गया है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार महतो, अनिल कुमार मुंडा, राकेश कुमार मेहता, हिरामन महतो, लीलाधर प्रजापति, अजित यादव, नागमणि कुमारी, राजेश कुमार साव, बासुदेव साव, महेंद्र यादव, पिंकी देवी, महेश रजक सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## एंजेल्स स्कूल में मना जन्माष्टमी का त्योहार



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कई जगह पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। हजारीबाग के बड़कागांव रोड अवस्थित एंजेल्स हाई स्कूल परिसर में भक्ति और आस्था से परिपूर्ण होकर जन्माष्टमी का त्योहार मनाया गया। मौके पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल विशेषरुप से उपस्थित हुए और अपनी मां विद्या जायसवाल, धर्मपत्नी निशा जायसवाल, पुत्र करण जायसवाल, पुत्र बधू अवंतिका जायसवाल और पौता- पौती सहित अपने परिवार और स्कूल परिवार के सदस्यों के साथ कन्हैया का मनमोहक श्रृंगार कर उन्हें विधि-विधान से झूले में अधिष्ठापित किया। लड्डू-गोपाल को भक्ति गीतों संग झूमते-गाते सांसद मनीष जायसवाल सहित अन्य सभी लोगों ने झूला-झुलाया और भोग लगाया। यहां स्कूल के चारों हाउस के बीच मटका फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के चार हाउस अर्थ, फायर, वॉटर और एयर हाउस के बच्चों ने दम दिखाया। मटका फोड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग के विजेता अर्थ हाउस और विजेता फायर हाउस बना वहीं बालिका वर्ग में विजेता वॉटर हाउस और विजेता एयर हाउस रहा। स्कूली बच्चों ने कृष्ण जन्माष्टमी के त्यौहार को हर्षोल्लासपूर्वक मनाया और हाथी घोड़ा पालकी- जय कन्हैया लाल की, जय श्री कृष्ण के नारे खूब लगाए। यहां स्कूल बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरूप के नटखटपन को सामुहिक नृत्य के माध्यम से जीवंत कर सबका मन मोह लिया । मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की लोगों में भक्ति, श्रद्धा और आस्था के प्रति लोगों की चाहत बढ़ी है। उन्होंने कहा की भगवान श्रीकृष्ण हमारे आदर्श हैं और सदियों से उन्हीं के आदर्शों को आत्मसात कर हिंदू समाज के लोग आदर्श कार्य कर रहे हैं लेकिन वर्तमान कलयुग में भगवान श्री कृष्ण के आदर्शों को विशेष आत्मसात करने की आवश्यकता है ।

## बड़कागांव में हाथियों के झुंड ने फसलों को किया नष्ट



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड में 22 सदस्यीय हाथी का एक झुंड प्रवेश कर विभिन्न गांव में संपत्ति, परिसंपत्ति और खरीफ फसल को नुकसान पहुंचाने का काम किया जा रहा है। प्रखंड के पूर्वी सीमा सेहदा, चपरी जोराकाठ जंगल से प्रवेश करते हुए बीती रात नापोकला गांव तक हाथी का झुंड पहुंच चुका है। ग्रामीणों के अनुसार नापोकला में कई किसानों का धान का फसल को रौंदे जाने की खबर है। इसके अलावा छटु गोप का मकान का खिड़की का भी नुकसान पहुंचाया गया। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों के अनुसार हाथी का झुंड बाघलतवा जंगल में डेरा जमाए हुए हैं।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 27 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in
05

## चोरी के हाइवा के साथ दो गिरफ्तार

चतरा (आजाद सिपाही)। पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र के रामटुंडा गांव से 24 अगस्त की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी किया गया जेएच 02 ए/1073 नंबर की हाइवा वाहन को बरामद कर लिया है साथ ही इस घटना में शामिल दो चोरों को घर दबोचा। इस संबंध में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के रामटुंडा गांव निवासी रामस्वरूप कुमार यादव पिता देवनारायण यादव के घर के पास से खड़ी हाइवा की चोरी की गई थी इस संदर्भ में सदर थाना कांड संख्या 282/24 दर्ज कर अपराध कर्मियों की छापामारी के लिए खोजबीन की जा रही थी। उन्होंने बताया कि 25 अगस्त को पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि चोरी की गयी हाइवा मयुरहंड थाना क्षेत्र के जंगल की ओर जा रही है। सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए सदर थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा मयुरहंड थाना क्षेत्र के तेतरिया जंगल से चोरी की गई हाईवा को बरामद किया गया । साथ ही चोरी करने वाले दो अपराधी को हाईवा के साथ गिरफ्तार किया गया। रिमाइंडर पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि अपराधी सचिन कुमार यादव सदर थाना क्षेत्र के दारियातू गांव का रहने वाला है। जबकि शिव सेवक कुमार यादव पिता धनु यादव इटखोरी थाना क्षेत्र के मुरूमदाग गांव का रहने वाला है। सचिन कुमार यादव का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। इस अभियान में सदर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक राहुल सिंह, मयूरहंड थाना प्रभारी अमित कुमार समेत सदर थाना एवं मयुरहंड थाना के पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### महज 24 घंटे में पुलिस ने सुलझायी गुत्थी, एसपी ने दी जानकारी

# पैसे के लिए चाचा ने करायी संजय बेदिया की हत्या

**दो लाख रुपये सुपारी देकर शूटर से कराई थी प्लंबर मिस्त्री संजय बेदिया की हत्या**

**भारतमाला परियोजना से 1 साल पहले संजय के परिवार वालों को मिले थे 3.12 करोड़ रुपये**

आजाद सिपाही संवाददाता



### छापामारी टीम में ये थे शामिल

छापामारी टीम में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, पुलिस निरीक्षक मांडू सुरेश लिंडा, कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे, मांडू थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव, बेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार, बरकाकाना ओपी प्रभारी मो अख्तर अली, सब इंस्पेक्टर संजय हेंब्रम सहित तकनीकी शाखा एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### एक साल पहले संजय के परिवार वालों को मिले थे 3.12 करोड़ रुपये

जांच के दौरान यह पता चला कि संजय के परिवार वालों की जमीन भारत माला प्रोजेक्ट और फोरलेन में गयी है एक साल पहले ही उनके सारे गोतिया लोग को मिलाकर सरकार ने 3 करोड़ 12 लख रुपए दिए थे इस प्रोजेक्ट में धर्मेंद्र बेड़िया पूरे परिवार का नेतृत्व कर रहा था उसने पूरे परिवार को बताया कि सरकार से सिर्फ दो करोड रुपए ही मिले हैं जिसमें सभी की हिस्सेदारी थी बाद में संजय बेड़िया को यह मालूम पड़ गया कि सरकार ने 3 करोड़ 12 लाख दिए हैं और धर्मेंद्र एक करोड़ 12 लख रुपए हड़प चुका है। इसके बाद संजय ने अपने हिस्से की रकम के लिए धर्मेंद्र पर दबाव बनाना शुरू किया। धर्मेंद्र वह पैसे देना नहीं चाहता था, इसीलिए उसने अपने फुहेरे भाई के साथ मिलकर उसकी हत्या की साजिश रची। 23 अगस्त को कुज्जू नया मोड़ से ही वे लोग संजय के पीछे लग गये थे इसके बाद शाम 7:00 बजे जब संजय अपने ससुराल से घर लौट रहा था तो तिलैया गांव पहुंचने से पहले ही सुनसान जगह देखकर अमन ने उसे पर गोली दाग दी।

रामगढ़। भारत माला परियोजना से मिले मुआवजा राशि को हड़पने के लिए एक चाचा ने अपने ही भतीजे को मरवा दिया। पैसा पचाने की नीयत ने चाचा को हैवान बना दिया। नियत इतनी बिगड़ी कि उसने अपने भतीजे को शूटर बुलवाकर गोली मरवा दिया। इसके लिए शूटर को दो लाख रुपये देने की डील हुई थी। शूटर को काम करने से पहले 25 हजार रुपया एडवांस मिला था। यह जानकारी सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी अजय कुमार ने पत्रकारों को दिया। उन्होंने बताया कि गठित एसआइटी की टीम ने महज 24 घंटे में हत्या की गुत्थी सुलझा की। इसके लिए टीम में शामिल एक-एक पदाधिकारी और पुलिसकर्मी बधाई के पात्र है। एसपी ने बताया कि इस मामले में 5 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि 23 अगस्त की शाम संजय बेदिया की तिलैया गांव के पास ही हत्या कर दी गयी थी।

**अपराधियों के पास से बरामद हुए पिस्टल और जिंदा कारतूस:** एसपी अजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से 7.65 बोर का पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, घटनास्थल से तीन खोखा, घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल और पांच मोबाइल जब्त किये गये हैं। इस मामले में कुजू ओपी क्षेत्र के तिलैया गांव निवासी धर्मेंद्र बेदिया, पतरातू थाना क्षेत्र के जोबा खपिया गांव निवासी सुभाष बेदिया, हजारीबाग जिले की बढ़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत आसवां गांव निवासी करण उरांव, जरजरा उरीमारी निवासी उमेश बेदिया और मुख्य शूटर रांची जिले के ओरमांझी थाना क्षेत्र अंतर्गत गुडू पाचा गांव निवासी अमन कुमार ठाकुर को गिरफ्तार किया गया है।

**24 घंटे के अंदर पकड़े गये सारे अपराधी:** हत्याकांड के 24 घंटे के अंदर ही एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में बनी स्पेशल टीम ने सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया था। घटना के बाद पूछताछ के दौरान यह पता चला की बाइक पर सवार दो लोगों ने बारिश के दौरान ही संजय बेदिया पर गोली चलाई थी। उसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया था। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो चुकी थी। छानबीन के दौरान पुलिस को तत्काल यह पता चल गया कि इस घटना के पीछे धर्मेंद्र बेदिया है। धर्मेंद्र संजय का चाचा है। धर्मेंद्र ने अपने फुफेरे भाई सुभाष बेदिया के साथ मिलकर शूटर अमन कुमार ठाकुर को पैसे देकर रामगढ़ बुलाया था। अमन ने ही कारण और उमेश के साथ मिलकर हत्या की सुपारी ली। वे लोग लगभग 1 महीने से संजय बेदिया की हत्या करने का प्रयास कर रहे थे।

## विधायक ने लगाया जनता दरबार



पतरातू (आजाद सिपाही)। जनता की समस्याओं का समाधान करना मेरा पहली प्राथमिकता है। इसलिए प्रत्येक सोमवार को जनता दरबार का आयोजन कर आम जन के विभिन्न समस्याओं का निवारण करने की पहल की जाती है। ताकि जनता को कहीं भटकना न पड़े और मुझे डायरेक्ट संपर्क कर अपनी समस्या रख सके। यह बातें पतरातू प्रखंड मुख्यालय स्थित विधायक कार्यालय में आयोजित जनता दरबार के दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव से कई समस्याओं को लेकर पहुंचे क्षेत्र के लोगों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। इस दौरान विधायक ने क्षेत्र के लोगों की समस्या सुनी और कई समस्या का मौके पर समाधान कर दिया। इस मौके पर पतरातू प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता, अंचल अधिकारी अमित भगत, विधायक प्रतिनिधि कृष्ण सिंह, असगर अली, अनजन प्रसाद, जय सिंह, शंकर पासवान रमेश बेदिया, प्रीतम सिंह, नइम अंसारी प्रदीप साव, रूपा देवी, निर्मला देवी, इमरान अंसारी, मकसूद आलम, भेरुगूनाथ सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## मांडू में प्रदेश अध्यक्ष और स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत



मांडू (आजाद सिपाही)। रामगढ़ से हजारीबाग जाने के क्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता और कैबिनेट मंत्री रविंद्र सिंह का मांडू में जिला उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इसके उपरांत सभी साथियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भोजन मांडू में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष जिला सचिव रविंद्र कुमार के यहां किया। कार्यक्रम में जिला सचिव मो मिस्टर आलम, श्याम कुमार सिंह, नंदकिशोर यादव, संदीप कुशवाहा, राजकुमार टुडू ,रोहित महतो, जावेद हुसैन, सौरभ बेलथरिया, मो आरिफ, अनिरुद्ध सिंह, तुलसी महतो, महेंद्र ठाकुर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। इधर मांडू चट्टी पंचायत के सहिया दीदी ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को बुके देकर सम्मानित करते हुए अपने समस्याओं से अवगत कराया। स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता सहिया दीदी को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर सहिया शबाना आजमी, मंजू देवी, सरस्वती देवी, सविता देवी समेत कई सहिया मौजूद थे।

## मांडू की आयशा ने बॉक्सिंग में जीता स्वर्ण पदक





मांडू (आजाद सिपाही)। मांडू के अध्यनरत अग्रसेन डीएवी भरेचनगर सांडी की छात्रा आयशा सिद्दिकी ने राज्य स्तरीय धनबाद कोयलानगरी में आयोजित तीन दिवसीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के केटेगरी अंडर 14 में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रौशन की है। क्वार्टर फाइनल में आयशा सिद्दिकी ने डीएवी महुदा धनबाद के प्रतियोगी को प्रथम चक्र में नॉक आउट किया। सेमीफाइनल में डीएवी पुनदाग रांची के प्रतियोगी प्रथम चक्र में नॉक आउट किये। जबकि फाइनल मैच में डीएवी हजारीबाग की प्रतियोगी को दूसरे चक्र में नॉक आउट किया और स्वर्ण पदक जीता। आयशा सिद्दिकी ने स्वर्ण पदक जीतने पर बताया कि मेरे जीत में मेरे विद्यालय के प्राचार्य निशिकांत कर, खेल प्रशिक्षक सुमित कुमार, बॉक्सिंग कोच रवि सोरेन के अलावे माता-पिता, शुभ चिंतक, अभिभावक, पंचायत प्रतिनिधि को श्रेय दिया। आयशा सिद्दिकी के बाक्सिंग में स्वर्ण पदक जीतने पर पूर्व प्रमुख छोटेलाल साहु, अमरेंद्र गुप्ता, इंद्रनाथ साव, सागिर हुसैन, हाजी मो अताउल्लाह अंसारी, समाज सेवी अशोक कुमार, प्रभुवन राम, कुलदीप प्रसाद, मांडूडीह मुखिया बैजनाथ राम, मांडूचट्टी पंसस विवेक कुमार गुप्ता, मांडू चट्टी उप मुखिया पंकज कुमार गुप्ता, सर्वजीत सिंह, बासुदेव गंझू, भोलेश्वर भोक्ता, राजेश हांसदा ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हे बधाई दिया है।

# पतरातू में पकड़ा गया बाइक चोर राजा पाल

**करनामें सुनकर उड़ गये पुलिस के होश**

**पुलिस ने की छानबीन तो बरामद हुई रांची से चोरी की गयी तीन बाइक**

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। जिले के पतरातू क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता ने एक बड़े बाइक चोर गिरोह का खुलासा कर दिया है। पुलिस द्वारा पकड़े गये चोर गिरोह के सरगना राजा पाल उर्फ राजा बंगाली ने ऐसे करनामें किये हैं, जिसे सुनकर पुलिस के होश उड़ गये। राजा के साथ उसके दोस्त राहुल कुमार को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस पूरे मामले की जानकारी सोमवार की शाम प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने दी। एसपी ने बताया कि पतरातू क्षेत्र में बाइक चोर गिरोह को संदिग्ध हालत में घूमते हुए देखा गया था। पुलिस को जैसे ही इसकी सूचना मिली पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम के नेतृत्व में थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता के द्वारा छापेमारी शुरू कर दी गयी। पोस्ट ऑफिस के पास जब पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में बाइक पर सवार दो लोगों को देखा तो बाइक सवार वहां से भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर दोनों युवकों को पकड़ा। पूछताछ के दौरान उन लोगों की पहचान पतरातू थाना क्षेत्र के पंचमंदिर, जी टाइप क्वार्टर निवासी राजा पाल उर्फ राजा बंगाली और कनौदागढ़ निवासी राहुल कुमार के रूप में हुई।

**राजा पाल पर पहले से दर्ज है 9 मामले :** राजा पाल उर्फ राजा बंगाली काफी शातिर चोर है। उसपर पहले से ही 9 मामले दर्ज हैं। राजा पाल अभी हाल में ही चोरी की एक मामले में रांची जेल गया था। जमानत पर बाहर निकलते ही उसने अपना धंधा शुरू कर दिया था। इससे पहले भी उसे पर आर्म्स एक्ट, रंगदारी, डकैती, चोरी और पोक्सो एक्ट के तहत मामले दर्ज किया जा चुके हैं। टीम में पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार रजक सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## तिरला जंगल में मिला युवक का शव

गोला (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के तिरला जंगल में सोमवार की दोपहर को एक युवक का शव पेड़ के नीचे झूलता हुआ पाया गया। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। पुलिस ने झूलता हुआ शव को नीचे उतार कर अपने कब्जे में कर लिया। युवक का शव गमछा के सहारे झूल रहा था। युवक का उम्र करीब तीस वर्ष के आस-पास लग रहा है। देखने से यह प्रतीत हो रहा है कि वह आस-पास के फेक्ट्री या अन्य जगह में मजदूरी का काम करता है। थाना प्रभारी हरिपद टुड्डू ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला फांसी लगाने का लगता है। शव की पहचान नहीं हो पायी है। शव को सीत गृह भेज दिया गया है। इधर आस-पास के ग्रामीण इसे हत्या से जोड़कर भी देख रहे है। ग्रामीण बता रहे है कि अनजान व्यक्ति कैसे इस जंगल में प्रवेश किया। मामला हत्या है या आत्महत्या पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कहा जा सकता है।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर झांकी के साथ निकाली भव्य शोभा यात्रा



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल, सयाल-उरीमारी सहित आसपास के क्षेत्रो में सोमवार को पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ जनमाष्टमी पर्व मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान व भव्य भंडारा का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इधर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर यादव समाज द्वारा सोमवार को पटेलनगर सीसीएल कॉलोनी स्थित श्री राधा-कृष्ण ठाकुर बाड़ी मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा में श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चे भगवान श्री कृष्ण से जुडे भजनों पर नाचते-गाते और राधे-राधे, जय श्रीकृष्ण व जय यादव-जय माधव के जयकारा लगाते हुए थाना मैदान पहुंचे। जहां खीर का प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हो गया। इसके पूर्व पटेलनगर सीसीएल कॉलोनी स्थित राधा-कृष्ण ठाकुर बाड़ी मंदिर परिसर से सोमवर को यादव समाज द्वारा सामुहिक रूप से पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की गयी। तत्पश्चात अखंड ज्योत लेकर झांकी निकाली गयी। शोभा यात्रा ढोल-नगाड़ों व पीला झंडा के साथ मंदिर परिसर से शुरू हुआ। जो पेट्रोल पंप, बिरसा चौक, मेनरोड भुरकुंडा बाजार, संकट मोचन मंदिर होते हुए थाना ग्राउंड काली मंदिर परिसर पहुंचा। जहां श्रद्धालुओं के बीच खीर के प्रसाद वितरण के साथ शोभा यात्रा का समापन हुआ। शोभा यात्रा में गिरधारी गोप, अमरदीप यादव, हृदयानंद यादव, नेपाल यादव, धनंजय यादव, कन्हैया यादव, शंकर यादव, रामविलास यादव, सत्येंद्र यादव, संतोष यादव, धर्मेंद्र यादव, गोकुल यादव, संजय यादव, विरेन्द्र यादव, रामेश्वर गोप, प्रदीप यादव, सुरेन्द्र यादव,संजय कुमार यादव, शिव कुमार यादव, बैजनाथ यादव के अलावे दर्जनों श्रद्धालु शामिल थें।

# विधानसभा चुनाव में झामुमो बड़े भाई की भूमिका में होगा : केशव महतो कमलेश

आजाद सिपाही संवाददाता



कुजू। लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस बड़े भाई की भूमिका निभाया है। जबकि आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में झामुमो बड़े भाई की भूमिका में चुनाव लड़ेगी। निश्चित ही झारखंड की जनता के प्यार और अपार समर्थन से प्रबल बहुमत के साथ इस बार भी झारखंड में इंडिया गठबंधन सरकार बनेगी। उक्त बातें कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने नयामोड फोरलेन चौराहे पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। पूर्व सीएम चंपई सोरेन के सवाल पर उन्होंने कहा कि उनके चले जाने से झारखंड में इंडिया गठबंधन को किसी प्रकार का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इससे पूर्व, कांग्रेस वरिष्ठ नेता नीरज कुमार झा उर्फ पप्पू झा की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नये प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। वही, कार्यकर्ताओं ने बुके देकर व उनके पक्ष में जमकर नारों के साथ स्वागत किया। इस बीच प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो ने मांडू के पूर्व विधायक स्व टेकलाल महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित नमन किया। स्वागत करने वालों में नीरज झां, जयशंकर पाठक, बिनोद बिहारी महतो, सागर महतो, मुकेश ठाकुर, धनंजय ठाकुर, मनोज महतो, नवल ठाकुर, जीतन ठाकुर, हरि महतो, शरण, पुरुषोत्तम कुमार, अनुग्रह पंडित, प्रेम शंकर महतो, जग्गू महतो शामिल रहे।

## प्रतिबंधित मांस के साथ युवक धराया

गोला (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के चोकाद गांव के ग्रामीणों ने प्रतिबंध मांस के साथ एक युवक सफदर अंसारी पिता अमजद अंसारी बेटूल खुर्द को पकड़ा है। युवक प्रतिबंध मांस को बेटूल कलां ले जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर ग्रामीणों ने युवक का बाइक रोक दिया। इसके बाद युवक भागने लगा। दौड़ा कर युवक को पकड़ लिया गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना गोला थाना को दी । पुलिस ने प्रतिबंध मांस को जब्त करते हुए युवक को हिरासत में ले लिया। उपकारा भेज दिया है। थाना प्रभारी हरिपद टुड्डू ने बताया कि युवक पर मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में रामगढ़ उपकारा भेज दिया है। प्रतिबंधित मांस कहां से जा रहा था यह अनुसंधान के बाद बताया जा सकता है। बताया गया कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर प्रतिबंध मांस खपाया जाता है।

## पांच सूत्री मांगों को लेकर उरीमारी पीओ ने रैविमो के साथ की वार्ता



उरीमारी (आजाद सिपाही)। उरीमारी परियोजना कार्यालय में सीसीएल प्रबंधन उरीमारी, आशीर्वाद कंपनी और रैयत विस्थापित मोर्चा उरीमारी शाखा के बीच पांच सूत्री मांगों को लेकर सकारात्मक वार्ता हुई। इस बैठक की अध्यक्षता परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार ने की। रैयत विस्थापित मोर्चा की ओर से निम्नलिखित पांच सूत्री मांग थी। उरीमारी परियोजना के अंतर्गत आउटसोर्सिंग कंपनी में ग्राम पोटंगा के बारह टोला के सभी बेरोजगार विस्थापितों को प्राथमिकता के आधार पर शत प्रतिशत रोजगार दिया जाये ताकि यहां से कोई बेरोजगार विस्थापित दूसरे स्थान पर पलायन न कर सके। ग्राम भुरकुंडवा और रस्काटोला के विस्थापित ग्रामीणों के लिए नदी और शमशान घाट आने जाने का रास्ता बनाया जाये। खाता न. 78 भूमि के एवज में नौकरी और मुआवजा दिया जाये। विस्थापितों को बैठने के लिए शेड बनाया जाये। ग्राम पोटंगा टोला गंधौनियां में दो चबूतरा का निर्माण, क्लब घर का मरम्मत और गंधौनिया के चारो ओर बाउंड्री को मरम्मत कर रंग रोगन किया जाये। उपरोक्त पांच सूत्री मांग पर सीसीएल प्रबंधन उरीमारी की ओर से सकारात्मक आश्वासन दिया गया। इस बैठक में दिलीप कुमार,एम पी गुप्ता, नीतीश, चंदन कुमार, सूरज बेसरा, मोहन सोरेन, संजय करमाली, बिनोद हेम्ब्रोम, राजकुमार हेंब्रम, रविन्द्र सोरेन, साहेबराम बेसरा, अजय करमाली, पंकज हेंब्रम, आनंद बेसरा, मनोज उरांव, नरेश बेसरा, नरेश हंसदा, सुरेश टुडू, प्रदीप बेसरा, सूरज बेसरा, रमेश हंसदा, राम बेसरा, सोमरा मांझी, महादेव टुडू, राजेश सोरेन सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सैकड़ों ग्रामीणों ने भाकपा माले की ली सदस्यता

कुजू (आजाद सिपाही)। भाकपा माले आरा सारुबेड़ा लोकल कमिटी की बैठक आरा कार्यालय में हुई। बैठक का संचालन जिला कमेटी सदस्य जयवीर हांसदा और महादेव मांझी ने संयुक्त रूप से की। बैठक में मुख्य रूप से भाकपा-माले के केंद्रीय सदस्य कामरेड शुभेन्दु सेन, जगरनाथ उरांव, जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया शामिल रहे। बैठक के दौरान सारुबेड़ा गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाकपा-माले का सदस्यता ग्रहण किया। साथ ही, कहा कि भाकपा माले ही गरीबों का मददगार पार्टी है। जो गरीबों के लिए सदैव खड़ा रहती है। इसी आस्था और विश्वास के साथ हम सब ग्रामीणों ने भाकपा माले का सदस्यता लिया हूं। बैठक के दौरान मुख्य रूप से मौजूद केंद्रीय कमेटी सदस्य शुभेन्दु सेन ने पार्टी का झंडा देकर ग्रामीणों को शपथ दिलाया। वही, पार्टी के सिद्धांतों, अनुशासन, अधिकार व कर्तव्य से अवगत कराते हुए पार्टी के प्रति ईमानदारी पूर्वक कार्य करने का आह्वान किया। वही, सदस्यता ग्रहण करने वालो ने ग्रामीणों ने सारुबेड़ा में जल-जंगल-जमीन व विस्थापन की समस्याओं से पार्टी आलाकमान को जानकारी दी। बैठक के दौरान भाकपा-माले की आगामी 9 सितंबर को होने वाले एकता रैली में सैकड़ों महिला-पुरुष भाग लेने का आह्वान किया गया। साथ ही, आने वाले समय में विस्थापन को लेकर ग्रामीणों का आंदोलन तेज करने की घोषणा की गयी।

# खेलकूद प्रतियोगिता का सांसद ने किया शुभारंभ

**पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी रामगढ़ के युवा बनाये पहचान, करूंगा हर संभव मदद: चंद्रप्रकाश चौधरी**

आजाद सिपाही संवाददाता



### फुटबॉल और वॉलीबॉल में ये रहे विजेता

उद्घाटन मैच कैथा बनाम अरगड्डा के बीच खेला गया, जिसमें अरगड्डा की टीम विजय रही, दूसरा मैच केंट बोर्ड रामगढ़ वार्ड नंबर 8 बनाम बाजार टांड वार्ड नंबर 2 के बीच खेला गया जिसमें कैन बोर्ड रामगढ़ विजय रही, कोई तीसरा मैच दोहाकातू बनाम बरलौंग के बीच खेला गया जिसका बिना दोहाकातू रही। वही वॉलीबॉल में छावनी परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 और 8 क बीच खेला गया, जिसके विनर वार्ड 8 रही, दूसरे मैच में बरलौंग बनाम कुंदरूकला के बीच खेला गया, जिसके विनर कुंदरकला रही। वही तीसरा मैच अरगड्डा बनाम यंग स्पोर्टिंग क्लब के के बीच खेला गया और अरगड्डा विजय रही। इसके अलावा और अन्य मैच भी खेले गये।

रामगढ़। आजसू युवा मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का सोमवार को छावनी फुटबॉल मैदान में राष्ट्रगान के साथ शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने दीप प्रज्वलित और फीता काटकर किया। प्रतियोगिता रामगढ़ नगर परिषद और छावनी परिषद अंतर्गत खिलाड़ियों के लिए आयोजित की गयी। खिलाड़ी फुटबॉल, बॉलीबॉल, मिनी मैराथन, क्रिकेट में अपनी प्रतिभा दिखाये। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू युवा मोर्चा जिला सह प्रभारी रोहित सोनी व संचालन नीतीश दांगी ने किया।

**पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी रामगढ़ के युवा बनाये पहचान, करूंगा हर संभव मदद: चंद्रप्रकाश चौधरी:** खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि खेल महोत्सव खेलो युवा, खेलो रामगढ़ के तहत यह कार्यक्रम आयोजित की गयी है और सभी युवा इस खेल में बढ़चढ़ भाग ले रहे हैं। खेल को लेकर युवाओं में एक उत्साह जगह है, क्योंकि युवा खेल से ही अपना स्वास्थ्य को ठीक रख सकते हैं और खेल से भी अपना करियर बना सकते हैं। उन्होंने आयोजन समिति को इसके लिए बधाई दी। मौके पर मुख्य रूप से युवा समाजसेवी पीयूष चौधरी, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली, अरुण अग्रवाल, नीरज मंडल, बॉलीबॉल एसोसिएसन के अध्यक्ष गोपाल राम, नगर संयोजक नितिश दांगी, संदीप शर्मा, सतीश कुशवाहा, अजय पांडे, मुकेश राम, राकेश साहू, जनार्दन राम, लाल बाबू, अजीत गुप्ता, अंकित अग्रवाल, अंकित सिंह, आनंद मुंडा, कृष कुमार, आदि उपस्थित थे।

**LOST & FOUND**

As per Affidavit Ref. No. 292 Dated 29.08.2024 , I Radheshyam Poddar S/o. Late Kedar Nath Poddar Resident of Flat no. 303, Panchwati Gardens, Behind C. N. Honda, Bariatu, P.s. Bariatu, Dist.- Ranchi Jharkhand- 834009 do Hereby solemnly affirm and declare as follows :-

1. That I Am an indian Citizen and living in above mentioned address.

2. That I have lost original sale deed of a plede of land vide deed No. 7812 Dated 22/05/1970 on 20/08/2024 during getting photo copy of said documents in upper bazar, Ranchi to which I Have not been able to trace out till today in spite of my great effort. that this affidavit is being executed to today the missing complaint (Sanha) in condemed police Station. 4. That all statements given in this affidavit is correct and true, if it is found false I shall be fully personally for it.

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 27591 Dated 30.07.2024 . I Bikesh Mallah S/o. Sarju Mallah, R/o. Vill- Baranw Tola - Karmaha, Po.- Harinamar, P.s- Chainpur, Dist. Palamu, Jharkhand-822110, Do hereby solemnly affirm & Declare as follows : -

1. That I Am the employee of central coalfield limited posted ad churi colliery, CMPF No. RAN/4-390, PIS 11124161.

2. That Fulwa Devi is my wife and her date of birth is 10.01.1980.

3. That at the time of my joining on 19.01.2000, my aforesaid wife age is 19 years.

4. That now I want to enrol my wife's date of birth as 10.01.1980 In my service book hance this affidavit.

Sworn & signed this affidavit on 30.07.2024 at ranchi.

# पेंशन के मुद्दे पर दूर हुई उलझन

सरकारी कर्मचारियों के लिए शनिवार को घोषित एकीकृत पेंशन स्कीम (यूपीएस) को सही अर्थों में मध्यम मार्ग का एक अच्छा उदाहरण कहा जा सकता है। इस स्कीम के जरिये सरकार ने जहां कर्मचारियों के भविष्य से जुड़ी असुरक्षा दूर करने की कोशिश की है, वहीं बजट पर पड़ने वाले बोझ के अनुपात का भी ध्यान रखा है।

**चुनावी पहलू :** निश्चित रूप से इस कदम का चुनावी पहलू खासा अहम है। हालांकि इसके पीछे सोच-विचार की लंबी प्रक्रिया दिखती है। केंद्र सरकार ने पेंशन स्कीम पर विचार करने के लिए अप्रैल 2023 में ही तत्कालीन वित्त सचिव टीवी सोमनाथ की अध्यक्षता में एक समिति बना दी थी। व्यापक विचार-विमर्श के बाद समिति ने अपनी सिफारिशें दीं, जिन पर कैबिनेट ने शनिवार को मुहर लगा दी। मगर यह मंजूरी ऐसे समय दी गयी, जब हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के लिए विधानसभा चुनाव की तारीखें घोषित हो चुकी हैं। महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली में अगले कुछ महीनों में चुनाव होने तय हैं।

**ओपीएस का मुद्दा :** मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने कई विधानसभा चुनावों में ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) की वापसी को प्रमुख मुद्दा बनाया था। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को मिली जीत के पीछे इस मुद्दे की प्रमुख भूमिका मानी गयी थी। हालांकि मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों के चुनाव नतीजों पर इसका खास असर नहीं देखा गया। एक्सपर्ट की तरफ से यह भी कहा जा रहा था कि ओल्ड पेंशन स्कीम देश भर में फिर से लागू करने का विचार इकॉनमी के लिहाज से खासा नुकसानदेह हो सकता है। संभवतः इन्हीं वजहों से कांग्रेस ने भी लोकसभा चुनावों में इसे उठाने से परहेज किया।

**सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन स्कीम (यूपीएस) की घोषणा की, जिससे उनके भविष्य की वित्तीय सुरक्षा मजबूत होगी। इस स्कीम में फिक्स्ड पेंशन, अश्योर्ड फैमिली पेंशन और इन्फ्लेशन इनडेक्सेशन शामिल हैं। ये कदम हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के दौरान लिया गया, जिससे इसका चुनावी महत्त्व भी प्रमुख है।**

**सरकारी कर्मचारियों में बेचैनी :** इन सबके बावजूद नई पेंशन योजना खास तौर पर सरकारी कर्मचारियों के बीच बेचैनी की वजह बनी हुई थी। माना जा रहा था कि सरकारी सेवा में पूरी जिंदगी खपाने वालों को सेवानिवृत्ति के बाद जिस तरह की आर्थिक सुरक्षा मिलनी चाहिए, वह न्यू पेंशन स्कीम नहीं दे पा रही। कुछ विधानसभा चुनावों में कांग्रेस द्वारा इसे जोर-शोर से उठाने के चलते, सही या गलत, पर यह परसेप्शन भी बना हुआ था कि इस मसले पर कांग्रेस का रुख सहानुभूतिपूर्ण है। इसे बदलना सरकार और सत्तारूढ़ दल को जरूरी लग रहा था।

**एक ठोस कदम :** यूनिफाइड पेंशन स्कीम को इस लिहाज से एक ठोस कदम माना जा सकता है। फिक्स्ड पेंशन, अश्योर्ड फैमिली पेंशन, अश्योर्ड मिनिमम पेंशन और इन्फ्लेशन इनडेक्सेशन जैसे फीचर्स इसे कर्मचारियों के लिए आकर्षक बनाते हैं। विपक्षी दलों की प्रतिक्रिया में भी इस फैसले की आलोचना करने के बजाय सरकार को इसके लिए मजबूर करने का श्रेय लेने का भाव ज्यादा दिख रहा है। कुल मिलाकर इस कदम को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का एक सुफल माना जा सकता है।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**कोलकाता में महिला जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद दर्दनाक हत्या, बिहार के मुजफ्फरपुर में एक किशोरी की अपहरण के बाद गैंगरेप और फिर हत्या, सोनीपत, जींद और यूपी के कन्नौज में 15 साल की लड़की से बलात्कार के प्रयास के आरोप में सपा के एक नेता को गिरफ्तार किया जाना, जैसे मामलों ने समाज को झकझोर कर रख दिया है। आखिर हमारे देश में यौन अपराध क्यों नहीं रुक रहे हैं, यह आज एक अहम सवाल है।**

# क्यों नहीं रुक रहे यौन अपराध, सरकार और प्रशासन पर सवाल

**नीरज मिश्रा**



**देश** में आधी आबादी यानी महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। सरकारें भले ही महिलाओं के आत्मनिर्भर, मजबूत और सशक्तिकरण की बातें करती हों, लेकिन हालात कुछ और ही बयां करते हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद भी सरकारें अपराधों के सामने खुद को बौना ही पाती हैं। सिर्फ कानून बदलने से ही महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो जाती। इसके लिए और अधिक प्रयास किए जाने की जरूरत है।

**कड़ी कार्रवाई और फांसी की सजा:** हाल ही के दिनों की बात करें तो कोलकाता में महिला जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद दर्दनाक हत्या, बिहार के मुजफ्फरपुर में एक किशोरी की अपहरण के बाद गैंगरेप और फिर हत्या, सोनीपत, जींद और यूपी के कन्नौज में 15 साल की लड़की से बलात्कार के प्रयास के आरोप में सपा के एक नेता को गिरफ्तार किया जाना, जैसे मामलों ने समाज को झकझोर कर रख दिया है। ऐसे मामलों को लेकर पूरा देश गुस्से में है और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और फांसी की सजा दिए जाने की मांग कर रहा है। कुछ दिनों पहले मणिपुर में महिलाओं को नग्न कर गांव में घुमाया जाना जैसे तमाम मामले हैं जो सरकार और प्रशासन पर सवाल उठाते हैं।

**ऐसे मामलों में राज्य सरकार, महिला आयोग, प्रशासन और पुलिस की जवाबदेही भी तय करनी होगी।**

ऐसे मामले सामने आने पर राज्य सरकारों, केंद्र सरकार और मौन धारण करना भी सवाल उरशासन को महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं, न घर में, न कार्यालय में, न गांवों और न ही शहरों में, ऐसे में महिलाओं को मजबूती कैसे मिलेगी? वे आत्मनिर्भर कैसे बनेंगी? उनका सशक्तीकरण कैसे होगा? ऐसे तमाम सवाल हैं जो आज भी सुरसा की तरह मुंह बाए खड़े हैं। इस समय महिलाएं संसद, विधानसभा और प्रशासन में बड़े ओहदों पर मौजूद हैं। इसके बावजूद खुद महिलाएं भी महिला अपराधों के खिलाफ ठीक से आवाज नहीं उठा पा रही हैं। ऐसी क्या मजबूरी है कि महिलाएं कई मामलों में सक्षम होने के बावजूद ऐसे मामलों में खुद को असहाय महसूस करती हैं।

**सिर्फ विपक्ष ही नहीं, सत्ता पक्ष की ओर से भी ऐसा देखने में आया है कि जो तेवर और जो अंदाज अलग-अलग राजनीतिक दलों की महिला नेताओं का विरोधियों से जुड़े मामले पर देखने को मिलता है, वही तेवर अपनी ओर क्यों नहीं दिखता। क्या यह जरूरी नहीं, खासकर महिलाओं से जुड़े मामले में महिला नेता अपनी आवाज और बुलंद करें। यदि आवाज बुलंद होगी तो दूसरी बेटियों, महिलाओं को भी इससे ताकत मिलेगी और न्याय की उम्मीद बंधेगी।**

**कोलकाता रेप व हत्याकांड:** कोलकाता में एक महिला ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई दर्दनाक घटना ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। यह घटना महिला सुरक्षा और लोगों के विश्वास पर गहरा प्रश्नचिह्न लगाती है। इस घटना के विरोध में देशभर में प्रदर्शन हो रहे हैं और न्याय की मांग की जा रही है। इस मामले पर राजनीति भी देखी जा रही है। महिला सुरक्षा की मांग और इस पर हो राजनीति के बीच एक बात गौर करने वाली है। ऐसा सिर्फ इसी मामले में नहीं, बल्कि महिलाओं से जुड़े दूसरे मामलों में भी देखने को मिल रहा है। एक चुप्पी जिसके पीछे कई सवाल अपने आप खड़े हो जाते हैं।

बता दें कि नौ अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सेमिनार हॉल में ट्रेनी डॉक्टर की अर्धनग्न लाश मिली थी। डॉक्टर के निजी अंगों, आंखों और मुंह से खून बह रहा था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में दुष्कर्म के बाद हत्या की बात सामने आई थी। इस मामले की अब सीबीआई जांच हो रही है। इससे पहले जांच कर रही पश्चिम बंगाल की पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे थे। आखिर रोंगटे खड़े करने वाली रेप व हत्या की घटना पर पश्चिम बंगाल की महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार एक्शन को लेकर तत्परता से क्यों काम नहीं कर रही थी?

**घटना पर नाउम्मीद क्यों:** इस समय देश में महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में बढ़ाने की बात हो रही है और यह बहुत अच्छी बात भी है। । संसद में महिला आरक्षण बिल पास हो गया और आने वाले वक्त में महिलाओं की भागीदारी और भी बढ़ेगी। यह फैसला भी काफी देर से हुआ, लेकिन ठीक है। ऐसे में महिलाओं की संख्या बढ़ेगी तो महिला सांसद, विधायक महिलाओं से जुड़े मामलों को बढ़चढ़ कर उठाएंगी। यह उम्मीद की जाती है, लेकिन बंगाल और बिहार जैसी घटना पर यह उम्मीद नाउम्मीद में क्यों बदल जाती है।

**यूपी के कन्नौज में भी उत्पीड़न:** यूपी के कन्नौज में 15 साल की लड़की से बलात्कार के प्रयास के आरोप में समाजवादी पार्टी के एक नेता को गिरफ्तार किया गया। इस मामले पर समाजवादी पार्टी की एक महिला नेता ने कहा कि कौन सी नौकरी थी जो 15 साल की बच्ची रात में मांगने गई थी। बलात्कार के प्रयास के आरोप में समाजवादी पार्टी के एक नेता को गिरफ्तार किया गया। इस मामले पर समाजवादी पार्टी की एक महिला नेता ने कहा कि कौन सी नौकरी थी जो 15 साल की बच्ची रात में मांगने गई थी। अब इस बयान को सुनकर कोई क्या मतलब निकालेगा। इससे ऐसा लगता है कि पीड़ित को ही कटघरे में खड़ा कर दिया है। अब आते हैं उस मुद्दे की ओर जो मामले को और गंभीर बनाता है।

**मुजफ्फरपुर में गैंगरेप व हत्या:** बिहार के मुजफ्फरपुर में 9वीं क्लास की छात्रा की गैंगरेप के बाद हत्या कर दी गई। आरोपियों ने उसके साथ पूरी दरिंदगी की। उसके ब्रेस्ट तक काट दिए। निजी अंगों पर भी चाकू से प्रहार किया। किशोरी का शव अर्धनग्न हालत में अगले दिन पोखर में मिला। मुंह पर कपड़ा बंधा था। अगल-बगल मांस के चिथड़े और खून के धब्बे पड़े थे। पीड़ित के परिवार का कहना है कि 5 लोग घर से बेटी को उठाकर ले गए। छात्रा की मां ने थाने में लिखित शिकायत की है। प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, जिसमें गांव के ही संजय राय (41) समेत पांच को आरोपित भी बनाया गया। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेजाबी की, प्रदर्शन कर न्याय मांगा, लेकिन कई दिन बीतने के बाद भी इस मामले में पुलिस और प्रशासन खाली हाथ और मौन है।

**महिलाएं क्यों नहीं दिखाती तेवर:** सिर्फ विपक्ष ही नहीं, सत्ता पक्ष की ओर से भी ऐसा देखने में आया है कि जो तेवर और जो अंदाज अलग-अलग राजनीतिक दलों की महिला नेताओं का विरोधियों से जुड़े मामले पर देखने को मिलता है, वही तेवर अपनी ओर क्यों नहीं दिखता। क्या यह जरूरी नहीं, खासकर महिलाओं से जुड़े मामले में महिला नेता अपनी आवाज और बुलंद करें। यदि आवाज बुलंद होगी तो दूसरी बेटियों, महिलाओं को भी इससे ताकत मिलेगी और न्याय की उम्मीद बंधेगी।

**और कदम उठाने होंगे:** देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए गंभीरता से कदम उठाने होंगे। तभी महिलाओं के खिलाफ अपराध रुकेंगे। वरना नारी यूं ही प्रताड़ना का शिकार होती रहेगी और समाज में भेड़ की खाल में छुपे भेड़िये, दरिंदे यूं ही महिलाओं की अस्मिता के साथ खिलवाड़ करते रहेंगे। वहीं, दूसरी ओर ऐसे मामलों में राज्य सरकार, महिला आयोग, प्रशासन और पुलिस की जवाबदेही भी तय करनी होगी। कानूनों का कठोरता के साथ पालन करना होगा, तभी हम महिला अपराधों पर अंकुश लगाने में कामयाब हो सकेंगे। वरना देश की आधी आबादी यूं ही अपराध झेलती रहेगी और सिसकती रहेगी। आज महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने के लिए मिलकर संगठित प्रयास किए जाने की जरूरत है। तभी यह अपराध का दंश खत्म हो सकेगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# जम्मू-कश्मीर में मोदी-शाह खुद संभालेंगे कमान

## भाजपा के स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी, प्रत्याशियों की सूची पर हंगामा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनावों के तारीखों की घोषणा कर दी है। इसके बाद अब सभी पार्टियों ने रणनीति बनानी शुरू कर दी है। इस बीच भाजपा ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इस लिस्ट के मुताबिक कश्मीर में पीएम खुद प्रचार की कमान संभालते नजर आएंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा के स्टार प्रचारकों में शामिल होंगे। गौरतलब है कि जम्मू कश्मीर के 90 विधानसभा क्षेत्रों के लिए तीन चरणों में 18 सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्टूबर को चुनाव होंगे। वहीं परिणाम चार अक्टूबर को घोषित किए जायेंगे। इसे लेकर भाजपा ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है।

**शिवराज, मनोहर लाल और स्मृति का नाम भी शामिल**

भाजपा के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में कई केंद्रीय मंत्रियों के नाम भी शामिल है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर, जी किशन रेड्डी, डॉ. जितेंद्र सिंह जैसे प्रमुख चेहरे मतदाताओं को लुभाने के लिए मैदान में उतरेंगे। अन्य नामों में शिवराज सिंह चौहान, जय राम ठाकुर, भजन लाल शर्मा, राम माधव, अनुराग ठाकुर, स्मृति इरानी, जनरल वीके सिंह (सेवानिवृत्त), रविंदर रैना और दो पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. निर्मल सिंह और कविंदर गुप्ता के नाम भी शामिल हैं।

**प्रत्याशियों की लिस्ट जारी, पर कलह की खबरें**

इससे पहले सोमवार को भाजपा ने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए 15 नामों की सूची भी जारी की। यह सूची भी खबरों का केंद्र रही। दरअसल भाजपा ने पहले 44 नामों की सूची जारी की थी, लेकिन कुछ देर बाद ही वह सूची वापस ले ली गयी। इसके बाद नई सूची जारी की गई जिसमें 15 प्रत्याशियों के नाम शामिल थे। इस घटनाक्रम के पीछे की वजह केंद्र शासित प्रदेश में पार्टी की अंदरूनी कलह बतायी जा रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाये हैं कि पार्टी जमीन पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर रही है।

# अहमदाबाद के डाकघर में छापा, हाइब्रिड गांजा बरामद

**अहमदाबाद।** गुजरात में अहमदाबाद फॉरेन पोस्ट ऑफिस में पार्सलों के अंदर से 1.70 करोड़ रुपये कीमत का हाइब्रिड गांजा बरामद किया गया है। अहमदाबाद सिटी साइबर क्राइम ब्रांच ने इस संबंध में एफआइआर दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। गुजरात पुलिस ने कहा कि अहमदाबाद में एक विदेशी डाकघर अनुभाग से खिलौनों और महिलाओं के जूतों में छिपाकर रखे गये हाइ क्वालिटी के गांजे से भरे पार्सल के पैकेट बरामद किये गये हैं। शुरुआती जांच से इसका संकेत मिला है कि इस गांजे की खरीद डार्क वेब से की गयी है।

# भारत में रहना है तो 'राम-कृष्ण की जय' कहना होगा: मोहन यादव

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि भारत में रहने वालों को 'राम-कृष्ण की जय' कहना होगा। उन्होंने रहीम और रसखान का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें इसलिए याद किया जाता है, क्योंकि वह खुद को इस मिट्टी से जोड़कर चले। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा नहीं चलेगा कि यहां का खायें और कहीं और का बजायें। मोहन यादव ने सोमवार को अशोकनगर जिले के चंदेरी में जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित श्रीकृष्ण पर्व कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा, रहीम-रसखान अपने को यहां की मिट्टी में जोड़कर चले। सदियों से हम उनका स्मरण करते हैं। जो यहां का खाता है और कहीं और का बजाता है, यह नहीं चलेगा।

# दुमका के 11 श्रमिक तमिलनाडु में बंधक, रिहाई के लिए मांगे जा रहे पैसे

**दुमका (आजाद सिपाही)।** दुमका जिले के 11 मजदूरों को तमिलनाडु में बंधक बना लिया गया है। बंधक बनानेवालों ने रुपयों की मांग भी की है। इस संबंध में मजदूरों के परिजनों ने पुलिस के पास शिकायत की है और अपनों की वापसी कराने की मांग की है। ये मजदूर एक कपड़ा मिल में काम करने गये थे। परिजनों ने बताया कि उनके साथ वहां मारपीट भी की जा रही है। इसकी सूचना मजदूरों ने खुद फोन पर दी है। एक परिवार से ऑनलाइन 15 हजार रुपये भेज भी दिया है, लेकिन मजदूर को अब तक नहीं छोड़ा गया है। मजदूरों के परिजनों ने सीएम हेमंत सोरेन से मदद की गुहार लगायी है। उन्होंने आवेदन के माध्यम से बताया कि बंधक बनाये गये लोगों में दीपक पहाड़िया, शंकर पहाड़िया, राजू पहाड़िया, नोरेन सोरेन, जोगेश सोरेन, मुंशी मुर्मू और राजकिशोर पहाड़िया है। ये सभी चार दिन पहले तमिलनाडु गये थे। रविवार की सुबह वे तमिलनाडु पहुंचे ही थे और चंद घंटे के बाद उन्होंने अपने परिजनों को फोन किया कि हमें बंधक बना लिया गया है। बंधक बनानेवालों ने उनके परिवार वालों को एक मोबाइल नंबर दिया और कहा कि तुम लोग इसमें रुपये भेजो। जब तक रुपये नहीं मिलेंगे, तब तक ये सभी हमारे कब्जे में रहेंगे। धमकी मिलने के बाद दीपक पहाड़िया के परिजनों ने 15 हजार रुपये भेज भी दिया हैं, लेकिन अब तक दीपक को नहीं छोड़ा गया है। एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने कहा कि श्रमिकों की रिहाई के लिए प्रयास कर रहे हैं। जरूरत पड़ी तो दुमका पुलिस की टीम तमिलनाडु जायेगी।

# लद्दाख में पांच नये जिलों के गठन को मंजूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक विकसित और समृद्ध लद्दाख के निर्माण के विजन को साकार करने की दिशा में गृह मंत्रालय ने संघशासित प्रदेश में पांच नये जिलों के गठन को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में इस ऐतिहासिक निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि इस निर्णय से पांच नये जिलों, जंस्कार, द्रास, शाम, नुब्रा और चांगथांग में प्रशासन के सुदृढ़ होने से स्थानीय लोगों को उनके द्वार पर सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इन पांच जिलों के गठन के बाद अब लद्दाख में लेह और कारगिल को मिलाकर, कुल सात जिले हो जायेंगे। लद्दाख क्षेत्रफल के हिसाब से एक बहुत बड़ा संघशासित क्षेत्र है। वर्तमान में लद्दाख में दो जिले हैं - लेह और कारगिल। यह भारत के सबसे कम जनसंख्या वाले भूभागों में से एक है। अत्यंत कठिन और दुर्गम होने के कारण, वर्तमान में जिला प्रशासन को जमीनी स्तर तक पहुँचने में कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इन जिलों के गठन के बाद अब केंद्र सरकार और लद्दाख प्रशासन की सभी जनहित योजनाएं लोगों तक आसानी से पहुंच सकेंगी और अधिक से अधिक लोग उनका लाभ उठा सकेंगे। गृह मंत्रालय का यह महत्वपूर्ण निर्णय लद्दाख के सर्वांगीण विकास में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। पांच नये जिलों के गठन की सैद्धांतिक स्वीकृति देने के साथ ही गृह मंत्रालय ने लद्दाख प्रशासन को नये जिलों के गठन से संबंधित विभिन्न पहलुओं, जैसे, मुख्यालय, सीमाएं, संरचना, पदों के सृजन, जिला निर्माण से संबंधित कोई अन्य पहलू आदि के आकलन के लिए एक समिति बनाने और उसे तीन महीने के अंदर रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा है। उक्त समिति की रिपोर्ट प्राप्ति के बाद संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख इस रिपोर्ट के आधार पर नए जिलों के निर्माण के सम्बन्ध में अंतिम प्रस्ताव गृह मंत्रालय को आगे की कार्यवाही के लिए भेजेगा। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार लद्दाख के लोगों के लिए अपार संभावनाओं का सृजन करने के प्रति पूरी तरह कटिबद्ध है।

# बंटेंगे तो कटेंगे: योगी आदित्यनाथ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बांग्लादेश वाली गलतियां यहां ना हों, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे, सुरक्षित रहेंगे**

**आगरा।** राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं। राष्ट्र तभी सशक्त होगा, जब हम एक होंगे। बांग्लादेश में देख रहे हैं न, वो गलतियां यहां नहीं होनी चाहिए...बंटेंगे तो कटेंगे। एक रहेंगे-नेक रहेंगे। सुरक्षित रहेंगे और समृद्धि की पराकाष्ठा तक पहुंचेंगे। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आगरा में यह बात कही। वे यहां पुरानी मंडी चौराहे पर राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा का अनावरण करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि 10 साल से यह प्रतिमा मेरा इंतजार कर रही थी। मेरे ऊपर उनकी कृपा हो गयी। मुझे यहां आने का अवसर भी तब मिला, जब कृष्ण का जन्म हो रहा है। योगी ने राधे-राधे कहकर जनसभा में मौजूद लोगों को कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं।



योगी ने कहा- बहुत सारे लोगों ने मुगलों और अंग्रेजों के सामने समर्पण कर दिया था, लेकिन आज हम राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर जी का नाम ले रहे हैं। एक बार राजस्थान जाइए, देखिए उनकी पूजा होती है। जोधपुर में श्रद्धा का भाव देखने को मिलता है। मैं इसी श्रद्धा के भाव को मजबूत करने के लिए आया हूं। योगी ने कहा- रामप्रसाद बिस्मिल को जब फांसी दी जा रही थी, तब उनसे पूछा गया कि अंतिम अभिलाषा हो तो बताइए। तब बिस्मिल जी ने कहा- इस भारत वर्ष में सौ बार मेरा जन्म हो और मौत का कारण सदा ही देश उपकार कर्म हो।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 27 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in



# न्यायालय ने दबाव बनाने वाले आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आदिवासी महिला के साथ बलात्कार और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के आरोप में गढ़वा न्यायालय ने आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। यह मामला रंका थाना क्षेत्र के दुधवल ग्राम का है। जिसमे आरोपी मो० इजहार अंसारी, नदीम अंसारी और सुल्ताना प्रवीण तीनों रंका थाना क्षेत्र के थाना मोड़ निवासी हैं, जिनके विरुद्ध 35 वर्षीय दुधवल ग्राम निवासी महीला ललिता कुमारी ने न्यायालय में परिवाद पत्र संख्या 972/2024 दाखिल किया है। मामले की गंभीरता को समझते हुए न्यायिक दण्डाधिकरी प्रथम श्रेणी अनुलिका कुमार की आदालत ने रंका थाना को प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है।

समाचार के अनुसार, ललिता कमारी ने अपने परिवाद पत्र में आरोप लगाया है कि 300 घरों वाली मेरी बस्ती में मैं एकमात्र आदीवासी महीला हूं, शेष लोग विशेष समुदाय की श्रेणी से आते हैं। आरोप पत्र में कहा गया है कि मो. इजहार अंसारी जो वर्तमान में दुधवल पंचायत का मुखिया है, वर्ष 2003 में 14 वर्ष की उम्र में जबरन घर में घुसकर हथियार के बल पर नक्सली होने का भय दिखाकर बलात्कार किया। तबसे लेकर अक्टूबर 2023 तक जबरन शारीरिक संबंध बनाता रहा। इस दौरान उसका तीन बार गर्भपात कराया गया। पीड़िता के साथ उसकी जयादती उस समय और बढ़ गयी, जब उसने पीड़िता को अपने समुदाय में शादी नहीं करने की धमकी देते हुए इस्लाम धर्म कबूल करने का दबाव बनाता रहा। उसने धमकी दिया कि ऐसा नहीं करने पर उसे जबरन वेश्यावृति में धकेल देगा। पीड़िता ने अपने आवेदन में कहा है कि वह आरोपियों के इस कुकृत से तंग आकर पीड़िता ने रंका थाना प्रभारी, पुलिस अधीक्षक गढ़वा, पुलिस उपमहानिरीक्षक पलामू और मानवाधिकार आयोग न्यू दिल्ली, महिला आयोग रांची, पुलिस महानिरीक्षक रांची को आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगा चुकी है। लेकिन वहां से निराशा प्राप्त होने के पश्चात उसने गढ़वा न्यायलय में परिवाद पत्र दाखिल कर न्याय की गुहार लगायी है।

## पीड़िता को न्याय दिलाकर ही दम लूंगा, केंद्रीय गृह मंत्री को भी कराऊंगा अवगत : सत्येंद्रनाथ तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के रंका थाना क्षेत्र के दुष्कर्म पीड़िता के घर सोमवार को पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी पहुंचे। उन्होंने पीड़िता को हर संभव न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। वहीं पीड़िता व उसकी परिवार की सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक से फोन पर बात किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से भी मौके से ही बात किया। जब तक पुलिस पीड़िता के घर नहीं पहुंची तब तक पूर्व विधायक वहीं पर बैठे रहे। रंका पुलिस को पीड़िता के घर पहुंचने के बाद ही वे वहां से उठे। पूर्व विधायक पुलिस प्रशासन की नहीं पहुंचने पर पीड़िता व उसके परिवार वालों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने साथ ले जाने की भी बात कह रहे थे। हालांकि एसपी से बात करने के बाद रंका पुलिस पीड़िता के घर पहुंच गयी थी। पीड़िता व उसके भाई ने कहा कि हमलोगों की जान को खतरा है। आरोपी काफी दबंग व अपराधी प्रवृत्ति का है। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि पीड़िता के साथ काफी अन्याय हुआ है। प्रशासन भी पीड़िता को सहयोग नहीं किया। अन्यथा ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। ज्ञात कि पीड़िता ने थाना व पुलिस के चक्कर लगाने के बाद थक कर 24 अगस्त को गढ़वा कोर्ट में आरोपियों के खिलाफ परिवाद दायर किया है। तब से मामला गंभीर हो गया है। उसके बाद इसकी जानकारी पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी तक पहुंची। मरांडी ने इस मामलें को अपने सोशल मीडिया के जरिए साझा करते हुए पूर्व विधायक को पीड़ीता को न्याय दिलाने की दिशा में अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मरांडी के निर्देश पर पूर्व विधायक ने पीड़ीता के घर जाकर स्थिति से अगवत होकर पीड़ीता को हरसंभव न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।



पीड़िता के घर पहुंचकर जानकारी लेते पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी।

# बीडीओ को अज्ञात युवकों ने पीटा, जांच में जुटी पुलिस

विमलेश कुमार



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।।** भवनाथपुर से पांच दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लेने रांची जाने के क्रम में खरौंधी मोड़ के समीप दो अज्ञात युवकों द्वारा बीडीओ नंदजी राम को थप्पड़ से पिटाई किये जाने का मामला सामने आया है। इसकी जानकारी मिलने पर मामले की गंभीरता को देख थाना प्रभारी कृष्ण कुमार सशस्त्र बल के साथ खरौंधी मोड़ पहुंचे तथा घटना की जानकारी बीडीओ से लेते हुए आरोपी युवक की धर पकड़ के लिए पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुट गयी है।

जानकारी के अनुसार बीडीओ नंदजी राम सोमवार के दोपहर पांच दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लेने रांची के लिए अपने निजी वाहन से निकले थे, तभी खरौंधी मोड़ के समीप जाम में वें फंस गए जैसे ही वें जाम हटवाने के लिए अपनी वाहन से नीचे उतरे शराब के नशे में धुत दो टेंपो चालक युवक किसी बात को लेकर बीडीओ नंदजी राम से उलझ गए, देखते देखते उक्त दोनों युवक हमलावर हो गए और बीडीओ नंदजी राम को थप्पड़ से पिटाई चालू कर दी। आस पास के लोगो द्वारा किसी तरह बीच बचाव कर हमलावर दोनो टेंपो चालक युवक से बीडीओ को बचाया। उधर सरेराह दो युवकों द्वारा बीडीओ की धुनाई किए जाने की चर्चा क्षेत्र में आग तरह फैल गई। समाचार लिखे जाने तक मारपीट की घटना को लेकर बीडीओ द्वारा थाने में लिखित आवेदन नही दी है।

# एसबीआइ ग्राहक सेवा केंद्र में लूट का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा।** बंशीधर नगर अनुमंडल एसडीपीओ ने विशुनपुरा थाना में प्रेस वार्ता कर बीते दिनों एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र बैंक में लूट का असफल प्रयास का उद्भेदन किया। पुलिस ने चार दिनों के अंदर अपराधी को पकड़ कर हिरासत मे भेज दिया है। प्रेस विज्ञप्ति में एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने बताया कि बीते गुरुवार को रात्रि में विशुनपुरा थाना अंतर्गत झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के ऊपर तला पर स्थित एसबीआई सीएसपी बैंक में अज्ञात अपराधी द्वारा चोरी करने के नियत से दरवाजा में लगा ताला को तोड़ने का प्रयास किया गया था। इस घटना को लेकर सीएसपी संचालक मदन प्रसाद गुप्ता ने अज्ञात के विरुद्ध आवेदन दिया था। आवेदन के आलोक में थाना प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ और पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित छापेमारी दल द्वारा घटनास्थल के आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर सीएसपी बैंक में लगा ताला तोड़ने वाले अपराधी की पहचान किया गया। फुटेज और स्थानीय व्यक्तियों के सहयोग से विशुनपुरा गांव के ललकी माटी टोला निवासी सुनील पाशवान के 21 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार उर्फ भानु के रूप में किया गया। अपराधी के घर छापामारी कर पंकज कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस घटना में प्रयोग किये गये लोहे की छेनी, हथोड़ी, पलाश हेक्सा बलेड अपराधी के पास से बरामद किया गया है।

## झामुमो सरकार से जनता क्षुब्ध और त्रस्त है: भगत साहू



गढ़वा(आजाद सिपाही)। भाजपा नेता भगत सिंह साहू ने गढ़वा विधानसभा के मेराल प्रखंड के उत्तरी और दक्षिणी मंडल में कई गांव का दौरा किया। जिसमें गोना, बना, देवगाना, गेरूआ, बंका, बनुवा, भंडार आदि गांव में जाकर गांववासियों के बीच जाकर उनका हाल जाना। लोगों ने बताया कि कई महीनो से इस सरकार में पेंशन रोक दी गयी है। अबुवा आवास के नाम पर धन उगाही किया जा रहा है। अबूवा आवास का आवंटन भी नहीं हुआ। वर्तमान की सरकार से क्षेत्र की जनता क्षुब्ध और त्रस्त है। मौके पर धनंजय शर्मा, संतोष प्रसाद, गुड्डू सिंह, अमित प्रसाद, लालमोहन चौधरी, देवेंद्र विश्वकर्मा, सत्येंद्र विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, छोटेलाल गुप्ता, श्रीकांत प्रसाद सहित काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एमडी अफताब एसके अमूल्य हर्बल सेंटर का उद्घाटन



गढ़वा(आजाद सिपाही)। मेराल प्रखंड के ओखरगाड़ा में एमडी अफताब एसके अमूल्य हर्बल सेंटर का उद्घाटन किया गया। सेंटर का उद्घाटन एआईएमआईएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी डॉक्टर एम एन खान ने फीता काटकर किया। मौके पर काफी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों का नि शुल्क चेकअप किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर एम एन खान ने कहा कि उक्त सेंटर आयुर्वेद से बने हुए प्रोडक्टों का प्रमोट करने और आयुर्वेद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेंटर को खोला गया है। इस केंद्र के प्रोपराइटर एमडी अफताब, डॉक्टर शिवबचा चौहान, डॉ सुनील मेहता, डॉक्टर अजय रजवार रवि, भूषण दुबे ,सूर्यकांत शर्मा, हाजी नसीरुद्दीन, सदरू खान सहित काफी संख्या में महिलाएं और बुजुर्ग उपस्थित थे। इस अवसर पर जिनका नि:शुल्क चेक अप किया गया। उन्हें नि:शुल्क दवा भी दिया गया।

# मृतक के परिजनों से भानु प्रताप शाही ने की मुलाकात, दिया आर्थिक सहयोग

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** विधायक भानु प्रताप शाही नगर पंचायत क्षेत्र के उरांव टोला जाकर मृतक के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने परिजनों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की। सोमवार को पहुंचे विधायक ने इस दौरान परिजनों को सांत्वना हुए आपदा राहत के तहत मिलने वाली मुआवजे की राशि को जल्द से जल्द दिलवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि घटना काफी दुःखद है, वह मर्माहत हैं। वहीं उपस्थित लोगों से कहा कि लगातार इस तरह की घटना घट रही है। 3 सालों के अंदर 12 बच्चों की मौत हो गयी है, अभिभावक बच्चों पर ध्यान दें। इस दौरान विधायक भानु प्रताप शाही ने डीसी से मोबाइल पर बात कर सुरक्षा को लेकर सरकार को प्रस्ताव भेजने की मांग की। साथ ही सिविल सर्जन से अब तक बच्चों के पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल रिपोर्ट बनाने की बात कही। इस दौरान जिला कार्य समिति सदस्य अनिल चौबे, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास पांडे, भाजयुमो अध्यक्ष विक्रांत सिंह उर्फ सोनू सिंह, ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि विभूति चौबे, संजय कांस्यकार, सोनू कुमार, सहित कई लोग मौजूद थे।

## सनातन धर्म को क्षति पहुंचाने का झारखंड में हो रहा है प्रयास : विनोद

आजाद सिपाही संवाददाता



भाजपा नेता विनोद प्रसाद।

**कांडी।** कहा गया है कि जब रक्षक ही भक्षक बन जाये, तो फिर कौन बचाये, यहीं कहावत झारखंड में चरितार्थ हो रही है। यहां सनातन धर्म को मिटाने के लिए सरकारी स्तर पर गोपनीय रूप से प्रयास किया जा रहा है। कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद प्रसाद ने कहा कि सनातन धर्म को क्षति पहुंचने का झारखंड में सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देव भाषा संस्कृत में ही अधिकांश वेद, शास्त्र, ग्रंथ, उपनिषद, उपवेद, वाल्मीकि कृत रामायण आदि लिखे गये हैं। इतना ही नहीं भारत की राष्ट्रभाषा हिंदी की भी जननी संस्कृत ही है। लेकिन सरकारी स्तर पर संस्कृत के साथ क्या किया जा रहा है। वह एक बड़े उदाहरण से पूरी तरह स्पष्ट हो जायेगा। भाजपा नेता ने कहा कि झारखंड के उच्च विद्यालयों में नवीं और दसवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों को इस वर्ष अभी तक संस्कृत की पुस्तक नहीं दी गयी है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि और सभी किताबों के लिए संसाधन उपलब्ध था। किताबें छप गयी, उनकी सप्लाई भी हो गयी। लेकिन संस्कृत में ऐसी क्या दिक्कत थी कि संस्कृत की किताब अभी तक बच्चे बच्चियों को नहीं दी गयी। यदि विद्यालयों में संस्कृत भाषा का ज्ञान नहीं दिया गया, तो छात्र-छात्राओं को आगे चलकर सनातन धर्म से जुड़ी जानकारी नहीं हो पायेगी। विनोद प्रसाद ने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा है कि जितना जल्दी हो सके झारखंड के कक्षा 9 और 10 के विद्यार्थियों के लिए संस्कृत की पुस्तक की आपूर्ति करें। उन्होंने कहा कि कांडी में सरकारी जमीन उपलब्ध है। उसमें संस्कृत विद्यालय की स्थापना के लिए ग्रामीणों को प्रयास करना चाहिए।

# माफिया हटाओ गढ़वा बचाओ: गिरिनाथ सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने प्रवर्तन यात्रा के दौरान कहा कि पूरे विधानसभा में भ्रष्टाचार व्याप्त है। आप कहीं भी चले जायें कमीशन और घूस देंगे तों ही काम होगा। आज राज्य सरकार की अबूआ योजना की बात की जाये, तो हर घर पर 30000 की मांग की जा रही हैं, गरीब, वंचित और असहाय जनता कहां से पैसा देगी की उनका आवास मिल सके। पेयजल मंत्री का जिक्र करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि जब से विधायक और मंत्री बने हैं गढ़वा की भोली-भाली जनता पानी, रोड और मूलभूत सुविधाओं के लिए दर-दर ठोकर खा रही हैं और मंत्री अपने साथ-साथ अपने कार्यकर्त्ताओं का विकास करने में लगे हैं। पूर्व मंत्री ने संबोधन के दौरान एक नारा भी दिया 'माफिया हटाओ गढ़वा बचाओ'। आज का दौरा गढ़वा प्रखंड के पंचायत तिलदाग के ग्राम चेरी पोखर, बनपुरवा, बेलहारा, गिजना, तिलदाग में किया गया। परिवर्तन सह जनसंपर्क यात्रा में मुख्यरूप से बाबूल सिंह, अवध किशोर सिंह, शिवनाथ चौधरी, पारस यादव, अशोक दुबे, मुन्ना सिंह, प्रदुमन सिंह, संजय तिवारी, पारसनाथ तिवारी, रविंद्र नाथ तिवारी, उमेश पाल, जितेंद्र, शंभू पासवान, नवरंग, मन्नू, अमर पासवान, भीम तिवारी सहित सैकड़ों में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# रंका में महिला किसान सम्मान पत्र का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय के रंकाकला पंचायत भवन में लखपति महिला किसान दीदी और लखपति महिला सीआरपी दीदी को प्रधानमंत्री का लखपति महिला किसान दीदी का ऑनलाइन कार्यक्रम मोबाइल से दिखाया गया और लखपति महिला किसान सम्मान पत्र का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सीसी धनंजय गुप्ता, योगेंद्र सिंह, राजेश कुमार, अनुपम दूबे, एफटीसी सुदामा कुमार रवि, एलएचबीआरपी सत्येंद्र कुमार, सीआरपी आशा देवी, बिंदा देवी, चिंतामणि देवी और एसएचजी की महिलाएं उपस्थित थीं।

# स्वहित के लिए नहीं, जनहित के लिए करता हूं राजनीति: मंत्री

### गांव-गांव घूम रहे हैं मंत्री, कर रहे हैं जनसमस्या का निदान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर लगातार विधानसभा क्षेत्र में गांव-गांव का भ्रमण कर रहे हैं। क्षेत्र भ्रमण कर मंत्री श्री ठाकुर प्रतिदिन ग्रामीणों की जनसमस्या का निदान कर रहे हैं। इस क्रम में मंत्री श्री ठाकुर तेनार पंचायत के ग्राम तेनार में पंचायत भवन के समीप, तेनार उच्च विद्यालय के समीप, बगही टोला में स्कूल के समीप, ग्राम सोहबरिया के चकनाही टोला में स्कूल के समीप, सोहबरिया दुर्गा मंडप के समीप, पंचायत संगबरिया के ग्राम भीमखांड़ में दुर्गा मंडप के समीप, ग्राम बनुआ में स्कूल के समीप, ग्राम रजहारा एवं शेराशाम का रजहारा मध्य विद्यालय, दुर्गा मंडप के समीप, ग्राम संगबरिया में पंचायत भवन के समीप आयोजित जनसंवाद में ग्रामीणों की समस्या सुनी। इस दौरान उन्होंने कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निदान करते हुए शेष समस्याओ का यथाशीघ्र निदान कराने की बात कही। इसके लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा की जनता ने जब से मुझे अपना सेवक चुना है, तब से वे लगातार क्षेत्र में जनता के बीच रहकर जनता के लिए ही काम कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि राजनीति मेरा पेशा नहीं है। मैं जनसेवा के लिए राजनीति करता हूं। जनता की सेवा में ही खुद को समर्पित कर चुका हूं। जनता का हर दुख दर्द, हर समस्या मेरी अपनी समस्या है। मंत्री श्री ठाकुर ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि गढ़वा और राज्य की विकास की गाड़ी को आगे बढ़ाने के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में पुनः हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के कुर्सी पर बैठायें। ताकि विकास अनवरत चलता रहे। मौके पर जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, जैनेंद्र सिंह, बीडीसी जगदीश भुईयां, कामता सिंह, उदय सिंह, उजेश राम, रामदुलार राम, रविंद्र चौधरी, उमेश राम सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## गढ़वा नप क्षेत्र सहित विभिन्न गावों के 500 से अधिक लोग झामुमो में शामिल

गढ़वा। गढ़वा शहरी क्षेत्र के युवाओं सहित विभिन्न गावों के 500 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। सोमवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर शहर के कई युवा, व्यवसायी एवं समाजसेवी सहित काफी संख्या में लोग, मेराल प्रखंड के करकोमा से ब्राहमन समाज और अन्य समाज के लोग, ग्राम कोरवाडीह और जोबरईया के युवाओं सहित अन्य लोगों ने भाजपा और अन्य राजनीति दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कर लिया। जबकि क्षेत्र भ्रमण के दौरान मेराल प्रखंड के तेनार पंचायत भवन, तेनार उच्च विद्यालय और तेनार पचमुहान टोला में काफी संख्या में युवकों, महिलाओं और पुरुषों ने भी भाजपा और दूसरे दलों को छोड़कर झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर लिया। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला और पार्टी का पट्टा पहनाकर सभी को झामुमो में शामिल किया।

# उप विकास आयुक्त ने बलियारी पंचायत की मुखिया, पंचायत सचिव और जूनियर इंजीनियर से स्पष्टीकरण मांगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** जिला के उप विकास आयुक्त के द्वारा बलियारी पंचायत की मुखिया, पंचायत सचिव और 15वें वित्त के जूनियर इंजीनियर से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इस दौरान वित्तीय नियमों का पालन नहीं करने, निकासी के अनुरूप कार्य नहीं करने, ग्राम सभा की पंजी संधारित नहीं रहने, स्वेच्छाचारिता किये जाने और कर्तव्य के निर्वहन में लापरवाही को लेकर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इसके लिए उन्हें 15 दिनों का समय दिया गया है। अन्यथा उनके विरुद्ध पंचायत राज अधिनियम 2001 के प्रावधानों और अन्य सुसंगत नियम के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई प्रारंभ कर दी जायेगी। इस संदर्भ में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्र के पत्रांक 542 दिनांक 22 अगस्त 2024 के अनुसार मुखिया चंदा देवी, पंचायत सचिव संजीव कुमार ठाकुर और जूनियर इंजीनियर से स्पष्टीकरण मांगते हुए कहा गया है कि अनुमंडल पदाधिकारी ने 19 जुलाई 2024 को जन शिकायत के आलोक में स्थल जांच कर कई तरह की अनियमितता पाते हुए डीडीसी को रिपोर्ट किया है। किये गये रिपोर्ट के तहत पंचायत में 20 सीमेंटेड कुर्सी की जगह मात्र 15 कुर्सियां पायी गयी हैं। जिसके विरुद्ध 200000 रुपये की निकासी कर ली गयी है। पंचायत के सभी विद्यालय में सेनेटरी पैड मशीन का अधिष्ठापन किया जाना था, लेकिन अपग्रेड उच्च विद्यालय बरवाडीह और राजकीय प्राथमिक विद्यालय सोनपुरा के आलावा कहीं किसी विद्यालय में सेनेटरी पैड मशीन नहीं पाया गया। उक्त दोनों स्कूलों का मशीन भी खराब है जो बंद पड़ा है। इसके विरुद्ध 148500 की निकासी कर ली गयी है। इन सभी मामलों को लेकर उक्त योजनाओं में वित्तीय नियमों का पालन नहीं किये जाने, निकासी के अनुरूप कार्य नहीं किये जाने, ग्राम सभा की पंजी भी संधारित नहीं होने और सभी लोगों के द्वारा स्वेच्छाचारिता अपनाते हुए कर्तव्य के निर्वहन में लापरवाही बरती गई है। एक पक्ष के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इस सूरत में पंचायत राज अधिनियम 2001 में विहित प्रावधानों व अन्य सुसंगत नियमों के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी जायेगी।



पंचायत भवन बलियारी।

# लोहरदगा के सभी मुखिया आज से करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

**आपातकाल को छोड़कर योजना संबंधी कार्य नहीं होंगे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के निर्देशानुसार लोहरदगा जिला मुखिया संघ की बैठक जिले के बक्सीडीपा में संघ के जिला अध्यक्ष बासुदेव उरांव की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में जिला अध्यक्ष ने कहा कि मुखिया के विभिन्न मांग को लेकर प्रदेश मुखिया संघ के आह्वान पर जिले के सभी मुखिया 27 अगस्त 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। कहा कि आपातकाल को छोड़कर योजना संबंधी कार्य नहीं होंगे। जब तक मांगे पूरी नहीं होती है तब तक हड़ताल जारी रहेगा।

उन्होंने बताया कि मुखियाओं के अधिकार, सुरक्षा, बीमा संबंधी कई मांग को लेकर विभागीय अधिकारी सहित मंत्री, सरकार को ज्ञापन सौंपा जा चुका है। परंतु अब तक इन सभी मांगों पर किसी भी तरह का कोई पहल नहीं किया गया है, इसलिए अंततः अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक दिलीप कुमार उरांव, सचिव परमेश्वर महली, अनिल उरांव, सुमित उरांव, धनेश्वरी उरांव, सुमंती तिग्गा, कैली उरांव, सुमित उरांव, बसंत उरांव, सुनील उरांव, टेले उरांव, राजकिशन उरांव, प्रदीप उरांव राजश्री उरांव सहित जिले के मुखिया शामिल थे।

# जेएसएलपीएस ने मांगों को लेकर सौंपा पत्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ जिला इकाई लातेहार के द्वारा माननीय स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री बैद्यनाथ राम झारखंड सरकार तथा मानिका विधानसभा क्षेत्र विधायक रामचंद्र सिंह को लातेहार को ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित जेएसएलपीएस जिला, इकाई के जिला उपाध्यक्ष दिलीप कुमार व राजन यादव के नेतृत्व में अपना चार सूत्री मांग - पत्र सौंपा गया। साथ ही मंत्री/ विधायक के द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि पत्राचार के माध्यम से विभागीय मंत्री, मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग को सूचित करने का काम करेंगे। साथ ही मानदेय बढ़ोतरी, स्थायीकरण, गृह जिला वापसी एवं गृह प्रखंड या बगल के प्रखंड में करने एवं एनआरइटीपी, जोहार, एमकेएसपी परियोजना को एनआरएलएम में समायोजन करने हेतु ज्ञापन दिया गया। इस मौके पर जिला संघ के अशेश्वर प्रजापति, संजय यादव, जितेंद्र कुमार,मंटू कुमार, उमेश यादव, अजय बैठा, अखिलेश सिंह, अनिल उरांव, जाबिर हुसैन, महेश सिंह, राजकुमार यादव, प्रेम प्रकाश ओझा, अशोक सिंह, सुमित्रा देवी, अंबिका सिंह, राजकली कुमारी के अलावे कई कर्मी उपस्थित रहे।

# अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ डुमरिया के अध्यक्ष बने सुजीत

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ डुमरिया इकाई द्वारा बीआरसी सभागार मुसाबनी में अंतर जिला स्थानांतरण शिक्षकों के लिए सम्मान सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संघ की डुमरिया इकाई का पुनर्गठन भी जिला से आए चुनाव पर्यवेक्षक एवं पदाधिकारी की उपस्थिति में की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संघ के राज्य सलाहकार समिति सदस्य सुनील कुमार ठाकुर, विशिष्ट अतिथि प्रदेश संगठन मंत्री अनिल प्रसाद, जिला महासचिव सरोज कुमार लेंका, चुनाव पर्यवेक्षक जिला उपाध्यक्ष संजय केसरी, चुनाव पदाधिकारी जिला उपाध्यक्ष माझिया सोरेन आदि उपस्थित थे। मंच का संचालक प्रखंड सचिव अरुण कुमार चंद ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रखंड अध्यक्ष बसंत लाल की मौजूदगी में अंतर जिला में स्थानांतरित शिक्षक शिक्षक अरुण कुमार चंद, परिमल कुमार मंडल, लंकेश्वर महतो, विमल सराक, चंद्र किशोर माझी, पार्थ सारथी माझी, साधन सिंह , कल्याण कुमार गण,महाराज मंडल, उत्तम माझी, अपूर्व दत्त, सदानंद चक्रवर्ती को फूलमाला पहनाकर व गुलदस्ता देकर उनका अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। स्थानांतरण पर डुमरिया संघ इकाई की ओर से उन्हें उपहार स्वरूप शॉल डायरी व कलम देकर सम्मानित किया गया।

जिला से आए अधिकारियों ने संघ के प्रखंड सचिव अरुण कुमार चंद के 3 साल के बेहतरीन सांगठनिक क्षमता एवं शिक्षक हितों को लेकर बराबर संघ से तालमेल बिठाकर समस्या के समाधान किए जाने के विशिष्ट कार्य के लिए उन्हें जिला कमेटी द्वारा बुके एवं ट्रॉली बैग देखकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संघ के कोषाध्यक्ष द्वारा बीते 3 साल का लेखा-जोखा कमेटी के सामने प्रस्तुत किया गया। जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

## लोहरदगा युवा कांग्रेस ने रक्तदान किया



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बीते रात्रि लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती मरीज हिसरी पंचायत निवासी रसीदा खातून को चिकित्सकों ने ए पॉजिटिव ब्लड उपलब्ध कराने की बात कही। जिसपर मरीज के परिजनों ने युवा कांग्रेस से मदद की गुहार लगायी। इसकी सूचना पाते ही लोहरदगा जिला युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग के नेतृत्व एवं जिला महासचिव कैश आलम के पहल पर वसीम अंसारी द्वारा जरूरतमंद मरीज को एक यूनिट रक्तदान किया गया। जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने कहा कि युवा कांग्रेस हमेशा से जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रयासरत है किसी के जीवन को बचाना नेक कार्य है। जिला महासचिव कैश आलम ने कहा की युवा कांग्रेस हमेशा लोगों की सहायता के लिए तैयार खड़ी है और अनेक कार्यों के द्वारा लोगों की मदद कर रही है। मौके पर जिला महासचिव तौसीफ आलम, जिला महासचिव आसिफ अंसारी, मोहसिन अंसारी, मंजूर अंसारी, विकास उरांव आदि उपस्थित थे।

## अपराधियों ने बिजली तार की चोरी की



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अज्ञात अपराधियों ने झखरा जितियाटोली बिजली तार चोरी घटना को दिया अंजाम ग्रामीणों के बीच समस्या हुई उत्पन्न हो गयी है। सेन्हा थाना क्षेत्र के झखरा जितिया टोली में बीते रात अज्ञात चोरों द्वारा बिजली खंभा में लगा तार को चोरी कर लिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि चोरी घटना को अंजाम रविवार रात्रि में दिया गया है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि बिजली खंभा में लगे ग्यारह हजार बिजली तार को अज्ञात चोरों द्वारा काट लिया गया। जिससे ग्राम वासी अंधेरे में रहने को मजबूर है। वहीं बिजली तार चोरी होने की जानकारी ग्रामीणों को सुबह हुआ जब लोग बाहर निकले और अचानक बिजली खंभा पर नजर गया तो देखा की गांव के अगल बगल लगे बिजली का तीन पॉल से तार को काट लिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली तार चोरी होने से बरसात के महीने में रात को काफी रहने में दिक्कत होगी और अंधेरा में रात गुजारना होगा।

## पेट्रोल पंप कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर किया विरोध



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा स्थित यशराज ऑटोमोबाइल और चट्टी पेट्रोल पम्प संचालक व कर्मियों ने अपने विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को भी काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। पंप संचालक संजय खत्री ने बताया कि डीलर मार्जिन में बढ़ोतरी, वैट दरों में कमी, वैट रिटर्न से मुक्ति और प्रदूषण जांच केंद्र की अनिवार्यता से मुक्ति संचालकों का मुख्य मांग है। उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में पेट्रोलियम डीलरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पंप में रणविजय सिंह, सज्जिद अंसारी, रंथु, सत्यनारायण, मनीष, बंदीराम आदि ने काला बिल्ला लगाकर काम किया।

## करंट लगने से नाबालिग बच्ची की मौत

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र के डुमरी गांव में सोमवार की दोपहर करंट की चपेट में आने से डुमरी गांव निवासी सुजीत कुजूर की दस वर्षीय पुत्री आयुषी कुजूर की मौत हो गयी। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गयी है। ग्रामीणों ने बताया कि आयुषी अपने घर से दूर खेलने गयी थी इसी दौरान खेत में पहले से गिराया हाई टेंशन वोल्ट तार की संपर्क में आ गयी। इससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी है।

## जन्माष्टमी पर अखंड कीर्तन आयोजित



**कैरो / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सोमवार को कैरो मुख्यालय स्थित शिव मंदिर मे श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर की गयी। भगवान विष्णु की पूजा अर्चना एवं स्थानीय समिति के द्वारा 12 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। मौके पर पुरोहित कौशल कांत त्रिपाठी के द्वारा मंदिर मे विधि-विधान पुर्वक भगवान विष्णु की पुजा अर्चना के बाद स्थानीय समिति के द्वारा हरे राम हरे राम, हरे कृष्ण हरे कृष्ण का 12 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। उक्त कीर्तन का आयोजन 26 अगस्त सोमवार को 12 बजे दिन से शुरू होकर 12 बजे मध्य रात्रि प्रभू श्री कृष्ण जी के जन्म के उपरांत समाप्त होगी। मौके पर कैरो श्री श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर के अखन्ड कीर्तन मे गंगा साहू, वसंत साहु, मोती कुमार, कृष्णा साहू, सूरज मोहन साहू, रामपवित्र सोनी, ओम साहू, सुजीत प्रसाद, शंकर साहू, बालेश्वर साहू, राजेन्द्र सोनी इत्यादि अनेको लोग उपस्थित थे।

# आजसू ने बेरोजगार लोगों का बायोडाटा संग्रह अभियान शुरू किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष ललन तुरी ने सोमवार को प्रखंड के मंगरा पंचायत के डोरामी गांव में बेरोजगार युवक युवतियां का बायो डाटा संग्रह करना प्रारंभ कर दिया है। प्रखंड अध्यक्ष ललन तुरी ने कहा कि आजसू पार्टी प्रखंड कमेटी युवा बेरोजगारों का बायो डाटा संग्रह अभियान शुरू किया गया है एवं झारखंड सरकार युवाओं के साथ वादा खिलाफी एवं बेरोजगारों की समस्या को देखते हुए राजव्यापी बेरोजगारों का बायो डाटा संग्रह अभियान की शुरूआत की है यह अभियान 24 अगस्त से 6 सितंबर तक चलेगी। झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में कहा था कि हर साल 5 लाख युवा नौजवानों को नौकरी देंगे, लेकिन 5 साल पूर्ण होने वाली सरकार युवा बेरोजगारों को 5 रुपया भी अभी तक बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया। उन्होंने कहा बरवाडीह प्रखंड के एक-एक घर में जाकर युवा बेरोजगारों बायो डाटा संग्रह कर आगामी 8 सितंबर को झारखंड के मुख्यमंत्री को डाटा सौंपा जायेगा।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, दो पर केस

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह अंचलाधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में एसडीपीओ वेंकटेश कुमार व बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने अवैध बालू के खिलाफ रविवार मद्यरात्री थाना क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान पहाड़ी शिव मंदिर के समीप सिंचाई विभाग के पास से अवैध बालू से लदा एक एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। वहीं इस संबंध में थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया की बरवाडीह अंचलाधिकारी मनोज कुमार को गुप्त सूचना मिली थी की थाना क्षेत्र मे बेखौफ तरीके से बालू का अवैध कारोबार बालू माफियाओं द्वारा धड़ल्ले से किया जा रहा है। उधर प्रशासनिक अमला को देखते ही ट्रैक्टर को उसी जगह पर छोड़ कर चालक और मजदूर भाग खड़े हुए।

## न्यूवोको और फर्स्ट चॉइस मिक्सर प्लांट में छापेमारी, बालू लदा चार हाइवा जब्त

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** जिला खनन विभाग ने जिले में अवैध बालू खनन व परिवहन को लेकर अभियान तेज कर दी। सोमवार को जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी के निर्देश पर गम्हरिया न्यूवोको और फर्स्ट चॉइस मिक्सर प्लांट में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान प्लांट के अंदर बालू लदे चार ओवरलोड हाइवा को जप्त किया गया। जिला खनन पदाधिकारी सतपथी ने बताया चारों वाहनों से जुमार्ना वसूला जाएगा। उसके बाद आगे की करवाई की जाएगी। उन्होंने बताया यह अभियान आगे भी जारी रहेगी। उधर विभाग के कार्रवाई के बाद से ही कंपनी में हड़कंप मच गया। बताया जारहा है चालान की आड़ में प्लांट में ओवरलोड बालू लदे वाहनों का प्रवेश कराया जाता है। श्री सतपथी ने बताया इसपर विभाग की नजर रहेगी।

# सरायकेला पुलिस ने पेट्रोलिंग सेवा की शुरुआत की



आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले आदित्यपुर क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर बीट पेट्रोलिंग की शुरूआत की गई। सोमवार को जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने आदित्यपुर थाना से हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरूआत की। मौके पर एसपी ने बताया मैं अभियान की शुरूआत आदित्यपुर थाना से की गई।इसका उद्देश्य है क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर नियमित रूप से सक्रिय रहना। एसपी मुकेश कुमार लुणायत बताया बीट पेट्रोलिंग पार्टी को आदित्यपुर क्षेत्र के 8 बीट में बांटा गया। सब इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारी इसके प्रभारी होंगे। उनका नंबर सकुर्लेट किया जाएगा ताकि किसी भी घटना या शिकायत की जानकारी मिलने पर बीट प्रभारी संज्ञान में लेते हुए उस पर अमल करेंगे। उन्होंने बताया यह पायलट प्रोजेक्ट है। यदि सफल हुआ तो जिले के अन्य थाना क्षेत्र में भी लागू किया जाएगा। मौके पर एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा, थाना प्रभारी नितिन कुमार सिंह सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# मंदिरों में झूला लगाकर हुई राधा-कृष्ण की पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर सोमवार को जिले भर में हर्षोल्लास के साथ नंदलाल का जन्मोत्सव मनाया गया। मंदिरों में झूलन लगाकर श्रीकृष्ण और राधा की भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की गयी। जन्माष्टमी के मौके पर राधे-कृष्ण की स्तुति में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोग लीन रहे। शहरी क्षेत्र के पावरगंज चौक स्थित देवी मंदिर, वीर शिवाजी चौक स्थित दुर्गा मंदिर, तेतरतर, गायत्री मंदिर, ठाकुरबाड़ी मंदिर, जग्रन्नाथ महाप्रभु मंदिर, तिवारीदूरा मंदिर सहित विभिन्न मठ-मंदिरों में जन्माष्टमी के मौके पर विशेष पूजा अनुष्ठान का आयोजन किया गया। वीर शिवाजी चौक स्थित दुर्गा मंदिर और पावरंगज देवी मंदिर में पूरे भक्तिभाव के साथ भगवान की आराधना की गई। शहर के पावरगंज देवी मंदिर, अखंड हरिकीर्तन, पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन से पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आ रहा था। हर कोई राधा-कृष्ण की भक्ति में लीन था। सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। इनमें महिलाओं और किशोरियों की संख्या सबसे ज्यादा थी। हर कोई हरे राम, हरे कृष्ण, राधा-राधा हरे-हरे के जयकारे लगा रहा था, जिससे मंदिर गूंज रहे थे।

## कैमो पतराटोली में विशेष पूजा अर्चना हुई

**लोहरदगा। योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम सोमवार को शहर और ग्रामीण इलाकों में छाई रही। स्थानीय राधा कृष्ण मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से योगेश्वर श्रीकृष्ण के दर्शन और पूजा अर्चना के लिए उमडनी शुरू हो गई थी। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर कैमो गांव में आयोजित होने वाले कृष्ण जन्म उत्सव का आयोजन आकर्षक ढंग से की गई। कैमो गांव में स्थापित सरना माता मंदिर में पूजा अर्चना के बाद भगवान श्रीकृष्ण की आराधना में श्रद्धालु डूबते चले गए। इस दौरान कैमो गांव कृष्ण की भक्ति में लीन मथुरा में तब्दील हो गया।**

# कांग्रेसियों ने पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा और विधायक सरयू राय का फूंका पुतला

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** शहर के भुइंयाडीह स्थित कल्याणनगर, छायानगर और इंदिरानगर में लगभग 150 घरों को तोड़ने के मामले में आरोप प्रत्यारोप का दौड़ जारी है। इस मामले में विजय प्राप्त करने के लिए नेताओं ने एक दूसरे पर आरोप लगाते दिख रहे हैं। सोमवार को पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष (नगर) धर्मेन्द्र सोनकर के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने साकची गोलचक्कर में पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा और विधायक सरजू राय का पुतला फूंककर विरोध दर्ज कराया। मौके पर कांग्रेसियों ने गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। धर्मेंद्र सोनकर ने बताया पूर्व सांसद व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ अजय कुमार ने बीते दिनों 150 घरों को तोड़ने नोटिस मिलने के पीछे भाजपा की सोची समझी साजिद बताया था।उन्होंने कहा था 30 अगस्त को एनजीटी में अवैध अतिक्रमण की पहली शिकायत करने वाले कोई और नहीं बल्कि पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा और स्थानीय विधायक है। धर्मेन्द्र सोनकर ने मामलें पर प्रकाश डालते हुये बताया स्थानीय जनप्रतिनिधि सरयू राय बजायें अपनी जवाबदेही पर बात करनें के मुद्दे को भटकानें की कोशिश काहे कर रहें हैं। उन्होंने कहा पूरे मामलें को बिंदुवार ठीक से समझने की कोशिश करनी चाहिए। ताकि सामान्य लोग इस बात को समझ पायें। किस तरह भाजपा व सरयू राय और अर्जुन मुंडा जैसे लोगों को सामने रखकर आम जनता के हितों व उनके जीवन से खेलती रही है। यह सच हैं 6 जुलाई को स्थानीय अंचल कार्यालय द्वारा जेपीएलइ के तहत नोटिस दिया गया।

# डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम आयोजित

**श्रीकृष्ण से मित्रता निभाने की सीख लें बच्चे : बीके बालाजिनप्पा**

आजाद सिपाही संवाददाता





**लोहरदगा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन्माष्टमी को लेकर श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के रंग में रंग गये थे। विभिन्न विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़ी बातों पर बल दिया गया। विद्यालयों में छोटे-छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण का रूप धरकर सभी को मोहित कर दिया। इस क्रम में सोमवार को स्थानीय डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। राधा-कृष्ण के रूप में सभी समुदाय के बच्चों ने अपने आपको प्रस्तुत कर संदेश दिया कि विद्यार्थियों के लिए कोई विशेष धर्म नहीं है। वे मानवता, स्नेह व प्रेम के पुजारी हैं। स्कूल के निदेशक बीके बालाजिनप्पा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अवतार लेकर पापियों का संहार करने का कार्य किया है। उन्होंने बुराई पर अच्छाई की जीत दिलायी है। बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण से मित्रता निभाने, सच्चाई और धर्म की रक्षा के लिए तत्पर होने की सीख लेनी चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 80 छात्र छात्राओं ने राधा कृष्ण के वेश भूषा धारण कर के आए थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शामी बालाजिनप्पा, जॉय विवेक, हैप्पी ऐनल सहित आदि लोगो का सहयोग रहा।

# पोटका विधायक ने रागडीह में ग्राम चौपाल का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पोटका।** जन्माष्टमी के शुभ अवसर विधायक संजीव सरदार ने जादूगोड़ा हाथीबिंदा पंचायत के रागडीह मे नवनिर्मित ग्राम चौपाल का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। सोमवार को उद्घाटन समारोह के दौरान संकीर्तन दरवार का आयोजन किया गया। मौके पर पोटका विधायक संजीव सरदार ने ग्राम वासियों को जन्माष्टमी की ढेर सारी शुभकामनायें दी। विधायक ने कहा पोटका विधान सभा मे विकास का कार्य तेजी से चल रही है। हेमंत सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास के किरण पहुंचाने के लिये प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकार व झमुमो कार्यकर्ता युद्ध स्तर पर काम कर रही है। विधायक ने सरकार की महाआकांक्षी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों तक पहचाने लेने के लिए आग्रह किया। मौके पर ग्रामप्रधान गणेश महतो, पंकज महतो, विजय महतो, लालमोहन महतो, ज्ञानीराम महतो, सनातन महतो, निवारण महतो, रंजीत महतो,बिलाश महतो सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

# टेंपो और बाइक की टक्कर में युवक घायल, रिम्स रेफर




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बकसपुर गांव के समीप एक टेंपो ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया। घटना के बाद सड़क पर गिरे बाइक सवार के पैर को कुचलते हुए टेंपो घटना स्थल से फरार हो गया। घटना में बाइक सवार मरियम टोली निवासी रोहित मिंज का एक पैर बुरी तरह से चूर होकर अलग हो गया। जानकारी के मुताबिक युवक अपनी भाभी को मरियमपुर छोड़कर वापस बकसपुर लौट रहा था घटना की सूचना पर रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह सदर अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। बताया जाता है कि बकासपुर में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। रोहित अपनी भाभी को छोड़कर बकस पुर फुटबॉल मैदान आ रहा था। तभी एक तेज रफ्तार टेंपो उसे अपनी चपेट में ले लिया घटना में उसका एक पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर अलग हो गया। सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत डॉक्टर ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया।

# नेतरहाट घाटी में दो ट्रकों की टक्कर में चालक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** नेतरहाट घाटी के बिशुनपुर एवं लातेहार सीमावर्ती इलाका बागे सखुआ मोड़ के समय दो बॉक्साइट ट्रक में सीधी भिंडत हो गयी। जिससे ट्रक का चालक डूमर पाठ निवासी अनमोल सिठियों का घटना स्थल पर मौत हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार की शाम डूमरपाठ निवासी अनमोल ठिठियो बॉक्साइट खाली करके लोड करने के लिए पहाड़ जा रहा था और वह बागेसखुआ मोड पहुंचा जहां पर बॉक्साइट लेकर एक ट्रक सामने से आ रही थी। जिससे साइड लेने के दौरान दोनों ट्रक का आपस में भिड़ंत हो गया। जिससे अनमोल ठिठियों का ट्रक का चक्का खुलकर दूर चला गया



और ट्रक और अनियंत्रित होकर एक पेड़ में जा टकराया और मौके पर पलट गया, जिससे घटनास्थल पर ही चालक अनमोल ठिठियो की मौत हो गयी। घटना के बाद बॉक्साइट लगा ट्रक फरार हो गया। इधर नेतरहाट एवं गुरदरी पुलिस के द्वारा अनमोल सीठियो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा उसे अमृत घोषित कर दिया गया।

# असामाजिक तत्वों का अड्डा बना आदिवासी बालिका छात्रावास

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायडीह/ गुमला।** प्रखंड मुख्यालय रायडीह में सुदूरवर्ती क्षेत्रो में निवासी करनी वाली आदिवासी बालिकाओं की शिक्षा व्यवस्था ढंग से हो। इसलिए उनके रहने खाने और पढ़ाई की समुचित व्यवस्था का ख्याल रखा गया था।उसी के अनुरूप कल्याण विभाग से सौ शैय्या वाला एक भव्य बालिका छात्रावास का निर्माण कराया गया था।जिसका उद्घाटन तत्कालीन झारखण्ड सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सुदर्शन भगत ने 24 जुलाई 2004 को उद्घाटन किया था। उसके बाद प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय रायडीह की छात्राएं कुछ वर्षों तक रहकर पढ़ाई करती रही थी। उसके बाद तकरीबन 3 वर्षों तक कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भी यहां साथ साथ संचालित था। लेकिन कस्तूरबा का अपना नया भवन बन जाने के बाद



वे वहां चले गये। इधर प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं की संख्या बहुत कम हो गयी। कुछ छात्राएं डेरा में रहने लगी। फलस्वरूप यह छात्रावास भवन सुनसान पड़ा हुआ है। यह भूत बंगला में तब्दील हो गया है। यहां असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। जुआरी, शराब, गांजा पीने वालों का सुरक्षित अड्डा बन गया है। कांच की खिड़कियां, दरवाजों धीरे धीरे तोड़ कर नष्ट किया रहा है। अभी एस एस टेन प्लस टू विद्यालय रायडीह में काफी संख्या में बालिकाएं पढ़ रही हैं। जो दुर्गम क्षेत्र की रहने वाली हैं। वे आसपास के गांवों में डेरा में रहकर पढ़ाई कर रही हैं। यदि जिला प्रशासन चाहे तो फिर से बालिका छात्रावास चालू हो सकता है और इस भव्य भवन का सदुपयोग भी हो पायेगा। जो फिलहाल अनुपयोगी साबित हो रहा है। समय रहते इसका उपयोग हो तो करोड़ो रुपए की लागत बने भवन का उपयोग बरकरार रहेगा।

# भत्ता वृद्धि को लेकर झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने मनाया जश्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में अरमई के स्वर्ण भूमि प्लेस में झारखंड सरकार द्वारा भत्ता वृद्धि किये जाने को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजीव कुमार तिवारी ने कहा काफी लंबी लड़ाई लड़ने के बाद हमें अपना अधिकार प्राप्त हुआ है। मैं संगठन के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूं कि जिन्होंने संगठन पर विश्वास कर लंबी लड़ाई में साथ दिया। अंततः अपने अधिकार को प्राप्त किया। जिसके लिए कई बार धरना प्रदर्शन, आंदोलन हुआ। हमने पुलिस की लाठियां भी खायी। उन्होंने बताया



आखिर सरकार को हमारी मांगे माननी ही पड़ी। पूर्व में हमें प्रतिदिन 500 भत्ता मिलता था। लेकिन आंदोलन के दौरान हमने समान काम के बदले समान वेतन की मांग सरकार से की। जिसके बाद प्रतिदिन अब हम लोगों को 1088 मिलेगा। जिससे हम अपने परिवार का पालन पोषण अच्छी तरीके से कर पायेंगे। लेकिन अभी हमें पूर्ण अधिकार प्राप्त नहीं हुआ है। हमारी मुख्य मांग नियमतीकरण है जिसके लिए आगे की लड़ाई लड़ी जाएगी। संगठन के सभी साथी एकजुट रहे। एकता में ही बल है। संगठन सरकार के फैसले के विरोध में हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक की लड़ाई लड़ी और अपनी मांगों को रखा। जिसका प्रतिफल आज हमें देखने को मिल रहा है। अन्य मांगों को लेकर सरकार से आगे भी हमारी लड़ाई जारी रहेगी। कार्यक्रम में लोगों ने एक दूसरे से खुशियां बांटी। कार्यक्रम की अध्यक्षता झरी भगत ने की। कार्यक्रम में अनिता कुमारी, रीना कुमारी, अंजना बाड़ा संदीप उरांव, वीरेंद्र साहू, बीबी कांति देवी, कौशल्या देवी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# जेसीबी से टकरा कर स्कूटी सवार घायल

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के बनारी गूंगाटोली गांव में स्कूटी सवार युवक 28 वर्षीय मिठू स्वास्तिक कुमार ने जेसीबी को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आनन फानन में घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया जहां से चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बनारी गूंगा टोली गांव में सोमवार को प्रेम दत्ता साहू का जेसीबी काम करके लौटा और अपना घर घुस रहा था। उसी दरमियान गांव का युवक 28 वर्षीय मिठू स्वास्तिक कुमार पिता रामकेश्वर साहू अति तीव्र गति से स्कूटी में सवार होकर अपने घर से बनारी की ओर जा रहा था। तीव्र गति होने के कारण स्कूटी नियंत्रण से बाहर हो गया और सड़क से किनारे अपना घर की ओर जा रहे जेसीबी को जोरदार टक्कर मार दिया।

# फुटबॉल टूर्नामेंट में आइएफसी इचरी की टीम जीती

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** प्रखंड अंतर्गत लरंगो लोहंजरा गांव में पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को खेला गया। फाइनल मैच आइएफसी टीम ईचरी बनाम इएससी टीम कुडू के बीच हुआ। मैच इएफसी टीम कुडू को ईचरी की टीम ने 0-2 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। टूर्नामेंट में कुल 48 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच का शुभारंभ सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो व जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी के द्वारा दोनों टीमों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इस दौरान विधायक जिग्गा सुसारण होरो ने कहा कि सिसई के ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के प्रति जागरुक है। हर गांव टोले मोहल्ले में खेल आयोजन कर अपने प्रतिभा को निखार रहे हैं। क्षेत्र में प्रतिभावान खिलाड़ी की कमी नहीं है। बशर्ते इन्हें प्रशिक्षण और उचित माहौल देने की जरूरत है। झारखंड सरकार खेल पर विशेष ध्यान दे



रही है। इसी के तहत हम अपने विधानसभा क्षेत्र में जगह जगह पर खेलों का आयोजन कर रहे हैं। वहीं जिला परिषद सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी ने कहा कि दक्षिणी छोटानागपुर के गुमला जिला को खेल नगरी के रूप में जाना जाता है। आज भी ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों की प्रतिभावान खिलाड़ी की कमी नहीं है। लोग टूर्नामेंट के माध्यम से अपने खेल प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष रवि उरांव, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, पुसो थाना प्रभारी प्रकाश तिर्की, रामेश्वर उरांव, सतीश उरांव, कमलेश उरांव, राजबली उरांव सहित आयोजन समिति अध्यक्ष मुनसरफ अंसारी, सचिव नफेज अंसारी अंसारी सहित सैकड़ों की संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# वृद्ध महिला को गांव के ही व्यक्ति ने मारी लात, रिम्स रेफर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर के अरमई गांव निवासी 60 वर्षीय पंचू देवी को गांव के चापानल के समीप संजय साहू नामक व्यक्ति किसी बात को लेकर उसे कमर में एक लात मार दिया। इसके बाद महिला जमीन पर गिर गयी और वह घायल हो गयी। घटना में उसका कमर टूट गया है। घटना की जानकारी पर परिजन तत्काल उसे सदर अस्पताल लेकर आए। जहां इलाज के बाद डॉक्टर ने उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया। वृद्ध महिला घटना के बाद उठने बैठने में असमर्थ हो गयी। परिजनों ने बताया संजय साहू शराब का नशा में था। वही वृद्ध महिला चापानल के समीप बैठी थी। तभी किसी बात को लेकर उसने उस पर हमला कर दिया। सदर अस्पताल लेकर आए महिला के परिजनों ने बताया बिना किसी बात का व्यक्ति ने उसे पर हमला किया है। मामले को लेकर थाना में शिकायत दर्ज करायी जायेगी।

# नशा से संबंधित जानकारी पुलिस को दें : एसडीपीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहर के बिट नंबर एक अंजुमन इस्लामिया कमिटी के सभागार में नागरिक सुरक्षा समिति के तत्वाधान में मोहल्ले के गणमान्य लोगों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सदर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने की। बैठक में शहर के काफी लोग शामिल थे। बैठक में सुरक्षा, नशा, चोरी आदि को लेकर चर्चा की गयी। समाज में बेहतर सुरक्षा नागरिकों को प्रदान किए जाने को लेकर लोगों की राय मांगी गई और उन पर कार्य करने का अधीनस्थों को निर्देश दिया गया। हाल ही के दिनों में शहर में चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर लोगों से विचार विमर्श किया गया। एसडीपीओ ने बताया चोरी की घटना में कमी आयी है। इसमें शामिल कई लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। नशा को लेकर शहर के




लोगों से सहयोग करने की अपील की गई। एसडीपीओ ने कहा किसी प्रकार के नशा के संबंध में कोई जानकारी हो तो पुलिस को इसकी सूचना जरूर दें सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा। आप लोगों के सहयोग से ही नशा पर काबू पाया जा सकेगा। लोगों ने बताया कम उम्र के बच्चे नशीली दवा टेबलेट, कोरेक्स, गांजा, शराब और ब्राउन शुगर का धड़ल्ले से उपयोग कर रहे हैं। जिसके कारण चोरी की घटना व अन्य अपराधी घटना होती है। बीट नंबर वन के प्रभारी अंकित राज ने कहा नशा के मामले में किसी प्रकार की सूचना मिलने पर थाना को सूचित करें। उन पर आवश्य कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा मोहल्ले में कोई भी व्यक्ति नशा का कारोबार कर रहा हो तो उसकी सूचना भी दें। कार्यक्रम में अंजुमन इस्लामिया कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य के अलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# भास्कर एजुकेशनल एकेडमी में मटकी फोड़ और दशावतार कार्यक्रम का मंचन

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** भास्कर एजुकेशन एकेडमी स्कूल में जन्माष्टमी के पूर्व दिवस पर मटकी फोड़ और दशावतार, कृष्ण सुदामा के मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहाँ क्लास प्री नर्सरी से यू के जी तक के बच्चों के लिए मटकी फोड़ का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राधा कृष्ण, ग्वाल बाल, मैया यशोदा सहित बहुत ही आकर्षक रूप से सजकर आये थे। जिन्होंने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। कृष्ण सुदामा का मिलान का दृश्य इतना मार्मिक था कि वहां उपस्थित सभी लोगों के आंखों मे आंसू आ गये। दशावतार को देखकर सभी लोग भगवान वासुदेव की जय जयकार करने लगे। प्राचार्य नितेश रंजन भास्कर ने कहा की सनातन धर्म




और विश्व कल्याण में भगवान कृष्ण की भूमिका सदा याद किया जाएगा। वो राजा होते हुए भी एक गरीब ब्राह्मण मित्र सुदामा को गले लगाया और अपने राज सिहांसन पर बैठाया।

## इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्राचार्य नितेश रंजन भास्कर ने प्रकाश पांडेय, शशि भूषण गोस्वामी, शिवम मिश्र, किरण कुमारी, सरिका साहू, नूतन सिंह, निशा कुमारी, कविता पांडेय, प्रियंका सहाय, जूही गुप्ता, ज्योति देवी, प्रियंका सिंह, सोनी कुमारी, संध्या कच्छप, सुभद्रा देवी, फुलेश्वरी सिंह, सपना कुमारी, प्रीति कुमारी और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मिशन बदलाव के सदस्य ने गिरा पर्स और राशि लौटायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव के पदाधिकारी बिजय लाल और नगर अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने ईमानदारी की मिसाल पेश की। अमृत नगर गुमला के विजय लाल को एक पर्स मिला। जिसमें 15 सौ 15 रुपये के साथ ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, आधार कार्ड भी था। यह पर्स विजय को गुमला टाउन में गिरा हुआ मिला था। विजय लाल ने मिशन बदलाव के नगर अध्यक्ष प्रदीप वर्मा से संपर्क किया उसे सारी बात बताई। चुंकि पर्स में कई दस्तावेज थे इस लिए तुरंत यह अंदाजा लगा लिया गया कि यह पर्स बसिया के किसी युवक की है। उस युवक को संपर्क करने के लिये मिशन बदलाव के बसिया प्रखण्ड अध्यक्ष लखन गोप को फोन किया गया। मिशन बदलाव ग्रुप के माध्यम से जिसमें लखन गोप,



ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनोद कुमार साहु, विजय लाल व प्रदीप वर्मा ने उक्त युवक को ढूंढ़ निकाला। संस्था के संस्थापक सदस्य भूषण भगत ने बताया कि मिशन बदलाव सदस्य के विजय लाल एक ईमानदार दानवीर कुशल स्वभाव के व्यक्ति हैं और उनका पेशा कंस्ट्रक्शन लाइन का जुड़ा हुआ है। मिशन बदलाव के लिए बहुत गर्व की बात है की ऐसे ईमानदार सहयोगी हमारे साथ है। मिशन बदलाव के टीम की तरफ से विजय लाल को ईमानदारी की मिसाल पेश करने को लेकर हार्दिक आभार किया गया।

# भाजपा के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है बिशुनपुर विधानसभा सीट

सुधाकर कुमार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा लोकसभा चुनाव के दरमियान बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की स्थिति असंतोष जनक थी। स्थानीय नेता अपने क्षेत्र में वोट को नहीं समेट पाए। यह भाजपा के लिए बड़ी चिंता का विषय है। बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से युवा नेता रामावतार भगत, लोक सभा सांसद समीर उरांव, बरिष्ट नेता भिखारी भगत, टेंबू उरांव,अशोक उरांव,छोटेलाल उरांव, अनुसूचित जनजाति के राष्ट्रीय सचिव आशा लकड़ा और रामप्रसाद बड़ाइक के नाम की चर्चा है।

गुमला जिले की विशुनपुर विधानसभा सीट पर भी बीजेपी की स्थिति संतोषजनक नहीं है। यहां एक हारे हुए प्रत्याशी को फिर से चुनाव में उतारने की चर्चा है। इस निर्णय ने भी पार्टी के भीतर असंतोष को बढ़ावा दिया है। विशुनपुर विधानसभा में एक प्रमुख एनजीओ का प्रभाव है। लेकिन इस एनजीओ के समर्थन के बावजूद यह उम्मीदवार जमीनी स्तर पर कोई खास जनाधार नहीं बना पाया है।

यहां की समस्या भी गुमला और सिसई की तरह ही जटिल है। पार्टी के भीतर कई कार्यकताओं और स्थानीय नेताओं का मानना है कि विशुनपुर सीट पर नये और जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेताओं को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। इस सीट पर एक हारे हुए उम्मीदवार को फिर से उतारने की योजना ने पार्टी के भीतर नाराजगी बढ़ाई है। विशुनपुर विधानसभा में जातिगत समीकरण भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इस हारे हुए उम्मीदवार का समर्थन इन समीकरणों को बिगाड़ सकता है। बीते विधानसभा चुनाव में गुमला जिलों के तीनों सीटों से झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कब्जा जमाया था। इस बार भाजपा के लिए तीनों सीट निकालना बड़ी चुनौती है। क्योंकि झारखंड मुक्ति मोर्चा से इस बार एक ऐसा उम्मीदवार मैदान में खड़ा हो रहा है जो इस क्षेत्र में कई वर्षों तक एक पदाधिकारी के रूप में सेवा दे चुका है। सेवा से रिटायर्ड होने के बाद से ही वह आंतरिक रूप से चुनाव की तैयारी कर रहा है।

विशुनपुर की स्थिति से यह संकेत मिलता है कि पार्टी स्थानीय नेतृत्व और कार्यकताओं के बीच संवाद की कमी के चलते जमीनी हकीकत से कटी हुई है। यह असंतोष आने वाले समय में बड़े संकट का कारण बन सकता है। क्योंकि पार्टी के समर्थक और कार्यकर्ता इस प्रकार के निर्णयों से नाराज हो सकते हैं।

पार्टी के लिए सबसे बड़ी चुनौती है अपने कोर वोटर्स और बेस वोटर्स को फिर से अपने साथ जोड़ना। इसके लिए जरूरी है कि पार्टी स्थानीय नेतृत्व को मजबूत करे और जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेताओं को महत्व दे। गुमला जिले में बीजेपी की स्थिति चिंताजनक है।

# रस्सी में फंसने से काटा महिला का पैर

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** मुख्यालय के नवागढ़ निवासी कुंदन वर्मा की पत्नी देवंती देवी 37 वर्ष का दाहिना पैर सोमवार को एड़ी के ऊपर पूरी तरह कट गया घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त महिला खेत में बंधे अपनी गाय को लाने के लिए गई थी वह जैसे ही खूंटी से रस्सी खोली और वह रस्सी पैर में फंस गया जिसके उपरांत महिला को गाय घसीटते हुए काफी दूर ले गया इस घटना में महिला का पैर कट गया परिजनों ने आनन-फानन में घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशनपुर लाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार उपरांत रिम्स रांची रेफर कर दिया।

# चेहल्लुम साहस, त्याग और बलिदान का प्रतीक माना जाता है : जिग्गा सुसारन होरो

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** प्रखंड के सुरसा गांव के टंगरा बगीचा स्थित खेल मैदान में रविवार को चेहल्लुम मेला कमेटी सुरसा के द्वारा मेला का आयोजन किया गया। शुभारंभ सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो व पूर्व विधायक सह मंत्री गीताश्री उरांव ने किया। इस दौरान कमिटी के लोगों उपस्थित सभी लोगों को पगड़ी व बैंच पहनाकर सम्मानित किया। मेला में सिसई प्रखंड सहित लोहरदगा, भंडरा व सेन्हा से कुल 20 चेहल्लुम कमिटी शामिल हुए। सभी कमिटी ने अपना-अपना अस्त्र शस्त्र इनामी खेल मुकाबला दिखाया। इस दौरान उपस्थित सभी टीमों को विधायक जिग्गा सुसारन होरो व पूर्व विधायक सह मंत्री गीताश्री उरांव ने डेग व तलवार देकर सम्मानित किया गया। मेला सह मुकाबले में शामिल होने के लिए दूर-दूर से कई बेहतरीन टीमें आई थी। जो लाठी तलवार बलुवा इत्यादि का एक से बढ़कर एक खेल तमाशा दिखा रहे थे।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि चेहल्लुम पर्व मुस्लिम समुदाय के एक बहुत ही महत्वपूर्ण पर्व है। उन्होंने कहा कि शहादत के रूप में मनाया जाने वाला चेहल्लुम साहस, त्याग और बलिदान का प्रतीक माना जाता है। चेहल्लुम के दिन मुस्लिम समुदाय के लोग सामुहिक रूप से यह पर्व मनाते हैं। लोग इमाम बाड़ा या फिर मजार पर इकट्ठे होकर हजरत इमाम हुसैन की शहादत की कहानियां सुनते हैं। वहीं पुर्व विधायक गीताश्री उरांव ने कहा कि आज मुस्लिम समुदायों का प्रसिद्ध चेहल्लुम त्यौहार है । पर्व को लोग बड़े ही हर्सोल्लास के साथ मनाते है। आज के त्यौहार को हजरत इमाम हुसैन की शहादत में मनाया जाता है।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन, राधा-कृष्ण के वेष में पहुंचे बच्चे

# द्वापर युग में अधर्म का नाश व धर्म की स्थापना के लिए श्रीकृष्ण ने लिया था धरती पर जन्म : डॉ सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल प्रांगण में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत प्राचार्य डॉ एके सिंह ने किया। प्रार्थना सभा की रौनक देखते ही बन रही थी। जिसमें कक्षा प्री-नर्सरी से तृतीय तक के छात्र-छात्राएं कृष्ण, राधा एवं सुदामा का आकर्षक वेश-भूषा धारण कर पहुंचे थे। कृष्ण का बाल-रूप बड़ा ही निराला था, जो मन को मोहित कर रहा था। सबकी दृष्टि मंच पर ही एकाग्र थी। कक्षा सातवीं की छात्राओं ने भक्ति गीत 'मैया मोहे दाऊ बहुत खिझायो' और 'पायो जी मैंने राम-रतन धन पायो' गीत गाकर सबका मन मोह लिया। कक्षा द्वादश की जिया और श्रुति ने 'तुम इतना न करियो सिंगार' गीत पर अनुपम प्रस्तुति दी। विद्यालय के चारों सदनों की छात्राओं की ओर से मनोरम एकल नृत्य की प्रस्तुति दी गई। पूजा भारती बायरन सदन, अर्पना यादव इलियट सदन, अंशिका पाण्डे कीट्स सदन और जिज्ञासा कुमारी शेक्सपियर सदन से अपनी प्रस्तुति दी। छात्रों के कदम 'अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम' जैसे कई गीतों पर पर थीरके। इस अवसर पर विद्यालय में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में इलियट सदन-प्रथम, कीट्स सदन द्वितीय, और बायरन सदन तृतीय स्थान पर रहे। माखन चोरी और सुदामा मिलन जैसे कृष्ण की बाल लीलाओं पर लघु नाट्य का मंचन मनोरंजन का मुख्य केंद्र था। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ एके सिंह ने विजित सदन एवं छात्रों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस प्रकार राक्षसों का वध करने के लिए त्रेतायुग में श्रीराम ने जन्म लिया था। उसी प्रकार द्वापर युग में अधर्म का नाश करने और धर्म की स्थापना करने के लिए श्री कृष्ण ने इस धरती पर जन्म लिया था। विभिन्न अवसरों पर छात्रों को सदन के माध्यम से प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर सदैव दिया जाता है। विद्यालय मंच से ही भविष्य की दिशा तय हो सकती है, अतः दो कदम बढ़कर अपना प्रदर्शन करें। कृष्ण के अच्छे गुणों को हमें आत्मसात करना चाहिए। जिस प्रकार श्री कृष्ण ने गीता में कर्म करने का उपदेश दिया उसी प्रकार हमें अपने सामर्थ्य के अनुसार कर्म करते रहना चाहिए। कर्म पर हमारा अधिकार है पर फल पर नहीं। अच्छा कर्म करेंगें तो अच्छा फल मिलेगा और बुरा कार्य करेंगें तो बुरा फल मिलेगा। इसलिए हमें सदा अच्छे कर्म ही करने चाहिए। मंच संचालन पूजा भारती एवं तनु प्रिया के द्वारा किया गया।


ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में राधा-कृष्ण के भेष में उपस्थित बच्चे व अन्य।

## सतबरवा से जेजेएमपी के तीन उग्रवादी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी के तीन उग्रवादी हथियार से लैस होकर बाइक से ठेकेदारो से लेवी वसूलने और धमकी के उद्देश्य से तुंबागड़ा की ओर से जाने वाले हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सतबरवा पुलिस ने चेतमा गांव के मुख्य सड़क पर नाका चेकिंग लगाया। इसी दौरान एक बाइक पर बैठे लोग वहां से गुजर रहे थे, जो पुलिस को देखते ही बाइक को पीछे मोड़ दिया। हालांकि पहले से मुस्तैद पुलिस ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। उनकी पहचान विजय पासवान (31), अशोक यादव (34) और अखिलेश कुमार उर्फ अरुण (38) के रूप में हुई है। विजय पलामू जिले के ही लेस्लीगंज के डन्नरा मुड़ा का रहने वाला है, जबकि अशोक लेस्लीगंज के ाावाडीह और अखिलेश सतबरवा थाना क्षेत्र के ठेमी सतबरवा का रहने वाला है। पुलिस की मानें तो अशोक यादव का लेस्लीगंज थाना में पुराना आपराधिक इतहास रहा है। पुलिस तीनों उग्रवादियों से पूछताछ कर उनके साथियों के बारे में पता लगाने की कोशिश में जुट गयी है।

## जन्माष्टमी पर नकारात्मक लक्षणों से छुटकारा पाने का संकल्प लें: प्रियंका

**ईश्वरीय विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जन्माष्टमी महोत्सव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की हुसैनाबाद इकाई की ओर से सद्भावना भवन में जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। इसका उद्घाटन पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, कर्नल संजय सिंह, पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार, केंद्र संचालिका बीके प्रियंका आदि ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम का संचालन बीके नीरज ने किया। इसमें सभी अतिथियों को ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों द्वारा राधा-कृष्ण अभिनय से शुरू की गयी। जन्माष्टमी का रहस्य बताते हुए बीके प्रियंका ने कहा कि भगवान के प्रेम में लीन रहकर क्रोध, वासना, अहंकार, लोभ और मोह को अपने अंदर से मिटाने की शपथ ली जाती है। श्रीमद्भगवगीता या रामचरितमानस के अनुसार, ज्ञान के साथ प्रेम, पवित्रता, शांति, शक्ति, आनंद और खुशी को आत्मसात करके इन पांचों विकारों पर विजय पाना ही वास्तविक विजय है। उन्होंने सकारात्मक ऊर्जा के लिए कार्य करने की बात कही। यदि सभी लोग इस जन्माष्टमी पर भगवान को याद करके अपने दोषों और नकारात्मक लक्षणों से छुटकारा पाने का संकल्प लें, तो श्रीकृष्ण जल्द ही फिर से जन्म लेंगे। वह हम सबको कर्म व प्रेम की शिक्षा दे गए हैं। मौके पर बीके धीरज, बीके मनोज भगत, रेखा बहन, वंदना बहन, राम नरेश यादव, धर्मेंद्र कुमार, संतोष गुप्ता, भगवान प्रसाद, अभिमन्यु सिंह, सुरेंद्र कांस्यकर, दिनेश तिवारी, डॉ. मलय कुमार राय, डॉ गया, प्रियंका, कृष्ण प्रसाद, आनंद किशोर, शोभा देवी आदि थे।

## विश्रामपुर में मूलभूत सुविधाएं नदारद, पीटा जा रहा है विकास का ढिंढोरा : गोपाल राम

**बसपा नेता ने संवाददाता सम्मेलन कर विश्रामपुर मझिआंव विस से पेश की अपनी दावेदारी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**विश्रामपुर/पलामू।** वरीय बसपा नेता गोपाल राम ने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से मूलभूत सुविधाएं नदारद हैं और वर्तमान विधायक विकास का ढिंढोरा पीट रहे हैं। सड़क नली-गली आज भी यहां की मूलभूत समस्याएं हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा भी बदहाल है। अब तक के सभी जनप्रतिनिधियों के वादे और दावे खोखले साबित हो चुके हैं। वे सोमवार को बी मोड़ पर बसपा की ओर से आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर नगर परिषद में पेयजल की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। पाइपलाइन से पेयजलापूर्ति की योजनाओं को विधायक व सांसद आज तक धरातल पर नहीं उतार पाए। उन्होंने आदित्य बिड़ला ग्रुप द्वारा संचालित रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज प्रबंधन पर भी हमला बोला। कहा कि इस फैक्ट्री से स्थानीय लोग सिर्फ प्रभावित हैं, लाभान्वित तो बाहरी आदमी हो रहे हैं। रेहला और आसपास के क्षेत्र का भूगर्भ जलस्तर फैक्ट्री के नमक भंडारण से खराब हो चुका है। ग्रासिम इंडस्ट्रीज केमिकल प्लांट है, जिसके कारण स्थानीय लोग सदैव खतरा महसूस करते है। लेकिन लोगों की सुरक्षा को लेकर न तो फैक्ट्री प्रबंधन ही चिंतित है और न ही जिला प्रशासन। इस मुद्दे पर तो सांसद और विधायक भी चुप्पी साधे हुए हैं। लेकिन बसपा चुप नहीं रहेगी। जल्द ही फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन का रुख अख्तियार किया जायेगा। गोपाल राम ने विश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र से अपनी दावेदारी पेश करते हुए कहा कि पार्टी के शीर्ष नेताओं से बातचीत हुई है। शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें आश्वस्त करते हुए चुनाव की तैयारी में जुट जाने को कहा है। कहा कि विश्रामपुर विस में एक लाख अनुसूचित जाति के मतदाता हैं। अन्य जातियों का भी वोट मिलेगा।

## वन क्षेत्र कर्मियों ने सरकार से आर-पार की लड़ाई लड़ने का लिया निर्णय



**सतबरवा/ पलामू (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ के आह्वान पर सरकार की ओर से झारखंड राज्य अवर वन क्षेत्रकर्मी संवर्ग नियमावली 2014 में अहितकारी संशोधन करके झारखंड राज्य अवर वन क्षेत्रकर्मी संवर्ग नियमावली, 2024 बनाकर वनपाल के शत प्रतिशत प्रोन्नति के पद में कटौती करते हुए 50 प्रतिशत पदों पर सीधी नियुक्ति करने के निर्णय के विरुद्ध पलामू जिले के सभी वनरक्षियों ने अपने सभी विभागीय कामकाज को छोड़कर 16 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। वनरक्षियों का हड़ताल 10वें दिन सोमवार को भी जारी रहा। वनरक्षियों का कहना है कि पिछले तीन साल से विभाग में एक भी वनपाल(फॉरेस्टर) नहीं है। विभाग पिछले 3 साल से बिना किसी भत्ता के वनरक्षियों से प्रभारी वनपाल का कार्य करवा रही है। विभाग को निःस्वार्थ भाव से तीन साल प्रभारी वनपाल का सेवा देने के बाद जब आज वनरक्षियों का वनपाल में प्रोन्नति का समय आ रहा है तब विभाग इनकी प्रोन्नति रोककर वनपाल की बहाली करने जा रही है। इसी के विरोध में राज्य के सभी वनरक्षी हड़ताल पर चले गए हैं। धरना प्रदर्शन में झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ के संयुक्त मंत्री पंकज पाठक, जोनल मंत्री रोशन सिंह, जोनल अध्यक्ष प्रवीण शुक्ला,जिला मंत्री धीरेन्द्र चौबे, साकेत पाण्डेय सहित शशांक पाण्डेय, पुष्पराज सिंह, शशि कांत कुमार, राजू कुमार, मुकेश मिंज, दीपक मिश्रा, देवेंद्र कुमार देव, दिना शर्मा, रिंकू पांडेय, सुनील कुमार सहित पलामू जोन के लगभग 330 वनरक्षी मौजूद रहे।

## बाबा वीर कुंवर ट्रस्ट शाहपुर निबंधित संस्था है इसे अपनी जागीर ना समझें : रामदेव यादव



**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि बाबा वीर कुंवर ट्रस्ट शाहपुर एक निबंधित संस्था है, इसे अपनी जागीर समझने की भूल ना करें। सरकारी ट्रस्ट नियमावली की प्रक्रिया के तहत अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष के नाम से बैंक खाता में आय की रकम को जमा करना है और खर्च की सारी आय व्यय को पंजी में अंकित कर वाउचर के साथ विधिवत ऑडिट वर्ष के मार्च माह में कराकर आम सभा की बैठक कर आय व्यय देने का प्रावधान है। जिसमें सदस्य व क्रियाशील सदस्य ही भाग लेने का प्रावधान है। इसका सार्वजनिक ट्रस्ट के जिम्मेवार पदाधिकारियों को करना चाहिए कि ट्रस्ट के नियमों का पालन हो रहा है की नहीं। इस ट्रस्ट में लोकतांत्रिक तरीके से कार्य हो, इसके लिए हर संभव मेरा प्रयास रहेगा।

## टूर्नामेंट आयोजित होने से युवाओं को मिलता है अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर: डॉ शशिभूषण

**विधायक ने फुटबॉल टूर्नामेंट के विजेता और उपविजेता टीम को दिया पुरस्कार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी/पलामू।** पांकी हाई स्कूल के मैदान में सोमवार को स्वर्गीय रामा सिंह एवं स्वर्गीय बिनोद सिंह की स्मृति में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के अलावा भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता शामिल हुए। जिन्होंने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। विधायक ने कहा कि पढ़ाई के साथ ही खेलकूद बहुत जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के टूर्नामेंट के आयोजन होने से युवाओं को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई भी किया। लगे हाथ उन्होंने टूर्नामेंट आयोजन समिति को आर्थिक सहयोग भी किया। उन्होंने टूर्नामेंट आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन कराते रहें हम आपलोग के साथ रहेगें। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, निरंजन सिंह, कपिल देव सिंह, अजय कुमार सिंह, विशेष सिंह, आवेश कुमार और प्रेमचंद सिंह आदि उपस्थित थे।

## ओबीसी समाज को एकजुट होने का दिया संदेश

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नावाबजार प्रखंड के बसना, झरहा समेत विभिन्न गांवों में ओबीसी एकता अधिकार मंच की ओर से न्याय रथयात्रा निकाला गया और जनसभा आयोजित की गई। इस दौरान केंद्रीय सदस्य गोरखनाथ चौधरी ने सभा संबोधित कर ओबीसी समाज के लोगों से जनसंवाद कर अपने हक एवं अधिकारों के लिए एकजुट होकर सरकार के खिलाफ लड़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ब्रह्मदेव प्रसाद के साथ जुड़कर ओबीसी समाज को एकजुट किया जाए, ताकि ब्रह्मदेव प्रसाद के हाथों को मजबूती मिले। इससे वे ओबीसी समाज की आवाज विधानसभा पटल पर रख सकेंगें। आज ओबीसी समाज का आरक्षण शून्य के बराबर कर दिया गया है। जो मेरा हक अधिकार था वह मिलना चाहिए था पर मिल नहीं पा रहा है। इसका मुख्य कारण ओबीसी समाज का कुंभकर्णी नींद में सोना है। जिस दिन हम जाग जाएंगे उस दिन हमारा जो हक अधिकार है वह जनसंख्या के आधार पर सरकार को देना पड़ेगा। वहीं, पिंटू यादव ने कहा कि पिछड़ा वर्ग में प्रगतिशील सामाजिक राजनीतिक लोग है फिर भी उन्हें सत्ताधारी राजनीतिक लोग चुनावी फायदे के लिए गुणवत्ताहीन तरीके से उपयोग कर रहे हैं। हम सबको एकजुट होना होगा और अपने हक अधिकार के लिए लड़ना होगा। मौके पर राम राज, सुरेंद्र, नारायण महतो, मकुन राम, विनय मेहता, महावीर कुमार, विकेश कुमार आदि मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स

ICC

आइसीसी ने 2025 से टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए तीन बड़े बोर्ड को छोड़कर अन्य क्रिकेट बोर्ड के लिए 125 करोड़ रुपये का एक नया फंड जारी कर सकती है।

# टेस्ट क्रिकेट के लिए आइसीसी जारी करेगा 125 करोड़ रुपये, कमजोर नेशनल बोर्ड को मिलेगी मदद

### आइसीसी ने 2025 से टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए उठाया है कदम




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आइसीसी) 2025 से टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए बिग थ्री (तीन बड़े क्रिकेट बोर्ड) को छोड़कर अन्य क्रिकेट बोर्ड के लिए एक नया फंड जारी कर सकती है। इसका लक्ष्य टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देना है। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना है कि अन्य बोर्ड आकर्षक फ्रेंचाइजी लीग से बराबर का मुकाबला कर अपनी जगह बना सकें। मुख्य रूप से इसकी पहल क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के अध्यक्ष मार्क बेयर्ड ने की थी, जिसका भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) और इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (इसीबी) ने भी समर्थन किया था। आईसीसी की इस पहल का उद्देश्य यह भी है कि इससे अलग-अलग बोर्ड के खिलाड़ियों के लिए एक अच्छी मैच फीस देने के लिए सेंट्रल फंड बनाया जा सकेगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस फंड के बाद टेस्ट मैच में किसी प्लेयर की मैच फीस करीब 8 लाख हो सकती है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि इस साल दिसंबर तक इस प्रस्ताव को अनुमति मिल जाएगी और अगले वर्ष से इसको लागू किया जाएगा। इससे न सिर्फ टेस्ट क्रिकेट बल्कि टी-20 जैसे छोटे फॉर्मेट खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए टेस्ट क्रिकेट आकर्षण का केंद्र बनेगा। ये फंड कम धन राशि वाले क्रिकेट बोर्ड को भी लाभ पहुंचाएगा।

### 1.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो सकता है नया फंड

क्रिकेट बोर्ड को जारी की जाने वाली नई राशि डेढ़ करोड़ अमेरिकी डॉलर यानी करीब 125 करोड़ भारतीय रुपए के आसपास हो सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक बीसीसीआइ सचिव जय शाह और इसीबी के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन का समर्थन इस प्रस्ताव को हासिल है। हालांकि इसकी चर्चा अभी शुरूआती स्तर पर ही है और अब तक आईसीसी द्वारा बोर्ड या कार्यकारी समिति के स्तर पर इस संबंध में कोई चर्चा नहीं की गई है। भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को छोड़कर टेस्ट खेलने वाले अन्य नौ देशों को टेस्ट क्रिकेट में नुकसान उठाना पड़ता है। इसी साल की शुरूआत में क्रिकेट वेस्टइंडीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉनी ग्रेव ने बताया था कि साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया के दौरे में बोर्ड को कुल 20 लाख अमेरिकी डॉलर का खर्च आया। 2023 में ही इसीबी, कैरिबियाई धरती पर तीन टी-20 खेलने के लिए राजी हो गई थी जिससे उन्हें फायदा हुआ था। पिछले महीने ही इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला के एवज में एउइ वेस्टइंडीज को अपने घर पर अंडर-19 दौरे की सुविधा भी मुहैया कराने वाला है।

## हरिहरगंज की ग्रामीण सड़कों का हाल बेहाल

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुलहिया से यादव टोला होते फुलवरिया वीर कुंवर स्थान तक करीब दो किलोमीटर की सड़क बदहाल है। सड़क पर कीचड़ की वजह से स्कूली छात्र छात्राओं और ग्रामीणों का घर से निकलना मुहाल हो गया है। ग्रामीण दीपक यादव, सोनू यादव, धीरेंद्र यादव, जीतबहन यादव, प्रमोद यादव, वीरेंद्र यादव, लालेंद्र यादव, जितेंद्र यादव, विजय यादव आदि ने बताया कि कुलहिया पंचायत अंतर्गत कई सड़क की हालात काफी दयनीय है। जन प्रतिनिधि से अपील के बावजूद भी नहीं सुनी जा रही है। सड़क बनाने के लिए एक वर्ष पूर्व सैकड़ों ग्रामीणों द्वारा आवेदन में साइन ठेपा कर वर्तमान विधायक से गुहार लगाया था ग्रामीणों की गुहार अब तक नहीं सुनी गई। विदित हो कि सड़क की समस्या सिर्फ कुलहिया पंचायत का ही नहीं है। सरसोत, ढकचा, सलैया, खड़गपुर व अन्य पंचायतों का भी है जो बने कई दशक बीत गए पर अब तक सड़क नहीं बन सका।

## शहीद-ए-कर्बला की याद में निकला चहल्लुम जुलूस



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** कर्बला की जंग में शहीद हुए हजरत ईमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला की याद में मनाया जाने वाला चहल्लुम हुसैनाबाद में सादगी के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम वक्फ वासला बेगम सदर इमामबारगाह से हुआ, जहां पर तकरीर के बाद शहीदों का ताबूत, अलम, सिप्र, दुलदुल निकाला गया। जो मुख्य मार्गों से होते हुए गांधी चौक पहुंचा। यहां मौलाना सैय्यद अली सजीर रिजवी ने बताया कि आज हम सब शहीदों को श्रद्धांजली देने यहां एकत्र हुए हैं। उनपर किए गए जुल्मों को याद कर हम गम मना रहे हैं। यह गम दुनिया का सबसे बड़ा गम है। पैगम्बर मोहम्मद साहब (स) के परिवार को एक दिन में तत्कालिन यजीद शासक के हुक्म से शहिद कर दिया गया। उन लोगों में यजीद का डर इतना था कि कोई शहीदों के शवों को दफनाने की हिम्मत नहीं कर सका। आज जमाना बदल गया है जहां कर्बला का मैदान वीरान था आज वहां पर करोड़ों लोग चहलूम मनाने कर्बला पहुंचे हैं। ये है लोगों की ईमाम हुसैन से मोहब्बत को दर्शाता है। तकरीर के बाद खूनी मातम किया गया। मौके पर मुत्तवल्ली सैयद तकी हुसैन रिजवी, सैयद हसनैन जैदी, सैयद फिरोज हुसैन, मिर्जा नेहाल, सैयद प्यारे हुसैन, मिर्जा अमिन, सैयद गजंफर हुसैन, डॉक्टर सैयद नादिर रिजवी, सैयद इब्ने हसन, वारिस हुसैन, सैयद फखरू हुसैन, गौहर मिर्जा आदि शांति व्यवस्था बनाने का काम किया। संचालन अरशद हुसैन(अर्शी) ने किया।

### झारखंड सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ जगह-जगह आजसू की जन जागरण पदयात्रा

# पांच साल में झारखंड सरकार ने युवाओं और महिलाओं से सिर्फ छल किया : यशोदा देवी

## गठबंधन सरकार ने विकास की जगह किया भ्रष्टाचार : हलधर महतो

**पार्टी की नीतियों से जनता को अवगत कराया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नावाडीह/तोपचांची।** प्रखंड अंतर्गत उपरघाट के छह पंचायत में पोखरिया मुंगोरंगामाटी, पेंक गोनियाटो काछो कोरियाबेड़ा) एवं कंजकीरो (पिपराडीह) में आजसू केंद्रीय समिति के निर्देश पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम जन-जागरण सह पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आजसू कार्यकर्ताओं ने राज्य की गठबंधन सरकार द्वारा साल 2019 विधानसभा चुनाव में किए गए वादों को पूरा नहीं करने की जानकारी जनता से साझा की। आरोप लगाया कि सरकार ने युवाओं को पांच लाख रोजगार देना, बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता और प्रति महिला को घर चलने के लिए एक वर्ष में 72 हजार चूल्हा खर्चा देना, पिछड़ों को 27 फीसदी आरक्षण आदि कई ऐसा वादे किये, जिसे आज तक पूरा नहीं कर पायी। कार्यक्रम में आजसू के विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी, युवा राज्य संयोजक टिकैत महतो, वरिष्ठ नेता दुर्योधन महतो शामिल थे। यह कार्यक्रम डुमरी विधानसभा क्षेत्र के सभी 70 पंचायत में किया जायेगा। कार्यकर्म की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मिश्रीलाल महतो व संचालन प्रखंड कार्यकारणी अध्यक्ष रामकुमार मराडी ने किया मौके पर केंद्रीय सदस्य सुरेश महतो, मुखिया ललिता देवी, महिला प्रखंड अध्यक्ष साजिया अंजुम, पंसस डेगलाल तुरी, निरंजन महतो, दशरथ मंडल, मोहम्मद अख्तर, मोहम्मद एमतिया अंसारी, हीरालाल महतो, महेंद्र महतो, जितेंद्र महतो, दामोदर महतो, राजेश तुरी, दिनेश महतो आदि शामिल थे। दूसरी ओर, तोपचांची शिव मंदिर प्रांगण से सोमवार को आजसू ने पदयात्रा निकला। जिसका नेतृत्व पार्टी के कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष हलधर महतो ने किया। यह पद यात्रा तोपचांची एवं दुमदुमी पंचायत से शुरू हुई। इस दौरान बाउरी टोला, थाना गली, जीटी रोड, गोमो रोड, सुभाष चौक, बुचा कुली रंगरीटाड, नरकोपी होते हुए वाटर बोर्ड मोड में संपन्न हुआ। इस अवसर पर दुमदुमी में तोपचांची के पूर्व मुखिया स्व रघुनाथ महतो एवं आजसू नेता स्व रमेश दास की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर हलधर महतो ने कहा कि राज्य की गठबंधन सरकार ने पांच लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। वहीं, बेरोजगारों को 5000 व 7000 रुपये रोजगारी भत्ता देने की बात कही थी। जिसे सरकार ने आज तक पूरा नहीं किया। केवल राज्य के खनीज संपदा कोयला, लोहा, अभ्रक और पत्थरों की लूट हुई। वहीं, संतोष महतो ने कहा कि पद यात्रा का मकसद आजसू की नीतियों को गांव के लोगों तक पहुंचाना है। वहीं, सदानंद महतो ने कहा कि तोपचांची प्रखंड व अंचल कार्यालय में लूट मची है। स्वास्थ्य व्यवस्था पूर्ण रूप से ठप है। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष रमेश मुनि, प्रमोद महतो, रामचंद्र ठाकुर, रमेश जायसवाल, धीरेंद्र राम, प्रेमचंद महतो, कमल डे, शंकर साव, मधुसूदन महतो, त्रिवेणी महतो, देवनारायण महतो, अमर भारती, सरयू प्रसाद महतो, बिंदेश्वरी महतो, विनोद महतो, नीलकंठ महतो, दयाल महतो, मीना देवी, चिंता देवी, किरण देवी, निरंजन मंडल और गणेश मंडल आदि मौजूद थे।





तोपचांची व नावाडीह में जन जागरण पदयात्रा निकालकर झारखंड सरकार की जन विरोधी नीतियों से लोगों को अवगत कराते आजसू नेता-कार्यकर्ता।

## पहला कदम में धूमधाम से मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल 'पहला कदम' में सोमवार को जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया। बच्चों के बीच सरायढेला थाना की एस्आई पायल कुमारी भी शामिल हुई। पहला कदम स्कूल में सभी दिव्यांग बच्चे कृष्ण-राधा की वेश में पहुंचे थे। दिव्यांग बच्चों ने गोविंदा बन माखन हांडी फोड़कर उत्सव मनाया। इस दौरान कई प्रतियोगिताएं कराई गई। जिसमें बच्चों के बीच आंख में पट्टी बांधकर माखन हांडी फोड़ने, राधा-कृष्ण फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आदि शामिल थे। इस दौरान विजयी बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया की श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उत्सव का उत्साह बेजोड़ है। पहला कदम स्कूल में दिव्यांग बच्चों के साथ हर त्योहार का अलग अनुभव देखने को मिलता है। सभी बच्चों ने केक काटकर श्रीकृष्णा का जन्मदिन मनाया।

## हाइवा और कार की टक्कर, एक की मौत, चार घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**कथारा।** गोमिया मुख्य मार्ग पर छिलका पुल के निकट रविवार को हुए सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान सन्नी केरकेट्टा (16) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार कोयला लदा हाईवा और कार के बीच छिलका पुल के समीप आमने-सामने की टक्कर हो गयी थी। कार में पांच युवक सवार थे। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए सीसीएल के कथारा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों के स्टाफ क्वार्टर निवासी सन्नी केरकेट्टा को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल अभय सिंह (20) और मो शकील (320 को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बोकारो रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो कार चालक व एक अन्य युवक को मामूली चोट लगी है। घटना स्थल से ही दोनों अपने-अपने घर चले गए। उधर, गटना की सूचना मिलते ही मृतक की मां और अन्य परिजन कथारा अस्पताल पहुंचे। इधर, बोकारो थर्मल पुलिस ने कागजी कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। उधर, मृतक के परिजनों ने बताया कि सभी युवक ढोरी स्टॉफ क्वार्टर के निवासी हैं। वे कार से तेनुघाट डैम घूमने जा रहे थे। इसी बीच सीसीएल कथारा क्षेत्र के गोबिंदपुर फेज दो परियोजना से कोयला लेकर आ रहे हाइवा डंपर से कार की टक्कर हो गयी। पुलिस ने हाईवा और कार को जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

## 8 सितंबर को माकपा का 16वां शाखा सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय

**माकपा की सिंदरी शाखा की बैठक में लिया गया निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिंदरी।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की सिंदरी शाखा-1 की बैठक सोमवार को सिंदरी के रंगामाटी में हुई। जिसकी अद्यक्षता सुबल चंद्र दास ने की। बैठक में माकपा के पूर्व पोलितब्यूरो सदस्य और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री कामरेड बुद्धदेव भट्टाचार्य व माकपा केंदुआ शाखा सचिव कामरेड केडी सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में पूर्व के निर्णयों की समीक्षा की गई और आगामी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान 8 सितंबर को माकपा सिंदरी शाखा-1 का 16वां शाखा सम्मेलन रोहडाबांध में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन की तैयारी व आयोजन की जिम्मेदारी सभी सदस्यों को सौंपी गई है। धनबाद जिला कमेटी के सदस्य और सिंदरी शाखा सचिव गौतम प्रसाद ने कहा कि इस सम्मेलन का आयोजन सिंदरी के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। यह निर्णय स्थानीय जनता के संघर्षों को सशक्त बनाने खासकर झारखंड विधानसभा चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बैठक में गौतम प्रसाद, पिंटू चटर्जी, नरेंद्र नाथ दास, सुबल चंद्र दास, शिबू राय, दीपक बनर्जी, गोपाल राय और रामप्रसाद मंडल आदि उपस्थित थे।

## 29 को तीरंदाज खिलाड़ी व प्रशिक्षक होंगे सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला तीरंदाजी संघ की बैठक सोमवार को को हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष विजय झा ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस साल भी 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर धनबाद के राष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। तीरंदाजी संघ के विजय झा ने बताया समारोह 29 अगस्त को हीरापुर लुबी सर्कुलर रोड स्थित यूनियन क्लब में होगा। जिसमें तीरंदाजी के प्रतिभावान नामचीन बालक, बालिका खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में महासचिव जुबेर आलम, उपाध्यक्ष तारकनाथ दास, सदस्य अमित कुमार और सुरेंद्र उपस्थित थे।

## दी कंपीटीशन क्लासेस की ओर से कतरास में मैराथन दौड़ का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** प्रतियोगी परीक्षाओं के संस्थान द कंपटीशन क्लासेस की ओर से कतरास में सोमवार को मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान पुरुषों के लिए 10 किलोमीटर और महिलाओं के लिए पांच किलोमीटर रेस का आयोजन हुआ। जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से आये सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया। संस्था के संचालक विनय साहू, सहसंचालक विवेक साहू व प्रशिक्षक अभिषेक मोहाली के दिशा निर्देश में इस खेल का संचालन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान क्रमशः सुमित रजवार, बृजेश कुमार और सतीश कुमार, जबकि महिला वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान क्रमशः प्राची कुमारी, नाहिद प्रवीण और फरजाना खातून ने हासिल किया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कतरास भाजपा मंडल अध्यक्ष सूरजदेव मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देते हुए अपनी प्रतिभाओं को निखारने व सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र दिया। वही संस्था के संचालक विनय साहू ने बताया कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों का मानसिक वशारीरिक विकास होता है। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवम सिंह, शत्रुघ्न सिंह, शिवम विश्वकर्मा, विकास कुमार आदि का सहयोग रहा।

## पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ 6 सितंबर को सिंदरी में



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिंदरी।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) व बजरंग दल के 60वें स्थापना दिवस पर छह सितंबर को सिंदरी में एक कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें प्रमुख पत्रकार एवं राष्ट्रीय वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। उक्त जानकारी विहिप बजरंग दल धनबाद महानगर के जिला मंत्री सोनू गिरी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम सिंदरी के कल्पना टाकीज हॉल में होगा। मौके पर रंजीत निषाद, अमन ठाकुर, रोहित सिंह, सिंटू सिंह, जितेंद्र, विवेक कुमार, सुधीर कुमार आदि मौजूद थे।

## अशर्फी अस्पताल की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

# कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करना मुख्य उद्देश्य : हरेंद्र सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** प्रखंड के गोपीनाथडीह ग्राम स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में सोमवार को 'स्वस्थ शरीर स्वस्थ समाज' अभियान के तहत असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेंद्र सिंह की ओर से एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं समाज में कैंसर के लक्षण, बचाव के उपाय, स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जागरूकता बढाने और इसके प्रारंभिक स्तर के निदान को प्रोत्साहित करना था। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और अपना समुदाय आधारित मूल्यांकन चेकलिस्ट फॉर्म के माध्यम से विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच सेवाओं का लाभ उठाया। इनमें ब्लड प्रेशर, आरबीएस, प्लस ऑक्सीजन संतृप्ति, तापमान, वजन, सामान्य स्वास्थ्य, और कैंसर शामिल था। विशेषज्ञ डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों की टीम ने शिविर में उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर हरेंद्र सिंह ने कहा कि स्वस्थ समाज की नींव स्वस्थ नागरिकों पर टिकी होती है। हमारे इस प्रयास का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में सुधार करना और कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने सभी सहयोगियों, डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मियों का धन्यवाद किया और भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रमों के आयोजन का आश्वासन दिया।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## मो साबिर मोदीडीह शाखा सिमेवा के अध्यक्ष, तो मजहर बने सचिव



**सिजुआ/कतरास (आजाद सिपाही)।** सिजुआ स्टेडियम में कोल माइंस इंजीनियरिंग वर्कर्स एसोसिएशन (सिमेवा) की सोमवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने की। जिसमें मोदीडीह कोलियरी शाखा का पुनर्गठन हुआ जिसमें अध्यक्ष मोहम्मद साबिर, उपाध्यक्ष लाखों महतो, रामलाल भुइयां, बंशीधर सहिश, अहमद अंसारी, रमेश चंद्र महतो, मोहम्मद इम्तियाज, नंदकिशोर बड़ही, हरिश्चंद्र, सचिव मजहर अंसारी, सहायक सचिव नवीन कुमार सिंह, नवीन कुमार, रवि रजवार, पप्पू कुमार, चंदन रजवार, संगठन सचिव शिवचरण महतो, अर्जुन भुइयां, नौशाद खान, विजय रजवार, कैलाश शाल, कोषाध्यक्ष संजय भगत, सहायक कोषाध्यक्ष राजमोहन चौहान के अलावा कार्यकारिणी के लिए 21 सदस्य चुने गए। इसके बाद एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मोदीडीह कोलियरी कार्यालय परिसर में श्रमिकों के साथ बैठक की। जिसमें बीसीसीएल जोन के अध्यक्ष बुधू यादव, महामंत्री आदित्य नाथ झा, भगवान दुनिया, पी सक्सेना उपस्थित थे। इस दौरान श्रमिकों की समस्याओं पर चर्चा हुई और निराकरण की दिशा में कदम उठाने का निर्णय लिया गया।

## अडाणी फाउंडेशन की पहल: टीबी मरीजों के लिए पोषण किट का वितरण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** अदानी फाउंडेशन ने झरिया और बलियापुर ब्लॉकों के प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पंजीकृत 281 क्षयरोगियों को पोषण किट प्रदान करने की योजना शुरू की है। यह अभियान जुलाई से दिसंबर 2024 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य टीबी मरीजों को आवश्यक पोषण उपलब्ध कराना है। यह पहल प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत की जा रही है, जो धनबाद जिले के टीबी मरीजों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो रही है। इससे पहले, 2023 में अदानी फाउंडेशन ने 250 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की थी। कार्यक्रम में जिला क्षयरोग निवारण संस्थान के अधीक्षक, स्वास्थ्य अधिकारी व अदानी फाउंडेशन की टीम ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

## बीएसएल में ऊर्जा स्थल पार्क का उद्घाटन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ने सोमवार को प्लांट के अंदर पीपीसी भवन के समीप ऊर्जा प्रबंधन विभाग की ओर से विकसित 'ऊर्जा स्थल' पार्क का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं, अतिरिक्त प्रभार एमएम) सीआर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (एचआर, अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद आदि उपस्थित थे। पार्क का मुख्य आकर्षण आतंरिक संसाधनों से बनाया गया 'ओपन जिम' है जिसमें कर्मी कार्यस्थल के तनाव को दूर करने प्रकृति के मनोरम सान्निध्य में न केवल कुछ पल बिता पाएंगे, बल्कि खुद को तंदरुस्त रखने के लिए अपने फुर्सत के समय व्यायाम भी कर सकते हैं। इसके साथ ही पार्क में तिरंगा और उसके समीप संविधान की प्रस्तावना भी लगायी गयी है। इस पार्क का विकास कार्यस्थल के वातावरण को बेहतर बनाने के लिए उठाये जा रहे हमारे निरंतर प्रयासों में एक और कदम है। निदेशक प्रभारी ने ऊर्जा प्रबंधन विभाग की पूरी टीम को उनके इस सराहनीय पहल के लिए बधाई दी और सभी से संयंत्र की बेहतरी के लिए प्रयासरत रहने का आह्वान किया।

## पिछरी में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



**पिछरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** पिछरी पंचायत के विभिन्न मंदिरों में सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव जन्माष्टमी के रूप में धूमधाम से मनाया गया। पंचायतों में राधे कृष्ण मंदिर सहित कई अन्य देवी देवताओं के मंदिरों में भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति एवं फोटो स्थापित कर महिला श्रद्धालुओं ने श्री कृष्ण लल्ला की पूजा की। कई स्थानों पर भगवान श्रीकृष्ण की झूला लगाकर उसमें उन्हें विराजमान कर झुलाया गया। पिछरी स्थित राधे कृष्ण मंदिर में देर रात भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव सह पूजन कार्य किया गया। मंदिर को फूलों व लाइट से साज सज्जा किया गया है। रातभर फुसरो से आए भजन मंडली द्वारा 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन किये। मौके पर पवन पाठक, बिरंची मिश्रा, नकुल मिश्रा, गणेश मिश्रा, मुकेश मिश्रा, बजरंगी मिश्रा, राकेश मिश्रा, तपन मिश्रा, धीरज मिश्रा, पंकज मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, दीपक मिश्रा, रितेश मिश्रा ब्रजेश मिश्रा आदि ग्रामीण उपस्थित हुए।

## सड़क दुर्घटना में एक घायल, हालत गंभीर

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो थाना अंतर्गत फुसरो-कथारा हीरक रोड में राम नगर हनुमान मंदिर के पास सोमवार को हाइवा और बाइक की टक्कर हो गयी। इस हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी पहचान नावाडीह थाना के बरवाडीह-पलामू निवासी रामेश्वर तुरी (45) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल ढोरी ले जाया गया, जहां चिकित्सक राहुल कुमार ने प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो हाइवा ट्रक बोकारो थर्मल प्लांट से छाई लेकर गोला जा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही बेरमो थाना प्रभारी दल बल के साथ पहुंचे गये।

## राजस्थान और मध्यप्रदेश में बनेगा श्रीकृष्ण गमन पथ

**डीग (भरतपुर)।** भगवान कृष्ण की जन्म स्थली मथुरा से लेकर उनकी शिक्षा स्थली उज्जैन को धार्मिक सर्किट के जरिये जोड़ा जायेगा। यह धार्मिक सर्किट करीब 525 किलोमीटर का हो सकता है। यह सर्किट राजस्थान और मध्यप्रदेश सरकार मिलकर बनायेंगी। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रीकृष्ण गमन पथ बनाने की घोषणा की। भजनलाल शर्मा ने कहा कि भगवान कृष्ण के गमन पथ को जल्दी ही तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। मध्यप्रदेश के उज्जैन के सांदीपनि में भगवान कृष्ण ने शिक्षा हासिल की है। जानापाव (एमपी) में भगवान परशुराम ने उन्हें सुदर्शन चक्र दिया। धार के पास अमझेरा में भगवान का रुक्मिणी हरण को लेकर युद्ध हुआ। ऐसे स्थलों को सरकार पर्यटन स्थल बनाने जा रही है। माना जा रहा है कि श्रीकृष्ण गमन पथ में राजस्थान के भरतपुर जिले का कुछ हिस्सा भी शामिल होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उनकी पत्नी गीता शर्मा सोमवार को डीग जिले के पूंछरी का लौठा पहुंचे थे। यहां उन्होंने श्रीनाथजी के मंदिर और मुकुट मुखारबिंद की पूजा-अर्चना की।

# नालको ने कौशल भारत पहल के तहत एक कदम आगे बढ़ाया

● अनुबंधित कर्मचारियों के कौशल विकास के लिए आईआईएसएसएससी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत सरकार की कुशल भारत पहल के हिस्से के रूप में, नालको ने इंडियन ऑयरन एंड स्टील स्किल काउंसिल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है, जिसके तहत एनएसक्यूएफ आधारित कौशल विकास कार्यक्रमों के संचालन द्वारा पूर्व अधिगम महत्व (आरपीएल) की एक प्रणाली स्थापित की जियेगी, जिसके बाद संगठन के अनुबंधित कर्मचारियों के लिए आईआईएसएसएससी द्वारा मूल्यांकन और प्रमाणन किया जायेगा।

आईआईएसएसएससी के सहयोग से नालको निर्धारित उद्योग मानकों के अनुसार अपने कार्यबल के योग्यता स्तर को बढाने में सहयोग करेगा। आईआईएसएसएससी और नालको के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) दोनों संस्थाओं को कुशल भारत मिशन में योगदान करने के साथ-साथ अपने क्षेतें में विकास को बनाये रखने में सक्षम बनायेगा। भुवनेश्वर स्थित नालको भवन में आयोजित समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर समारोह के दौरान श्री श्रीधर पात, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, नालको के निदेशकगण, डॉ सुशीम बनर्जी, सीईओ आईआईएसएसएससी, प्रीतम शंकर पुरकायस्थ, निदेशक बीपीएनएसआई और नालको, आईआईएसएसएससी और बीपीएनएसआई के अहधकारीगण व अन्य उपस्थित रहे।

श्रीधर पात, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ने कहा, 'कौशल प्रशिक्षण का लाभ संगठन के सुरक्षित और निरंतर संचालन को सुनिश्चि करने में एक दीर्घकालिक कदम होगा।' इंडियन ऑयरन एंड स्टील स्किल काउंसिल (आईआईएसएसएससी) का गठन भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय कौशल विकास नीति 2009 में अनिवार्यतः किया गया, ताकि व्यावसायिक शिक्षा प्रणाली को सशक्त करते हुए कौशल अंतर को पाटा जा सके, अनुसंधान के संचालन, वितरण तंत्र में सुधार, गुणवत्ता सुनिश्चित करना आदि के माध्यम से कौशल विकास की जरूरतों की पहचान करते हुए कौशल सूची को बनाने, आईटी सक्षम श्रम प्रबंधन सूचना प्रणाली (एलएमआईएस) के विकास के माध्यम से प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण की योजना और निष्पादन किया जा सके।

# एनटीपीसी बोंगाइगांव ने युवाओं को सशक्त बनाने के लिए शैक्षिक किट वितरित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पड़ोसी गांवों के युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, एनटीपीसी बोंगाईगांव की सीएसआर शाखा और कर्मचारी स्वयंसेवी सेवा (ईवोइस) ने अपनी दिशा कक्षाओं की पहल के तहत हाल ही में 60 छात्रों को शैक्षिक किट वितरित किये। किट, जिसमें किताबें, खेल के जूते, रेनकोट और स्टेशनरी आइटम शामिल थे, आसपास के गांवों के छात्रों को उनके शैक्षणिक और शारीरिक प्रशिक्षण प्रयासों में सहायता करने के लिए प्रदान किये गये थे। इसके अतिरिक्त, शिक्षण और सीखने के अनुभव को बढ़ाने के लिए दिशा क्लासेस सेंटर को एक व्हाइटबोर्ड प्रस्तुत किया गया।

इस शैक्षिक किट का वितरण अखिलेश सिंह परियोजना प्रमुख एनटीपीसी बोंगाईगांव की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर देवब्रत कर जीएम (ओएंडएम), आशुतोष विश्वास महाप्रबंधक (संचालन), जीएम थांगजोम कमांडेंट सीआईएसएफ, एमएस कंडारी सहायक कमांडेंट, सीआईएसएफ, आशीष कुमार डिप्टी कमांडेंट सीआईएसएफ, ओंकार नाथ एजीएम (एचआर), संगीता सिंह अध्यक्ष बर्दवी शिकला लेडीज क्लब (बीएसएलसी), सौम्या कर उपाध्यक्ष बीएसएलसी और झुमिता विश्वास वरिष्ठ सदस्य बीएसएलसी उपस्थित थे। उनके साथ ईवोइस के सदस्य, शिक्षक और एचआर - सीएसआर के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान अखिलेश सिंह ने ईवोइस सदस्य-शिक्षकों के समर्पण की प्रशंसा की और कक्षाओं में भाग लेने के लिए लंबी दूरी की यात्रा करने के लिए छात्रों के दृढ़ संकल्प की सराहना की। श्री सिंह ने उन्हें बड़े सपने देखने, अधिक ऊंचाइयों की आकांक्षा करने और अपने परिवार और देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

2019 में अपनी स्थापना के बाद से, ई-वॉयस टीम की दिशा कक्षाएं स्थानीय युवाओं के समग्र विकास, उन्हें विभिन्न रोजगार अवसरों के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए समर्पित रही हैं। पहल में शामिल सीआईएसएफ के साथ एनटीपीसी कर्मचारी युवाओं को सशस्त्र, रक्षा, राज्य और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से मार्गदर्शन और शिक्षा प्रदान करने के लिए कार्यालय समय से परे अपना समय समर्पित कर रहे हैं।

# डॉ रामेश्वर उरांव ने 56 सेट डोरंडा में किया बापू वाटिका पार्क का शिलान्यास किया

## पार्क में छोटे बच्चों के लिए झूले लगेंगे, विद्युतीकरण और सौंदर्यीकरण किया जायेगा

● रामेश्वर उरांव ने कहा- यह तीसरा पार्क है जो शहर को समर्पित कर रहे हैं



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने 56 सेट डोरंडा रांची में बापू वाटिका पार्क का शिलान्यास किया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे और लाल किशोरनाथ शाहदेव उपस्थित थे। झारखंड के वित्त मंत्री ने वर्तमान समय में रांची सहित झारखंड के सभी महानगरीय शहरों में पार्क की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान समय में जिस तरह से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है, अब पार्क मात्र मनोरंजन की जगह न होकर पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक आवश्यकता हो गयी है। पार्क वस्तुतः वर्तमान समय में पर्यावरण की प्राण वायु का कार्य कर रही है। रामेश्वर उरांव ने कहा यह तीसरा पार्क है जो शहर को समर्पित कर रहे हैं। पहले राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक उद्यान, दूसरा बुद्धा पार्क और यह तीसरा बापू वाटिका पार्क का निर्माण किया जा रहा है। उन्हें इस बात को लेकर आंतरिक खुशी है। कांग्रेस के वरीय नेता आलोक कुमार दुबे ने कहा कि पुनीत उद्देश्यों को देखते हुए पार्क का नाम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को समर्पित करते हुए बापू वाटिका रखा गया है। उन्होंने कहा कि बहुत दिनों से 56 सेट के बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे और यहां के नागरिक पार्क के लिए प्रयास कर रहे थे और सरकार तक अपनी मांग को पहुंचा रहे थे। आज उन लोगों के लिए बहुत ही खुशी का दिन है कि झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने न सिर्फ पार्क की स्वीकृति प्रदान की वरन स्वयं पार्क का शिलान्यास भी किया। इस मौके पर लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि प्रथम चरण में पार्क के लिए चिह्नित स्थल पर पार्क के लिए चहारदीवारी और गेट का निर्माण कराया जायेगा। तत्पश्चात पार्क में छोटे बच्चों के लिए झूले, विद्युतीकरण और सौंदर्यीकरण किया जायेगा। इस शिलान्यास कार्यक्रम में संजीत यादव, अभिषेक साहू, गोपी दुबे, मेहुल दुबे, अनिकेत कुमार, रुपा राव, सोनाली कुमारी, संजय तिर्की, विवेक कुमार, रोहित कुमार, सना उल्लाह खान, अजय कुमार, राकेश वर्मा, सुभाष छेत्री, आलोक कुमार, सर्वेश सिंह सहित अन्य ने सक्रिय भूमिका निभायी।

# 30 करोड़ रुपये से ज्यादा का सोना और चांदी लदा कंटेनर जब्त



● सिटी जीएसटी विभाग ने सोने की तस्करी करते हुए दो कंटेनर जब्त किये हैं, कंटेनर से 80 किलो सोना और चांदी जब्त की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सीटी जीएसटी विभाग ने बैंक में पैसा लोड कर रहे गाड़ी में सोना तस्करी करते हुए पकड़ा। भुवनेश्वर हवाई अड्डे से दो वाहनों के आने की सूचना मिली थी। एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, सीटी जीएसटी विभाग ने दो कंटेनर जब्त किया, जिसमें 80 किलोग्राम सोना और चांदी की तस्करी की जा रही थी। जब्त किये गये सोने और चांदी की अनुमानित कीमत 30 करोड़ रुपये है। हालांकि, यह अभी भी जांच के दायरे में है कि यह सोना कहां से आ रहा था? इसका मालिक कौन है?।










# खुर्दा रोड-बलांगीर रेलवे लाइन परियोजना उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद बढ़ रही आगे




● सुरंगों के निर्माण में भारतीय रेलवे उल्लेखनीय गति से कर रहा है प्रगति

### सुरंग निर्माण की प्रमुख चुनौतियां

- कुल परियोजना के 75 किमी के भीतर 07 सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है।
- दसपल्ला और पुराने कटक के बीच सभी सुरंगें शामिल हैं।
- बौध जिले की 04 सुरंगों में से 03 सुरंगें अधेनीगढ़ और चारीचक के बीच हैं।
- आढेणीगड के पास सबसे लंबी सुरंग की लंबाई 4.885 किमी है, जिसमें 700 मीटर लंबी एस्केप सुरंग (4.185 किमी + 700 मीटर) है।
- दशपल्ला और बाणीगोछी के बीच नयागड जिले में 03 सुरंगें शामिल हैं।
- 04 सुरंगों में टनल ब्रेक थ्रू का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है।
- 21 अगस्त 2024 को सुरंग संख्या 1 का कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो गया है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे को खुर्दा रोड-बलांगीर रेल लाइन परियोजना के निर्माण में महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, खासकर सुरंगों के निर्माण में भारतीय रेलवे एक प्रमुख बुनियादी ढांचे की पहल के साथ उल्लेखनीय गति से प्रगति कर रहा है। भारतीय रेलवे की एक महत्वपूर्ण जन-केंद्रित पहल के रूप में, यह परियोजना सभी बाधाओं के बावजूद आगे बढ़ रही है और दूरदराज के इलाकों में सुरंग बनाने से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद महत्वपूर्ण मील के पत्थर हासिल कर रही है। कुल 301 किमी की लंबाई वाली यह परियोजना सुदूर उपनगरीय क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है और रेल मंत्रालय काम को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए इस निर्माण कार्य की लगातार समीक्षा कर रहा है।

### सुरंग निर्माण परियोजना निर्माण चुनौती का मुख्य विषय

निर्माण कार्य के बीच में दसपल्ला और पुरूणा कटक के बीच ऊबड़-खाबड़ और जंगली इलाकों से गुजरने वाली खोरधा रोड-बालंगीर रेलवे लाइन परियोजना के साथ, इस 75 किलोमीटर की दूरी के भीतर सात सुरंगों (कुल 12.76KM) का निर्माण पूरे प्रयास के सबसे जटिल और तकनीकी रूप से मांग वाले पहलू के रूप में उभरा है। ये सुरंगें न केवल पहाड़ों को पार करने के बारे में हैं, बल्कि प्रकृति और भूगोल द्वारा बनायी गयी असाधारण बाधाओं पर काबू पाने का भी प्रतिनिधित्व करती हैं। 20 अगस्त 2024 को 1.795 किमी लंबी सुरंग (नंबर 7) को तोड़ने में सफलता हासिल की गयी और अगले ही दिन 21 अगस्त 2024 को सुरंग नंबर 1 को तोड़ने में सफलता हासिल की गयी। इन सुरंगों का सफल निर्माण अभूतपूर्व इंजीनियरिंग चुनौतियों को दूर करने और दूरदराज के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को वितरित करने की भारतीय रेलवे की क्षमता का भी प्रतीक है।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**